चैत्र कृष्ण पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 30 मार्च 2024
वर्ष 4, अंक 41, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

www.amritvichar.com

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार



29 जून से शुरू होगी अमरनाथ यात्रा 14

सलमान के कहने पर साइन की फिल्म न्यूयार्क 13

# मुख्तार की मौत की होगी न्यायिक जांच

## उमर ने लगाया जेल प्रशासन पर हत्या का आरोप, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को सौंपी जांच, 1 माह में दें रिपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/बांदा

**अमृत विचार:** मुख्तार अंसारी की मौत के बाद उसके बेटे उमर द्वारा जेल प्रशासन पर लगाए जा रहे हत्या के आरोप पर वरिष्ठ जेल अधीक्षक ने न्यायिक व मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए है। गुरुवार रात मुख्तार का शव लेने रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज पहुंचे उमर ने पिता की मौत को संदिग्ध करार दिया था। उसने कहा कि पिता ने मौत से कुछ दिन पूर्व ही जेल प्रशासन पर स्लो प्वाइजन देने का आरोप लगाया था। वहीं मुख्तार की मौत के बाद शासन स्तर के अफसर जिले के अधिकारियों से पल-पल की जानकारी लेते रहे।

मुख्तार की मौत पर आरोप-प्रत्यारोप के बाद वरिष्ठ जेल अधीक्षक वीरेज राज शर्मा ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भगवानदास गुप्ता को पत्र लिख जांच की मांग की। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एमपी-एमएलए) गरिमा सिंह को जांच सौंपी, एक माह में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। सीजेएम गुप्ता ने वरिष्ठ जेल अधीक्षक को संबंधित प्रलेख जांच अधिकारी को देने के निर्देश दिए हैं। जिला मजिस्ट्रेट दुर्गाशक्ति नागपाल ने वरिष्ठ जेल अधीक्षक के पत्र का हवाला देते हुए मजिस्ट्रेटीरियल जांच के आदेश जारी करते हुए अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि/रा) राजेश कुमार से 15 दिन में जांच कर आख्या देने के निर्देश दिए।

गुरुवार देर शाम मुख्तार की जेल बैरक में हालत बिगड़ गई थी। उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। रात दो बजे मुख्तार का छोटा बेटा उमर मेडिकल कॉलेज पहुंचा। पिता की मौत पर उमर ने सवाल उठाते हुए कहा कि पिता ने पहले ही जेल प्रशासन और प्रदेश सरकार पर अपनी हत्या का अंदेशा जताया था, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं की गई। आरोप लगाया कि सोमवार को भी तबियत बिगड़ी थी, जिस पर उन्हें मेडिकल कॉलेज में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था।

### पांच डॉक्टरों के पैनल ने किया पोस्टमार्टम, शव गाजीपुर रवाना



**बांदा।** प्रशासन ने शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराकर सुरक्षा के बीच मुख्तार के शव को उनके पैतृक गांव गाजीपुर के युसुफपुर के लिए रवाना कर दिया। शव के साथ प्रशासन का काफिला रहा। सूत्रों की मानें तो मुख्तार का शव देर रात गाजीपुर पहुंचेगा, जहां शनिवार सुबह अंतिम संस्कार किया जाएगा। इससे पूर्व लगभग छह घंटे तक चले पोस्टमार्टम के बाद जब अंसारी के बेटे को रिपोर्ट सौंपी गई तो उसने रिपोर्ट पर सवाल उठाने शुरू कर दिए। कहा कि उसे स्थानीय और जेल प्रशासन पर भरोसा नहीं है। ऐसे में पोस्टमार्टम एम्स में कराया जाना चाहिए। बाद में प्रशासन ने शव को रवाना कर दिया। साथ में मुख्तार का बेटा उमर और उनकी पत्नी सहित कुछ अन्य परिजन शामिल रहे।

### मुख्यमंत्री के निर्देश

मुख्यमंत्री योगी ने गुरुवार देर रात आवास पर उच्चस्तरीय बैठक बुलाई। इसमें डीजीपी प्रशांत कुमार और वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे। यहां हालात की ब्रीफिंग के साथ मुख्तार की मौत के बाद सुरक्षा पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राज्य के सभी जिलों के संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए।

### सुरक्षा के बीच संपन्न हुई जुमे की नमाज

गुरुवार रात मुख्तार की मौत के बाद अगले दिन रमजान में जुमे की नमाज के मद्देनजर प्रदेशभर की मस्जिदों में अतिरिक्त पुलिस तैनात रही। इस दौरान जुमे की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न हुई। साथ ही शहर के प्रमुख चौराहों पर भी पुलिस रही। बांदा, मऊ, गाजीपुर में फ्लैग मार्च करते पुलिस व पैरा मिलिट्री फोर्सेज के जवान नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते दिखे।

### उमर और मुख्तार में हुई अंतिम बात

जेल में मुख्तार के हालात कितने खराब थे इसका पता तब चला जब मुख्तार और उमर में हुई बातचीत का आडियो वायरल हुआ। बेटे से फोन पर उसने कहा कि बेटा, रूह यहीं रह जाती है। आडियो 28 मार्च का बताया जा रहा है। इसकी पुष्टि 'अमृत विचार' नहीं करता। मौत से साढ़े पांच घंटे पहले हुई बातचीत में मुख्तार ने उमर को जेल में मिलने से मना किया था। मुख्तार ने कहा था कि अब शरीर जवाब दे चुका है। उठना-बैठना मुश्किल है। 10 दिनों से वाशरूम नहीं गया। उमर अब मैं बचूंगा नहीं। उमर ने कहा कि पापा ये जहर का असर दिख रहा है। पापा आपकी आवाज सुनकर अच्छा लगता है। पापा आप जल्दी सेहतमंद होंगे। आप परेशान न हों।



आज का दिन हमारे लिए बेहद खास है। बाबा विश्वनाथ पर पूरा भरोसा था आज बाबा की वजह से न्याय मिला है। कोर्ट से हम लोग हार गए थे। मोदी- योगी की देन है जो मुझे और मेरे परिवार को न्याय मिला है। **- अलका राय** (पत्नी स्व. कृष्णनंद राय)



मुख्तार की जेल में हुई मौत को लेकर उनके परिवार द्वारा जो लगातार आशंकायें व गंभीर आरोप लगाए गए हैं, उनकी उच्च-स्तरीय जांच जरूरी है, ताकि उनकी मौत के सही तथ्य सामने आ सकें। उनके परिवार का दु:खी होना स्वाभाविक। कुदरत उन्हें इस दु:ख को सहन करने की शक्ति दे। **- मायावती** (बसपा प्रमुख)



किसी बंधक या क़ैदी की इस तरह मृत्यु हो जाना, न्यायिक प्रक्रिया से लोगों का विश्वास उठा देगा। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश की निगरानी में जांच होनी चाहिए। सरकार न्यायिक प्रक्रिया को दरकिनार कर जिस तरह दूसरे रास्ते अपनाती है वो पूरी तरह ग़ैर क़ानूनी हैं। **- अखिलेश यादव** (सपा प्रमुख)



मुख्तार को जहर देने का आरोप पूरी तरह से निराधार है। कोई इसकी जांच कराना चाहे तो करा ले। उन्हें दिल का दौरा पड़ा और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उन्हें बचाने की पूरी कोशिश की और उन्हें पूरी चिकित्सा सहायता दी गई लेकिन वह बच नहीं सके। **- राजनाथ सिंह** (रक्षा मंत्री)

# राजूपाल हत्याकांड में 7 को आजीवन कारावास

- आरोपियों में अतीक अहमद व अशरफ भी थे शामिल

लखनऊ, विधि संवाददाता

**अमृत विचार:** प्रयागराज (तत्कालीन इलाहाबाद) के बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड में सीबीआई की विशेष अदालत ने सभी आरोपियों को दोषी करार दिया है। विशेष जज कविता मिश्रा ने आरोपी आबिद, जावेद, रंजीत पाल, अब्दुल कवि, गुलहसन व फरहान को उम्र कैद की सजा सुनाई है।

कोर्ट ने फरहान पर 2.15 लाख जबकि अन्य पर अलग-अलग 1.90 लाख का जुर्माना लगाया है। एक आरोपी इसरार अहमद फरार है और उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी है जबकि दो आरोपी अतीक अहमद व अशरफ की पुलिस हिरासत में हत्या हो चुकी है। 25 जनवरी, 2005 को इलाहाबाद पश्चिमी से बसपा विधायक राजू पाल की हत्या कर दी गई थी। इस गोलीबारी में देवी पाल व संदीप यादव की भी मौत हुई थी जबकि दो घायल हुए थे। इस कांड से ठीक 16 दिन पहले विधायक राजू पाल की पूजा पाल से शादी हुई थी। पूजा ने अतीक व अशरफ तथा अन्य को नामजद करते हुए थाना धुमनगंज में एफआईआर दर्ज कराई थी।

पूजा के अधिवक्ता प्रांशु अग्रवाल ने बताया कि 22 जनवरी, 2016 को सुप्रीम कोर्ट ने मामले की जांच सीबीआई को सौंपी थी जबकि पहले इस विवेचना पुलिस व बाद में सीबीसीआईडी कर रही थी। सीबीआई ने अभियुक्तों के खिलाफ हत्या, हत्या का प्रयास, हत्या की साजिश तथा आर्म्स एक्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था।

### चुनावी रंजिश में हत्या

सीबीआई ने अपनी जांच में पाया कि इस हत्याकांड को चुनावी रंजिश में अंजाम दिया गया था। अतीक अहमद इलाहाबाद पश्चिमी विधान सभा से समाजवादी पार्टी का विधायक हुआ करता था। वर्ष 2004 में वह बतौर सपा प्रत्याशी फूलपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद निर्वाचित हो गया। उसके सांसद होने से इलाहाबाद पश्चिमी विधान सभा की सीट रिक्त हो गई। इस विधान सभा की सीट पर हुए उप चुनाव में बसपा से राजू पाल ने अतीक अहमद के भाई अशरफ को हराकर जीत हासिल की। इसी रंजिश में राजू पाल व दो अन्य की भीषण गोलीबारी में हत्या कर दी गई।




### एक नजर

#### रामलला के जन्मोत्सव का होगा लाइव प्रसारण

**अयोध्या कार्यालय।** रामनवमी पर रामलला के जन्मोत्सव का प्रसारण दूरदर्शन पर दिखाया जाएगा। इसके लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट मंथन कर रहा है। मंदिर का फैसला आने के बाद से राम जन्मभूमि परिसर में मनाए जाने वाला रामनवमी उत्सव का दो वर्षों तक लाइव प्रसारण किए जाने की व्यवस्था बनाई गई है। इस वर्ष मंदिर में जन्मोत्सव का आयोजन होगा। ट्रस्ट के अनुसार 17 अप्रैल को रामनवमी के दिन 12 बजे रामलला के प्राकट्य पर विशेष आरती भी होगी।

#### कोषागार 30 व 31 को खुलेंगे, जमा होंगे बिल

**लखनऊ।** विभिन्न विभागों द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के संबन्धित बिल 30 और 31 मार्च को भी ट्रेजरी में जमा हो सकेंगे। 30 मार्च शनिवार को सामान्य दिनों की भांति कार्य होगा, वहीं 31 मार्च रविवार को शाम पांच बजे तक बिल स्वीकार होंगे। अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने इसके निर्देश जारी किए हैं। वित्त विभाग के अनुभाग-एक द्वारा जारी निर्देश शासन स्तर पर सभी एसीएस, प्रमुख सचिव, सचिव के साथ मंडलायुक्त और जिलाधिकारियों को भेजे गए हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए विभागों को 25 मार्च तक बिल जमा करने के निर्देश थे, मगर 25 को होली, 26 को कई जिलों में अवकाश से बिल नहीं जमा हुए, 29 को गुड फ्राइडे होने से बिल जमा करने की अवधि बढ़ाई गई है।

# देहरादून में तीन नशा तस्कर गिरफ्तार

- 384 नशीले कैप्सूल, 390 टेबलेट व 95 हजार रुपये बरामद
- शिक्षण संस्थानों में छात्रों को बेचने के लिए लाए थे

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** देहरादून पुलिस ने तीन नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से भारी मात्रा में नशीली दवा बरामद की हैं। उनके पास से 384 नशीले कैप्सूल 390 टेबलेट मिले हैं। पुलिस ने तस्करों की कार भी सीज कर दी है।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले भर में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना क्लेमेंटाउन पुलिस टीम आशारोड़ी बैरियर पर चेकिंग कर रही थी। तभी वहां आई स्विफ्ट डिजायर कार को चेकिंग के लिए रोका गया। कार में तीन लोग थे। तलाशी में कार से 384 एसपीएस-परविओन प्लस कैप्सूल और 390 एलप्राजोलम नशीली टेबलेट बरामद की गई। उनके पास से 95000/- रुपये भी मिले। इसके बाद तीनों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया गया। तीनों आरोपी देहरादून के निवासी हैं। इनमें टी स्टेट अर्काडिया ग्रांट बनियावाला के अकरम अली पुत्र अख्तर वाहिद (32) व शौकीन पुत्र मोहम्मद फकीर (32) और मरकाम ग्रांट तेलीवाला के आमिर खान पुत्र अब्दुल कयूम (28) शामिल हैं। तीनों के विरुद्ध थाना क्लेमेंटाउन में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कराया गया। आरोपियों की कार को भी पुलिस ने सीज कर दिया है। पुलिस के मुताबिक अभियुक्त उक्त नशीले कैप्सूल/ टेबलेट्स छुटमलपुर (सहारनपुर) से लेकर आए थे। आरोपी नशीली दवा को देहरादून के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्रों को बेचने की फिराक में थे। अभियुक्तों के पास जो नकदी बरामद हुई है वह भी उन्होंने नशीले कैप्सूल/ टेबलेट बेचकर प्राप्त की थी।



# पूर्व आईएएस समेत पांच के खिलाफ मुकदमा

संवाददाता, रुद्रपुर/नानकमत्ता

**अमृत विचार:** नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड में दोनों शूटर्स की पहचान हो गई है। डेरा के कार सेवक ने श्री गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के प्रधान पूर्व आईएएस हरबंश सिंह चुघ, बाबा अनूप सिंह और तराई महासभा के उपाध्यक्ष प्रीतम सिंह को नामजद कराते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। उधर, कड़ी सुरक्षा के बीच बाबा का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

डेरा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की गुरुवार सुबह बाइक सवार दो शूटर्स ने हत्या कर दी थी। बाइक सवार दोनों शूटर बाबा के पास पहुंचे और उनको दो गोली मार दी। आवाज सुनकर कार सेवक बाहर आया तो शूटर ने उस पर भी फायर कर दिया। संयोग से वह बच गए और गोली हॉल की दीवार में जाकर धंस गई।

बाबा की हत्या करने वाले दोनों शूटर्स की पहचान कर ली गई है। रिपोर्ट में भी दोनों शूटर्स का नाम दर्ज कराया गया है। कारसेवक जसवीर के दर्ज कराए मुकदमे के मुताबिक बाबा की हत्या को ग्राम मियामिंड जिला तरनतारन, पंजाब के सर्वजीत सिंह और अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू उर्फ गंडा के ग्राम सिहोरा बिलासपुर (रामपुर) ने अंजाम दिया। इसके अलावा गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के प्रधान पूर्व आईएएस हरबंश सिंह चुघ, तराई महासभा के उपाध्यक्ष प्रीतम सिंह संधू निवासी खेमपुर गदरपुर और ग्राम नवाबगंज बिलासपुर (रामपुर) के बाबा अनूप सिंह को नामजद किया गया है। ये लोग बाबा तरसेम सिंह से रंजिश रखते थे। बाबा आरोपियों से गुरुद्वारे की संपत्ति को खुर्दबुर्द करने से बचाते थे। इसी वजह से बाबा इनकी आंखों की किरकिरी बने हुए थे।



### डेरा कार सेवा प्रमुख हत्याकांड

- श्री गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के प्रधान पूर्व आईएएस हरबंस चुघ, बाबा अनूप सिंह, तराई महासभा के उपाध्यक्ष प्रीतम सिंह नामजद

### आधार कार्ड से हुई हत्यारों की पहचान

**रुद्रपुर।** हत्यारों की पहचान गुरुद्वारे में पनाह के लिए दिए आधार कार्ड से हुई। 19 मार्च से गुरुद्वारा स्थित भाई मरदाना यात्री निवास नानकमत्ता के कमरा नंबर 23 में बाइक सवार हत्यारे रुके थे। एक ने यात्री निवास रजिस्टर में आधार संख्या दर्ज कराया था, जिसमें उसका नाम सर्वजीत सिंह निवासी मिया विंड तरनतारन, पंजाब व मोबाइल नंबर है। दूसरा अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू उर्फ गंडा सिहोरा बिलासपुर था। 26 मार्च को दोनों को डेरे में देखा गया था और 28 मार्च को हत्याकांड की वीडियो में दिखे।

# कांग्रेस को 1,823 करोड़ का नया नोटिस

- लोकसभा चुनाव से पहले 'कर आतंकवाद' के जरिए विपक्ष पर किया जा रहा हमला : महासचिव जयराम रमेश

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि लोकसभा चुनाव से ठीक पहले आयकर विभाग ने टैक्स रिटर्न में कथित विसंगतियों के लिए 1823.08 करोड़ रुपये के भुगतान का नया नोटिस जारी किया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि लोकसभा चुनाव से पहले ''कर आतंकवाद'' (टैक्स टेररिज्म) के जरिये विपक्ष पर हमला किया जा रहा है।

पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने आरोप लगाया जिन मापदंडों के आधार पर कांग्रेस को जुर्माने के नोटिस दिए गए हैं उन्हीं के आधार पर भाजपा से 4600 करोड़ रुपये से आधिक के भुगतान की मांग करनी चाहिए। माकन ने कहा कि कल हमें आयकर विभाग से 1823.08 करोड़ रुपये का भुगतान करने के लिए नया नोटिस मिला। पहले ही आयकर विभाग ने हमारे बैंक खाते से जबरन 135 करोड़ रुपये निकाल लिए हैं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु किया जा रहा है। माकन ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले समान अवसर की स्थिति को खत्म करने के लिए यह सब किया जा रहा है। आयकर अधिकारियों द्वारा 210 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने और उसके बैंक खातों को 'फ्रीज' करने के कारण कांग्रेस पहले से ही धन की कमी का सामना कर रही है।



### भाजपा पर आंखें बंद कीं : कांग्रेस

कांग्रेस ने कहा कि आयकर विभाग ने भाजपा को लेकर आंखें बंद कर ली हैं जबकि उस पर 4600 करोड़ का जुर्माना बनता है। माकन ने कहा, उनके मुताबिक 1823 करोड़ में से 53.9 करोड़ की मांग वित्त वर्ष 1993-94 के कर आकलन के आधार पर है जब सीताराम केसरी अध्यक्ष थे। माकन के दिए आंकड़ों के अनुसार विभाग ने 2016-17 के लिए 181.99 करोड़, 2017-18 के लिए 178.73 करोड़, 2018-19 के लिए 918.45 करोड़ तथा 2019-20 के लिए 490.01 करोड़ रुपये के नोटिस दिए हैं।

# सीएम की पत्नी का आशीर्वाद अभियान

- ईडी ने धनशोधन मामले में 21 मार्च को सीएम को किया था गिरफ्तार
- गुरुवार को कोर्ट ने उनकी हिरासत एक अप्रैल तक बढ़ा दी

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने शुक्रवार को केजरीवाल को आशीर्वाद अभियान की शुरुआत करते हुए लोगों से अपने पति का समर्थन करने की अपील की जो दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में ईडी की हिरासत में हैं।

सुनीता ने डिजिटल प्रेस वार्ता में कहा कि उनके पति ने देश में सबसे भ्रष्ट और तानाशाही ताकतों को चुनौती दी है। उन्होंने लोगों से आशीर्वाद और प्रार्थनाओं से दिल्ली के मुख्यमंत्री का समर्थन करने का आग्रह किया। उन्होंने दो वॉट्सऐप नंबर जारी करते हुए कहा कि लोग आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक के लिए संदेश भेज सकते हैं और वह अपने पति तक उन्हें पहुंचा देंगी। सुनीता ने कहा, कल, अरविंद ने अदालत में अपना पक्ष रखा और देश ने सुना।





### ईडी चुनावी रणनीति की जानकारी चाहती है : आतिशी

आप नेता आतिशी ने आरोप लगाया कि ईडी भाजपा के राजनीतिक हथियार के तौर पर काम कर रहा है और वह मुख्यमंत्री केजरीवाल का फोन हासिल कर आप की लोकसभा चुनाव की रणनीति की जानकारियां पाना चाहता है। उन्होंने दावा किया कि यह मोबाइल फोन कुछ महीने पुराना है तथा यह तब नहीं था जब नीति बनाई व लागू की गई थी। केजरीवाल सरकार में मंत्री आतिशी ने कहा कि दरअसल, यह भाजपा है न कि ईडी जो यह जानना चाहती है कि केजरीवाल के फोन में क्या है। (विस्तृत : राष्ट्रीय पेज)

# पुलिसकर्मी की हत्या के मामले में देवेंद्र फौजी को फांसी की सजा

- कटरी में कलुआ यादव का दाहिना हाथ रहा है फौजी

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार:** गंगा की कटरी में आतंक का पर्याय रहे कलुआ यादव का दाहिना हाथ कहे जाने वाले देवेंद्र फौजी को कोर्ट ने शुक्रवार को फांसी की सजा सुनाई है। कोर्ट ने 7 लाख 5 हजार का अर्थ दंड वसूलने का आदेश दिया है।

थाना कम्पिल क्षेत्र के ग्राम कारव की कटरी में 11 सितंबर 2005 को कलुआ गैंग की पुलिस से मुठभेड़ हुई थी, जिसमें एक पुलिसकर्मी व एक ग्रामीण की मौत हो गई थी। 3 पुलिसकर्मी व ग्रामीण घायल हुए थे। मामले में कोर्ट एंटी डकैती न्यायाधीश कृष्ण कुमार ने आरोपी देवेन्द्र उर्फ फौजी को फांसी की सजा सुनाई है। साथ ही 7 लाख, 5 हजार रुपये अर्थदंड भी वसूलने के आदेश दिए हैं। देवेंद्र उर्फ फौजी इस समय बरेली जेल में है। उस पर पुलिस मुठभेड़ के कई मुकदमे हैं। उसके द्वारा की गई हत्या की घटनाओं पर गौर करें तो उस पर कम्पिल थाना क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में कपिल थाना अध्यक्ष राजेश सिंह की हत्या कर दी थी तथा दो अन्य दरोगा भी मारे गए थे। शाहजहांपुर क्षेत्र में देवेंद्र फौजी ने उसैत थाना अध्यक्ष राजेश पाठक की मुठभेड़ के दौरान हत्या कर दी थी। कई पुलिसकर्मियों की हत्या के मुकदमे विभिन्न थानों में देवेंद्र और कलुआ के ऊपर दर्ज हैं। देवेंद्र के ऊपर बरेली में भी कई हत्या के मुकदमे हैं। कलुआ गैंग का देवेंद्र फौजी सर्वेसर्वा था, जिस समय कम्पिल थाना क्षेत्र में मुठभेड़ हुई थी, उस समय कलुआ का भाई चौधरियां मारा गया था। देवेंद्र भी उस मुठभेड़ में शामिल था। अभी फिलहाल देवेंद्र को कम्पिल थाने के कारब की कटरी में हुई मुठभेड़ में सजा मिली है। अभी कई मामलों में सुनवाई चल रही है।



# लोकसभा के 44 प्रतिशत निवर्तमान सदस्यों पर आपराधिक मामले

नई दिल्ली, एजेंसी

चुनाव सुधारों के लिए काम करने वाली संस्था 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) की रिपोर्ट के अनुसार निवर्तमान 514 लोकसभा सदस्यों में 225 (44 प्रतिशत) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले होने की घोषणा चुनावी हलफनामों में की है। एडीआर के अनुसार, उसने इन निवर्तमान सांसदों के हलफनामों के विश्लेषण में पाया कि इनमें से पांच प्रतिशत अरबपति हैं, जिनकी संपत्ति 100 करोड़ रुपये से अधिक है।

आपराधिक मामलों वाले निवर्तमान सांसदों में 29 प्रतिशत के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं जिनमें हत्या, हत्या की कोशिश, साम्प्रदायिक तनाव को बढ़ावा देना, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध के आरोप हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि निवर्तमान सांसदों में नौ के खिलाफ हत्या के मामले हैं। इसके अनुसार, इन सांसदों में पांच भारतीय जनता पार्टी से हैं। वहीं 28 निवर्तमान सांसदों ने चुनावी हलफनामों में अपने खिलाफ हत्या के प्रयास से जुड़े मामले दर्ज होने की घोषणा की है। इनमें से 21 सांसद भाजपा से हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 16 निवर्तमान सांसद महिलाओं के खिलाफ अपराध से जुड़े आरोपों का सामना कर रहे हैं, जिनमें तीन के खिलाफ बलात्कार के आरोप हैं। एडीआर की रिपोर्ट में इन सांसदों की वित्तीय स्थिति का भी विश्लेषण किया गया है। बड़े राजनीतिक दलों में, भाजपा और कांग्रेस के सर्वाधिक संख्या में अरबपति सांसद हैं, हालांकि अन्य दलों के भी इस तरह के सांसदों की अच्छी-खासी संख्या है।रिपोर्ट के अनुसार, राज्यवार आपराधिक मामलों में, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश के 50 प्रतिशत से अधिक सांसद आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे हैं। साथ ही, एडीआर के विश्लेषण में पाया गया है कि कुछ सांसदों के पास अरबों रुपये की संपत्ति है, जबकि अन्य के पास बहुत कम संपत्ति है।

### रिपोर्ट से खुलासा

- 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) के अनुसार 514 लोकसभा सदस्यों में 225 ने अपने चुनावी हलफनामों में की है आपराधिक मामले होने की घोषणा
- 29 प्रतिशत पर गंभीर आरोप, जिनमें हत्या, हत्या की कोशिश, साम्प्रदायिक तनाव को बढ़ावा देना, अपहरण व महिलाओं के प्रति अपराध शामिल
- राजनीतिक दलों में भाजपा और कांग्रेस के सर्वाधिक संख्या में अरबपति सांसद हैं, हालांकि अन्य दलों के भी सांसदों की अच्छी-खासी संख्या
- राज्यवार मामलों में उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश के 50 प्रतिशत से अधिक सांसदों पर आरोप

### सर्वाधिक संपत्ति वाले शीर्ष तीन सांसद

एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार, सर्वाधिक संपत्ति की घोषणा करने वाले शीर्ष तीन सांसदों में नकुल नाथ (कांग्रेस), डी के सुरेश (कांग्रेस), और के. रघु राम कृष्ण राजू (निर्दल) हैं जिनके पास अरबों रुपये की संपत्ति है। रिपोर्ट में सांसदों की शैक्षणिक पृष्ठभूमि और उम्र आदि को भी रेखांकित किया गया है। 73 प्रतिशत सांसद स्नातक या उच्चतर शैक्षणिक योग्यता वाले हैं, जबकि सिर्फ 15 प्रतिशत निवर्तमान सांसद महिलाएं हैं।

### नियोजित विकास के कारण अपना अस्तित्व खो चुकी है झील, अब झेल रही आबादी का भार

# भीमताल में एक और झील होने के प्रमाण

राकेश सनवाल, भीमताल

**अमृत विचार :** नगर में भीमेश्वर झील के अलावा एक और झील पाई जाती थी। नियोजित विकास की भेंट चढ़ी यह झील अब आबादी का भार झेल रही है। इसकी पुष्टि नगर के एक व्यक्ति के पास मिली फोटो के अलावा 1978 में प्रकाशित पुस्तक आइलैंड ऑफ इंडिया में किए गए जिक्र से होती है।

कुआंताल क्षेत्र के बायोटेक भवन के आसपास एक झील हुआ करती थी। जिसे पाट कर अब उसमें आबादी बस चुकी है। झीलों की तस्वीर जॉन स्टेट वर्तमान में जून स्टेट के स्वामी विलियम जॉन ने


123 वर्ष पूर्व जून स्टेट के मालिक द्वारा खींचा गया कुंआताल झील का चित्र। ● अमृत विचार

खींची थी। भीमताल और आसपास के क्षेत्र की मौसमी झील का वर्णन सन 1978 में प्रकाशित पुस्तक हाइलैंड ऑफ इंडिया में है। जिसमें लिखा है कि भीमताल में नल दमयंती ताल डोब और भीमेश्वर ताल के अलावा एक और झील पाई जाती थी। माना जा रहा है कि किताब में इस चौथी झील का जिक्र है। डोब झील जो कि पहले एक मौसमी झील थी आज नियोजित निर्माण के कारण अपना अस्तित्व खो चुकी है। इसके अलावा नल दमयंतीताल की 1920 में मोनी बाबा ने सफाई की थी।

कुआंताल झील अब पूर्ण रूप से समाप्त हो चुकी है। यह क्षेत्र कुछ वर्ष पूर्व तक एक झील था, लेकिन जैसे-जैसे पानी कम होता गया वैसे-वैसे यहां मैदान बनता गया और लोग बसते चले गए। नतीजा यह है कि अब इस झील का अस्तित्व ही मिट गया है। पर्यावरण विद् पीटर स्मैटाचक चेक बताते हैं कि झील होने का सीधा प्रमाण यह है कि इस क्षेत्र में काफी कम गहराई में अब भी पानी मौजूद है।

## पेयजल संकट से ग्रामीण परेशान

**भीमताल :** विकासखंड रामगढ़ के गहना गांव में पेयजल संकट बना है। जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। सामाजिक कार्यकर्ता कुंदन महरा ने बताया कि गांव में कई दिनों से पेयजल की समस्या बनी है। दैनिक कार्यों के लिये दो किलोमीटर से पानी ढोकर लाना पड़ रहा है। वहीं ग्राम अघरिया में भी कई वर्षों से पेयजल किल्लत बनी हुई है। कहा कि जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण को कनेक्शन दे तो दे दिये, लेकिन कनेक्शनों में पानी नहीं आ रहा है। ग्रामीण माधवी महरा, कुंदन सिंह महरा, गंगा सिंह, ललित महरा, पूनम, मुकेश सिंह, हरेन्द्र सिंह ने शीघ्र पेयजल आपूर्ति सुचारू न होने पर जल पंप में तालाबंदी की चेतावनी दी है।

# आज से चिड़ियाघर में दिखेगा पाक का राष्ट्रीय पशु मारखोर

▸▸ **दार्जिलिंग के चिड़ियाघर से लाई गई है मादा प्रजाति**

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** नैनीताल आने वाले पर्यटक अब पाकिस्तान के राष्ट्रीय पशु मारखोर को चिड़ियाघर में देख सकेंगे। शनिवार से चिड़ियाघर में पर्यटकों को मारखोर की झलक देखने को मिलेगी।

बीती 11 मार्च को दार्जिलिंग चिड़ियाघर से मादा मारखोर को नैनीताल चिड़ियाघर लाया गया था। जिसके बाद उसे स्वास्थ्य परीक्षण के लिए चिड़ियाघर अस्पताल में क्वारंटाइन किया गया था।



चिड़ियाघर प्रबंधन ने मारखोर के खान-पान से लेकर उनकी दिनचर्या का विशेष ध्यान रखा। जिसे अब चिड़ियाघर आने वाले पर्यटकों के दीदार के लिए रख दिया जाएगा।

जानकारी देते हुए चिड़ियाघर के रेंजर प्रमोद तिवारी ने बताया कि एनिमल एक्सचेंज कार्यक्रम के तहत एक मादा मारखोर, एक जोड़ा गोल्डन फीजेंट, एक जोड़ा सिल्वर फीजेंट को नैनीताल चिड़ियाघर लाया गया है।

मारखोर मुख्यतः उच्च हिमालय क्षेत्र लेह लद्दाख, भारत-पाकिस्तान से लगे सीमावर्ती क्षेत्र में पाया जाता है। इसके अलावा मारखोर पाकिस्तान का राष्ट्रीय पशु है। मारखोर भारत के मात्र दो चिड़ियाघर नैनीताल और दार्जिलिंग में पाया जाता है। इनकी संख्या बढ़ाने को लेकर लंबे समय से नैनीताल और दार्जिलिंग चिड़ियाघर के बीच पत्राचार चल रहा था। दार्जिलिंग से लाई गई मारखोर के बाद अब नैनीताल चिड़ियाघर में इनकी संख्या दो हो गई है।

## सार-संक्षेप

### पांच लाख से अधिक वोटों से विजय होंगे अजय भट्ट


मनोज भट्ट।

**भीमताल :** नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट पांच लाख वोटों से विजय होंगे। यह बात भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भट्ट ने पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि अजय भट्ट के अथक प्रयासों से आज जमरानी बांध निर्माण की बाधाएं दूर हो पाई हैं। एम्स निर्माण व रोपवे निर्माण की अनुमति दिलाने में भी अजय भट्ट का विशेष योगदान रहा है। उन्होंने बताया कि काश्तकारों की समस्या हो या विकास की बात सभी में सकारात्मक रुख उन्हें रिकार्ड मतों से विजय दिलायेगा।

### प्रतिभा निखारने में खेल का अहम योगदान : बिष्ट


खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश बिष्ट। ● अमृत विचार

**भीमताल :** सातताल में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन करते हुए ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने खेल से स्वस्थ वातावरण में खेल प्रतिभा निखर कर आती है। क्रिकेट में खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी छात्रों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है। खेलने से जहां व्यक्ति तनाव मुक्त होता है वहीं शारीरिक व मानसिक विकास भी होता है। ऑल इंडिया जेके टायर एडवेंचर क्रिकेट टूर्नामेंट में दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, गुजरात व अन्य प्रदेशों की टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। इस दौरान क्षेत्र पंचायत सदस्य कमल गोस्वामी, कपिल प्रवीन आदि मौजूद रहे।

### 225 लोगों ने जमा कराए शस्त्र

**नैनीताल :** आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के बाद से पुलिस इसका कड़ाई से अनुपालन कराने में जुटी है। जिसके तहत नैनीताल में मल्लीताल कोतवाली व तल्लीताल थाना क्षेत्र के पुलिस की ओर से शस्त्र जमा करने के लिए लोगों से अपील की जा रही है। एसएसआई पीएस मेहरा ने कोतवाली पुलिस अब तक 225 शस्त्र जमा करवा चुकी है। वहीं एसओ रमेश सिंह बोरा ने बताया कि तल्लीताल थाने में 200 से ज्यादा शस्त्र जमा किए जा चुके हैं।

### न्यू चैलेंजर्स ने फाइनल में किया प्रवेश

**नैनीताल :** नैनीताल में चल रही एनके आर्य मैमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मुकाबला शुक्रवार को खेला गया। पहला सेमीफाइनल न्यू चैलेंजर्स व झील पार नैनीताल के मध्य खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए झील पार की टीम ने 10 विकेट खोकर 121 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में न्यू चैलेंजर्स की टीम ने 15वें ओवर में 6 विकेट से मैच जीत लिया। मैच में 4 विकेट लेकर न्यू चैलेंजर के गौरव खरायत मैन ऑफ द मैच रहे। आयोजक सचिव मोहित आर्य ने बताया कि दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला मक्कार स्पोर्ट्स ग्रुप एवं माउंटेन वॉरियर के मध्य खेला जाएगा। यहां सौरभ रावत, मुकेश कुमार, अर्जुन बिष्ट निर्णायक व मोहित बिष्ट स्कोरर रहे। इस दौरान अभिषेक आर्या, प्रमोद कुमार, हरीश राणा, विपिन खुल्बे, हरीश कुमार आदि मौजूद रहे।

### वन आरक्षित क्षेत्र में कच्चे पेड़ काटने की शिकायत

**नैनीताल :** दूरस्थ वन आरक्षित क्षेत्र में कई तुन के पेड़ काटने की शिकायत वन विभाग को मिली है। वन विभाग की टीम पेड़ों के निरीक्षण में जुट गई है। बता दें कि नैनीताल के समीपवर्ती क्षेत्र के जंगलों में हरे पेड़ों को काटने की शिकायत कई बार मिलती है। लोग अपने फायदे के लिए हरे पेड़ों को काट देते हैं। दूरस्थ क्षेत्र बेल ग्राम पंचायत के समीप के जंगल का ऐसा ही एक मामला सामने आया है। जिसकी शिकायत लोगों ने वन विभाग को की है। लेकिन वन विभाग को अभी तक क्षेत्र में कटे पेड़ नहीं मिले हैं। मनोरा रेंज के वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा ने बताया कि बेल के हैड़ी गांव के समीप वन आरक्षित क्षेत्र में तुन के पेड़ कटने की सूचना उनको मिली है। टीम ने क्षेत्र का निरीक्षण किया, लेकिन अब तक पेड़ काटने की पुष्टि नहीं हो पाई है। अगर क्षेत्र में किसी व्यक्ति ने पेड़ काटे हैं तो कार्रवाई की जाएगी।

# कालाढूंगी में कांग्रेस को ढूंढने से नहीं मिलेंगे कार्यकर्ता: बंशीधर

### विधायक ने दिलाई सोनजाला गांव के 70 कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भाजपा की सदस्यता

▸▸ **बोले- कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में मची है भगदड़**

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार :** कोटाबाग ब्लॉक के ग्राम सोनजाला में विधायक बंशीधर भगत ने क्षेत्र के कांग्रेस समर्थित परिवारों को कांग्रेस नेता यशपाल तड़ियाल के नेतृत्व में भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। करीब 70 कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा को समर्पित भाव से मजबूती प्रदान करने का संकल्प लेते हुए देश में रामराज्य की परिकल्पना को साकार करने में योगदान देने की बात कही।

कार्यक्रम के दौरान विधायक भगत ने कहा कि सोनजाला क्षेत्र में आगामी चुनाव में कांग्रेस पार्टी को बूथ पर बस्ता पकड़ने वाला कार्यकर्ता भी नहीं मिल पाएगा। सही समय पर सही निर्णय लेने के लिए उन्होंने कांग्रेस छोड़ भाजपा में


कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भाजपा की सदस्यता दिलाते विधायक बंशीधर भगत। ● अमृत विचार

शामिल हुए कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि जिस कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में भगदड़ मची है, जिनका राष्ट्रीय नेतृत्व रायबरेली, अमेठी छोड़ कर अन्य सुरक्षित सीटों की ओर रुख कर रहा है, ऐसे दल को त्यागना ही बेहतर निर्णय है। भगत ने कहा कि देश की जनता पीएम मोदी को अपना परिवार मानने लगी है। ऐसे में विपक्ष में बैठने के लिए भी विपक्षी दल गठबंधन कर एलायंस बना रहे हैं। कांग्रेस पार्टी ने सत्ता में रहते हुए देश की जनता की चिंता की होती तो आज उनका कार्यकर्ता इतनी बड़ी संख्या में उनको छोड़कर नहीं जा रहा होता। कहा कि कालाढूंगी विधानसभा में आने वाले दिनों में कांग्रेस को कार्यकर्ता ढूंढने से भी नहीं मिलेंगे। इस दौरान मंडल अध्यक्ष जोगा सिंह मेहरा, विक्रम जंतवाल, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री दिनेश मेहरा, दिग्विजय भट्ट, भगवान तिवारी, विनोद बधानी, गणेश शाह, कमल पांडे, विनोद बुडलाकोटी, मुकेश वर्मा, चंदन कपकोटी, दीपा ढौंडियाल, घनानंद सगटा, दीपा ढौंडियाल, जगदीश गोस्वामी, मोहन सिंह नेगी, दिनेश त्रिपाठी, देव सिंह जसवाल, सोबन सिंह नेगी, भगवान सिंह रौतेला, गीता तड़ियाल, नवीन फुलारा, ईश्वर मेहता आदि मौजूद रहे।


कैलाश मंदिर समिति की बैठक में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

# शिवरात्रि मेले से हुई 3.44 लाख की आय

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** ग्राम सभा पिनरौ में कैलाश विकास समिति की बैठक में शिवरात्रि मेले के दौरान हुई आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। जिला पंचायत सदस्य अनिल सिंह चनौतिया की अध्यक्षता में हुई बैठक में कोषाध्यक्ष त्रिलोचन पलड़िया ने आय-व्यय का ब्यौरा रखा। बताया कि इस वर्ष मंदिर समिति को 344202 रुपये की आय हुई है। जबकि वर्ष 2023 की बचत 110077 रुपये थी।

मंदिर समिति की कुल आय 454279 रुपए रही। वहीं वर्ष 2024 में 92614 का व्यय हुआ। मंदिर समिति के खाते में ब्याज समेत 369762 रुपए हैं। बैठक में कैलाश में धर्मशाला निर्माण का कार्य आदि कैलाश विकास समिति से कराये जाने का प्रस्ताव पास हुआ। कैलाश विकास समिति के अध्यक्ष उमेश पलडिया ने बताया कि धर्मशाला निर्माण में श्रद्धालुओं का सहयोग भी लिया जाएगा।

इस दौरान मंदिर समिति के अध्यक्ष गुमान सिंह संभल, इंद्र सिंह संभल, जीत सिंह संभल, नवीन पलडिया, दीवान संभल, कैलाश संभल, पुजारी ललित पलड़िया आदि मौजूद रहे।

# खराब मौसम का ऑरेंज अलर्ट

▸▸ **50 किमी की रफ्तार से चलेंगी तेज हवाएं**

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में तेज हवाएं, ओलावृष्टि को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले दो दिनों तक मौसम खराब रह सकता है। राज्य में उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर, पिथौरागढ़, देहरादून, नैनीताल, अल्मोड़ा आदि जिलों में बारिश होने के आसार हैं। साथ ही ऊधमसिंह नगर और हरिद्वार जिले में हल्की बारिश हो सकती है।

राज्य में 50 किमी की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकतीं हैं। हल्द्वानी में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 33.1 डिग्री और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री रहा। न्यूनतम तापमान सामान्य से आठ डिग्री ज्यादा है।

**गर्मी का होने लगा एहसास :** इस वर्ष बर्फबारी न होने के कारण तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी होने लगी है। मार्च माह की शुरुआत में ही गर्मी का एहसास होने लगा था। जबकि बीते वर्ष मार्च अंत के बाद हल्की गर्मी पड़ने लगी थी। जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि इस वर्ष नैनीताल में भी गर्मी अधिक पड़ सकती है। बारिश व हिमपात न होने से पीने की पानी की समस्या से जूझना पड़ सकता है।


नैनीताल पंत पार्क में चहल कदमी करतीं युवतियां। ● अमृत विचार

### वीकेंड पर बढ़ने लगी पर्यटकों की संख्या

**नैनीताल :** सरोवर नगरी में पर्यटकों की आमद बढ़ने लगी है। इस बार बर्फबारी न होने से जनवरी व फरवरी माह में पर्यटक कम संख्या में पहुंच रहे थे। लेकिन मार्च माह में वीकेंड के चलते संख्या बढ़ गई है। जिससे व्यापारियों के चेहरों पर रौनक दिख रही है। शुक्रवार को नैनीताल में कई राज्यों से पर्यटक पहुंचे। मॉल रोड तल्लीताल, मल्लीताल पंत पार्क, भोटिया बाजार, केप गार्डन, सरियाताल, हिमालय दर्शन, स्नो व्यू, नयना पीक पर पर्यटकों की काफी भीड़ देखने को मिली। पर्यटकों ने नैनीझील में नौकायन, रोपवे व घुड़सवारी का जमकर लुफ्त उठाया। साथ ही पंत पार्क फड़ बाजार से खरीदारी भी की।

## लोगों को पीएम आवास योजना का नहीं मिला लाभ

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** नगर में पीएम आवास योजना के लिए वर्ष 2016 से अब तक करीब 2400 लोगों ने आवेदन किया है, लेकिन अभी तक किसी भी व्यक्ति को योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। योजना के तहत गरीबों को मकान निर्माण के लिए केंद्र सरकार से 2 लाख रुपये की धनराशि मिलती है।

जिले के भीमताल, रामनगर, कालाढूंगी और हल्द्वानी में आवासों का निर्माण कराया जा रहा है, लेकिन नैनीताल शहर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अभी तक एक भी निर्माण नहीं किया गया है। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी राहुल आनंद ने बताया कि कुछ लोगों के दस्तावेज पूरे नहीं हैं। पालिका लक्ष्य से अधिक काम कर रही है।






# नगर में ध्वनि व वायु प्रदूषण फैला रहे बाहर के कारोबारी

▸▸ **बिना सत्यापन कराए रह रहे हैं कई लोग, स्थानीय लोगों को हो रही परेशानी**

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** नगर में बाहरी प्रदेशों से आकर कुछ लोग ध्वनि व वायु प्रदूषण फैलाने वाले कारोबार कर रहे हैं। जिससे स्थानीय लोगों को काफी परेशानी हो रही है।

हैरानी की बात है कि यह लोग बिना सत्यापन के रह रहे हैं। नाम न छापने की शर्त पर स्थानीय लोगों ने बताया कि यह लोग दिन-रात वेल्डिंग, लकड़ी काटने के उपकरण चलाते रहते हैं। जिससे ध्वनि प्रदूषण तो होता है। साथ ही वायु प्रदूषण भी हो रहा है। लोगों ने बताया कि पूर्व में बिजली विभाग शाम 6 बजे के बाद वेल्डिंग करने पर मना करता था, लेकिन अब कोई सुनवाई नहीं है। बताया कि बिजली में वोल्टेज कम ज्यादा होने से कई उपकरण भी खराब हो चुके हैं। उन्होंने इस प्रकार के कारोबार करने वाले लोगों को शहर से बाहर कारोबार करने की अनुमति देने की मांग की है।

### बाल श्रम कानून का भी हो रहा उल्लंघन

बाहरी प्रदेशों के लोग बाल श्रम कानून का भी उल्लंघन कर रहे हैं। बताया जाता है कि ये कारोबारी मैदानी क्षेत्र से बहुत कम वेतन में छोटे बच्चों को काम सिखाने के लिए लाते हैं और उन्हें दुकान में न रखकर साइड में भेज देते हैं। जिससे दोनों ओर से इन्हें अच्छा मुनाफा होता है। जिन साइड में बच्चों को भेजा जाता है वहां से यह पूरी मजदूरी वसूलते हैं, लेकिन बच्चों को मात्र हेल्पर के तौर पर ही वेतन देते हैं। स्थानीय कारोबारियों ने बताया कि कई बार बाल श्रम विभाग को इसकी सूचना दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।



बाहरी दुकानदारों पर उचित कार्रवाई होनी चाहिए। यह सामान सड़क तक फैलाए रहते हैं। जिससे आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानी होती है। ऐसे दुकानदारों को मार्केट से हटाया जाना चाहिए। – **जितेन्द्र चनौतिया,** पूर्व प्रदेश अध्यक्ष हिन्दू जागरण मंच युवा वाहिनी

# स्कूली बच्चों को ई-रिक्शा में 50 प्रतिशत की छूट

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** नगर में पैडल रिक्शा बंद होने के बाद अब रिक्शा यूनियन की मांग पर जल्द ही ई-रिक्शा का किराया दोगुना होने वाला है। तल्लीताल से मल्लीताल मात्र 1.50 किलोमीटर की दूरी के लिए अब 20 रुपये प्रति व्यक्ति किराया देना होगा। हालांकि अभी नगर पालिका ने इसके लिए लोगों से आपत्तियां मांगी हैं।

बता दें कि वर्ष 2016 में रिक्शे का किराया 5 रुपये से बढ़ाकर 10 रुपये किया गया था। वहीं अब 8 साल बाद किराया दोगुना होने जा रहा है। जिसको लेकर लोगों में नाराजगी है। एक ई-रिक्शा तल्लीताल से मल्लीताल के 30 चक्कर लगाता है। प्रतिदिन एक ई-रिक्शा से 1200 रुपये की आमदनी होती है। जिसमें एक ओर का किराया चालक को दिया जाता है। जिससे चालक को 600 रुपये मिलते हैं। व्यवस्थापक नन्दा बल्लभ जोशी ने बताया कि रिक्शों से प्रतिदिन 8400 की आय होती है। जो माह में दो लाख 52 हजार होती है।

इधर, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी राहुल आनंद ने बताया कि रिक्शा यूनियन की मांग पर रिक्शे का किराया बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है। इसके लिए लोगों से 31 मार्च तक आपत्ति मांगी गई है। आपत्तियों के आधार पर रिक्शे का किराया निर्धारित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्कूली बच्चों को ई-रिक्शा में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।




### खुले आसमान के नीचे वन्य जीवों के दर्शन कर हुए प्रसन्न, कॉर्बेट के कर्मचारियों से भी की बातचीत

# ढिकाला में बाघ देखकर रोमांचित हुए तेंदुलकर

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** भारत रत्न व पूर्व क्रिकेटर सचिन रमेश तेंदुलकर कॉर्बेट पार्क के ढिकाला क्षेत्र में बाघ के दर्शन कर रोमांचित हो उठे। सफारी के दौरान सचिन को केवल एक ही बाघ के दर्शन हो पाए, जबकि दूसरी जिप्सी में सवार उनके साथियों ने दो बाघ देखे। भ्रमण के दौरान ढिकाला चौड़ में रामगंगा नदी के समीप हाथियों के झुंड, हिरन के झुंड और नाचते मोर को देखकर सचिन काफी उत्साहित नजर आए।

बता दें कि सचिन शुक्रवार को ताज रिसोर्ट से निकलकर कॉर्बेट नेशनल पार्क पहुंचे। जहां उनकी आगवानी कार्बेट के निदेशक डॉ. धीरज पांडे व उप निदेशक दिगन्त नायक ने की। सचिन कॉर्बेट के खिनानौली विश्राम गृह में रुके। प्रकृति के शांत वातावरण में सकून के दो पल बिताने से वह काफी प्रसन्न दिखाई दिए। कॉर्बेट पार्क की जैव विविधता के वह कायल तो हुए ही साथ उन्होंने वन्य जीव संरक्षण को लेकर कॉर्बेट प्रशासन के कार्यों की जमकर प्रशंसा भी की। इस बीच उन्होंने ढिकाला में कुछ वन कर्मियों से बात चीत की। साथ ही उन्हें अपना ऑटोग्राफ भी दिया और उनके साथ फोटो भी खिंचवाई। उन्होंने कॉर्बेट के बेहतर प्रबंधन के लिए निदेशक डॉ. धीरज पांडे व समस्त वन कर्मियों की खुलकर प्रशंसा की। कहा कि खुले आसमान के नीचे अकूत वन संपदा के बीच स्वछंद विचरण करते वन्यजीवों के दृश्य वास्तव में दिल को छू देने वाले है। यहां बिताए पल हमेशा याद रहेंगे।


खिनानौली फारेस्ट रेस्ट हाउस में वन अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ सचिन तेंदुलकर। ● अमृत विचार

# योग शिक्षिका से 1.97 लाख रुपये ठग लिए

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** योग सीखाने वाली एक युवती के साथ ऑनलाइन ठगी हुई है। विदेश से उपहार भेजने का लालच देकर साइबर ठगों ने युवती से करीब 1.97 लाख रुपये ठग लिए। युवती ने साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

मानपुर पश्चिम एकता विहार रामपुर रोड निवासी हंसा बिष्ट ने साइबर थाना रुद्रपुर को दी सूचना में कहा कि वह योगा क्लास चलाती है। मार्च माह की शुरुआत में उसके मोबाइल नंबर पर एक व्हाट्सएप आया। व्हाट्सएप भेजने वाले ने अपना नाम डॉ. लुका डेनिल बताया और उसकी योगा क्लास के संबंध में बातचीत की। योग सीखाने के बदले में डेनिल ने उसे अग्रिम धनराशि और विदेश से उपहार भेजने की बात कही। 13 मार्च को युवती के मोबाइल पर एक महिला का फोन आया और उसने बताया कि वह मुंबई एयरपोर्ट से बोल रही है। फोन कॉल पर महिला ने कहा कि विदेश से उसका कोरियर आया है। जिसका कस्टम शुल्क 28500 रुपये भेजना होगा।

पीड़िता ने धनराशि ऑनलाइन बैंकिंग के माध्यम से भेज दी। इसके बाद ठगों ने अलग-अलग बहाने बनाकर पीड़िता से ऑनलाइन बैंकिंग के माध्यम से रुपये डलवाए। कुल एक लाख 97 हजार रुपये की धनराशि पीड़िता ने ठगों को ऑनलाइन माध्यम से भेज दी। बाद में जब ठगी का एहसास हुआ तो पीड़िता ने साइबर पुलिस में तहरीर सौंपी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर

### एसटीएच के शौचालय में मिला भ्रूण

**हल्द्वानी :** डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड के शौचालय में भ्रूण का शव पड़ा मिला। सूचना मिलने पर एमएस डॉ. जीएस तितियाल अन्य चिकित्सकों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर मेडिकल चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और भ्रूण को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अस्पताल में लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाली जा रही है।

### अनुबंध समाप्त के बाद भी भेज दी बस

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड परिवहन निगम की काठगोदाम डिपो की अनुबंधित वोल्वो बस सेवा का 28 मार्च को अनुबंध समाप्त हो गया था। यूनियनों के पदाधिकारियों के मुताबिक काठगोदाम डिपो प्रबंधन की ओर से ड्यूटी स्लीप में बस का नंबर 1522 अंकित कर बस रूट पर भेज दी गई। इसके चलते यात्रियों की जिंदगी के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है।

### एमबीपीजी में आज से परीक्षाएं शुरू

**हल्द्वानी :** एमबीपीजी कॉलेज में आज (शनिवार) से बीए/बीएससी/बीकॉम की पहले, दूसरे और तीसरे वर्ष की परीक्षाएं शुरू होंगी। परीक्षा सुबह 9 से 12 बजे तक चलेंगी। पहले दिन लगभग 550 छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे। प्राचार्य डॉ. एनएस बनकोटी ने बताया कि परीक्षा कराने के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई है। सभी परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र कॉलेज वेबसाइट से प्राप्त होंगे। प्रवेश पत्र मिलने में दिक्कत होने वाले विद्यार्थी परीक्षा शुरू होने से पहले परीक्षा कक्ष में संपर्क कर सकते हैं। निर्वाचन संबधित गतिविधियां होने से हर परीक्षार्थी को कॉलेज आईडी और प्रवेशपत्र गेट पर ही चेक कराना होगा।


# 65 साल की महिला को दिखाया 125 वर्ष का पुरुष

### वयोवृद्ध मतदाताओं की सूची में सामने आया गड़बड़झाला

एक्सक्लूसिव

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में शतकवीर मतदाताओं में गड़बड़झाला सामने आया है। जहां 65 वर्ष की महिला को 125 वर्ष का पुरुष दर्शा दिया है। जब अमृत विचार की टीम शतकवीर मतदाताओं से अनुभव जानने पहुंची तो इस गड़बड़झाले का खुलासा हुआ है।



शतकवीर मतदाता सूची में यशोदा रावत निवासी तल्ला गोरखपुर हल्द्वानी को 125 वर्ष का पुरुष दिखाया है। जबकि वह 65 वर्ष की महिला हैं। बड़ा सवाल यह है कि निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन हो गया है ऐसे में मतदाता सूची व पहचान पत्र में संशोधन की संभावनाएं कम नजर आ रही हैं। हालांकि इस बारे में बीएलओ स्तर पर यशोदा रावत की उम्र, लिंग में संशोधन के लिए फार्म-8 भरा गया है। बीएलओ सावित्री अधिकारी ने बताया कि यशोदा रावत की उम्र, लिंग संबंधी जानकारी त्रुटिवश गलत दर्ज हो गई है। इसमें संशोधन के लिए फार्म-8 भरा गया है लेकिन इसके बाद भी संशोधन नहीं हो सका है। इसी तरह हल्द्वानी के एक अन्य व्यक्ति की वास्तविक उम्र 70 साल है, लेकिन निर्वाचन की ओर से जारी सूची में उस व्यक्ति को 85 से अधिक आयु वर्ग में दर्शाते हुए 90 साल की आयु दिखाई गई है। ऐसे में निर्वाचन की ओर से शतकवीर व वयोवृद्ध मतदाताओं की बनाई सूची पर सवाल खड़े हो गए हैं। हैरानी यह है कि अधिकारियों को इसकी भनक तक नहीं है।

### 8 व 9 अप्रैल को मतदान करेंगे दिव्यांग व बुजुर्ग

दिव्यांगों व बुजुर्गों को घर में मतदान करने की सुविधा दी जा रही है। इसके लिए 8 व 9 अप्रैल को पोलिंग पार्टियां घर-घर जाकर ऐसे मतदाताओं से मतदान कराएंगे। जिले में वर्तमान लोकसभा चुनाव के लिए 51 दिव्यांगों व 125 बुजुर्ग मतदाताओं ने आवेदन किया है। बीएलओ गिरीश तिवारी ने बताया कि दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं के लिए फार्म 20 जारी कर दिया है जिससे इस श्रेणी के लोग घर से मतदान करने के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन नहीं करने वाले लोगों को अनुपस्थित माना जाएगा।

> इस प्रकरण के बारे में कोई जानकारी नहीं है। यदि शतकवीर मतदाताओं की सूची में गड़बड़ी हुई है तो इसे सुधारा जाएगा। मतदाता की आयु व लिंग भी सही किया जाएगा।
> **-एपी वाजपेयी, एआरओ हल्द्वानी**

### कांग्रेस नगर अध्यक्ष गुरदीप ने दिया इस्तीफा

**लालकुआं :** कांग्रेस नगर अध्यक्ष सरदार गुरदीप सिंह ने इस्तीफा दे दिया है। उनकी जगह अब पूर्व युवक कांग्रेस अध्यक्ष भुवन पांडे को लालकुआं नगर अध्यक्ष नामित किया गया है। पांडे के मनोनयन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।

शुक्रवार को सोशल मीडिया पर जैसे ही नगर कांग्रेस अध्यक्ष सरदार गुरदीप सिंह के इस्तीफा देने की सूचना वायरल हुई। वैसे ही कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने तत्काल निर्णय लेते हुए युवक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भुवन पांडे को स्वराज आश्रम में बैठक बुलाकर लालकुआं नगर कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंप दी। नगर अध्यक्ष मनोनीत होने के बाद जैसे ही भुवन पांडे लालकुआं पहुंचे वहां उनका कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। स्वागत करने वालों में बिंदुखत्ता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पुष्कर सिंह दानू, कैप्टन इंद्र सिंह पनेरी, दीपक बत्रा, हेमंत पांडे, कैलाश चंद्र पंत, रामबाबू मिश्रा, योगेश उपाध्याय, रवि शंकर तिवारी, मीना रावत, नीमा पांडे, उमा मेर, फिरोज खान, विजय सामंत, दिनेश लोहनी, संजय जोशी, अमित बोरा आदि शामिल रहे।

# नैनीताल रोड स्थित निजी स्कूल में चल रहा था भाजपा का कॉल सेंटर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भाजपा का नैनीताल रोड स्थित एक निजी स्कूल में बिना अनुमति के कॉल सेंटर संचालित करने की शिकायत मिली है। इसके बाद नगर मजिस्ट्रेट/सहायक रिटर्निंग ऑफिसर हल्द्वानी ने भाजपा जिलाध्यक्ष को कारण बताओ नोटिस भेजकर स्पष्टीकरण मांगा है।

सिटी मजिस्ट्रेट/एआरओ एपी वाजपेयी ने बताया कि युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत साहू ने बीती 27 मार्च को शिकायती पत्र सौंप कर बताया कि भाजपा की ओर से नैनीताल रोड स्थित एक निजी स्कूल में कॉल सेंटर संचालित किया जा रहा है। इस कॉल सेंटर के माध्यम से जनता को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। आरोप लगाया कि यह कॉल सेंटर बिना निर्वाचन अधिकारियों की अनुमति के संचालित हो रहा है जो कि सीधे तौर पर आचार संहिता का उल्लंघन है। उन्होंने प्रेक्षक को भी इस बारे में शिकायत की है। उन्होंने बताया कि शिकायती पत्र के आधार पर प्रशासनिक टीम ने नैनीताल रोड स्थित का स्थलीय निरीक्षण किया। इसके अलावा भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट को नोटिस जारी कर 48 घंटे में जवाब मांगा है। जवाब नहीं देने पर उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की चेतावनी दी है।

### चुनाव के दौरान फेक न्यूज पर पुलिस की नजर

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के दौरान फेक न्यूज चुनावों पर असर डाल सकती है। इसको देखते हुए पुलिस ने अपील की है कि सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की फेक न्यूज साझा न करें। पुलिस के अनुसार ऐसा करने पर कार्रवाई भी हो सकती है। सोशल मीडिया पर कई तरह की गैर सत्यापित पोस्टें भी साझा होती हैं। खासतौर राजनीती, धर्म, जाति, संप्रदाय आदि से संबंधित कई पोस्टों में भ्रामक जानकारी दी जाती है। जो आम लोगों के मन पर काफी प्रभाव डालती है। दूसरी ओर अब बच्चे भी सोशल मीडिया से जुड़े हैं। ऐसे में बच्चों पर भी फेक न्यूज का काफी बुरा असर पड़ता है। साथ ही लोकसभा चुनाव के दौरान फेक न्यूज की संख्या बढ़ रही है। पुलिस का मानना है कि राजनीतिक फायदा लेने के लिए ऐसा करवाया जा रहा है। ऐसे में एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने स्वयं कहा है कि गैर सत्यापित समाचारों को पोस्ट न करें। कोई भी पोस्ट साझा या पोस्ट करने से पहले उसको सत्यापित जरूर कर लें। अगर कहीं से भी पोस्ट गलत लगे तो उसे आगे नहीं बढ़ाएं। पुलिस ने चेतावनी दी है कि फेक न्यूज को सोशल मीडिया के माध्यम से आगे बढ़ाने पर कार्रवाई भी हो सकती है।




# पौड़ी की प्रसूता की मौत की होगी मजिस्ट्रेट जांच

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** प्रसूता की प्रसव के बाद एसटीएच लाते समय रास्ते में मौत के प्रकरण में मजिस्ट्रेट जांच के आदेश हो गए हैं। नैनीताल डीएम वंदना सिंह ने सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी को आदेश दिए हैं।

सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने बताया कि बीती 8 फरवरी को रेनू (24 वर्ष) निवासी पौड़ी को प्रसव पीड़ा पर गांव के वीरोखाल सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां रेनू ने नवजात को जन्म दिया। वहां रेनू की हालत बिगड़ने पर चिकित्सकों ने रामनगर सरकारी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। यहां उसकी हालत को देखते हुए एसटीएच हल्द्वानी रेफर किया गया। एसटीएच लाते समय रास्ते में रेनू की मौत हो गई थी। उन्होंने बताया कि इस प्रकरण की मजिस्ट्रेट जांच होगी। यदि इस घटना के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कुछ कहना हो या कोई प्रमाण हो तो किसी भी कार्यदिवस में सिटी मजिस्ट्रेट हल्द्वानी के कार्यालय में उपलब्ध करा सकता है। स्वयं उपस्थित होकर बयान दे सकता है।

### रोडवेज में धूल फांक रही व्हीलचेयर

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** रोडवेज में विकलांगों के लिए व्हीलचेयर धूल फांक रही है। यहां पहुंचने वाले विकलांग यात्रियों को इसका कोई लाभ नहीं मिल रहा है। नियमों के अनुसार यहां 5 व्हीलचेयर से अधिक होनी चाहिए, लेकिन यहां एक ही उपलब्ध है। एआरएम एसएस बिष्ट ने बताया कि उपयोगिता के आधार पर व्हीलचेयर दी जाती है।

### सोशल मीडिया पर तमंचा लहराना पड़ा भारी

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** सोशल मीडिया पर एक युवक को तमंचा लहराना भारी पड़ गया। पुलिस ने उसको संबंधित धाराओं में गिरफ्तार किया है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस सोशल मीडिया पर भी पैनी नजर रख रही है। रामनगर पुलिस को जानकारी मिली की एक युवक ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाली है, जिसमें वह तमंचा लहरा है। पुलिस ने जांच की और आरोपी को धर दबोच लिया। पूछताछ में पता चला कि सिमलखलिया रामनगर निवासी विक्रम सिंह नेगी (29) ने सोशल मीडिया पर अपनी तमंचा लहराते हुए फोटो पोस्ट की थी। पुलिस ने उसके पास से तमंचा और एक 315 बोर का जिंदा कारतूस बरामद किया है। आरोपी पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# जनता को 10 सालों में विकास के नाम पर छला गया

- कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने सत्तारूढ़ दल पर किया हमला, कहा-जनता अब परिवर्तन के मूड में

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव को लेकर कमर कस ली है। कांग्रेस के दिग्गज नेताओं ने जिला सम्मेलन कर कार्यकर्ताओं से लोक सभा चुनाव में जुटने का आह्वान किया। साथ ही प्रत्याशी प्रकाश जोशी के साथ बाजार भ्रमण किया।

कांग्रेस का जिला सम्मेलन शुक्रवार को स्वराज भवन में हुआ। इसमें नैनीताल संसदीय सीट से प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने कहा कि नैनीताल संसदीय क्षेत्र को 10 साल से विकास के नाम पर सिर्फ छला गया है। इसकी बयानगी निवर्तमान सांसद अजय भट्ट के गोद लिए गांव की स्थिति देखकर पता चलती है। आरोप लगाया कि सांसद ने पांच वर्षों में सिर्फ 40 फीसदी सांसद निधि ही खर्च की जो विकास के प्रति उनकी उदासीनता दर्शाता है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि 10 वर्ष के भाजपा शासन में जनता त्रस्त हो चुकी है और अब परिवर्तन का मन बना चुकी है। हम सभी को एकजुट होना होगा और घर-घर जाकर जनता को कांग्रेस की जनहित नीतियों के बारे में बताना होगा। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि वर्तमान में देशभर से ज्यादा बेरोजगारी दर उत्तराखंड में है। अग्निवीर योजना के नाम पर पहाड़ के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है। इसको लेकर युवाओं में आक्रोश है, अब युवा इसका हिसाब और जवाब देगा। जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने दावा किया कि प्रत्येक बूथ पर कांग्रेस कार्यकर्ता मजबूती से डट गया है, जनपद की सभी विस सीटों से कांग्रेस बढ़त बनाएगी। इसके बाद कांग्रेस प्रत्याशी जोशी ने जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं के साथ बाजार भ्रमण किया। यह भ्रमण स्वराज भवन से शुरू होकर पटेल चौक, बर्तन बाजार, मीरा मार्ग, सदर बाजार, कारखाना बाजार, रूई बाजार से होते हुए वापस स्वराज भवन में समाप्त हुआ। इस अवसर पर उन्होंने व्यापारियों से सीधा संवाद कायम किया और कांग्रेस की पांच न्याय गारंटी की जानकारी दी। इस दौरान पूर्व विधायक संजीव आर्य, गोविंद बिष्ट, निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष सचिन नेगी, शोभा बिष्ट, निवर्तमान चेयरमैन दीपू चनोतियां, मधु सांगुड़ी, सुमित्तर भुल्लर, सतीश नैनवाल, हरेंद्र बोरा, तारा नेगी, दीप सती, ललित जोशी, मयंक भट्ट, राजेंद्र बिष्ट रज्जी, संजय बिष्ट मौजूद रहे।


स्वराज आश्रम से जुलूस निकालकर पैदल बाजार में भ्रमण करते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

# सीआरपीएफ सब इंस्पेक्टर का शव फंदे पर लटका मिला

संवाददाता, हल्द्वानी

क्राइम

- प्रारंभिक जांच में पुलिस आत्महत्या को मान रही कारण

**अमृत विचार :** सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र काठगोदाम में तैनात सब इंस्पेक्टर का शव शुक्रवार को फंदे पर लटका मिला। फिलहाल पुलिस घटना को आत्महत्या से जोड़कर देख रही है। पुलिस मामले की जांच के साथ ही पोस्टमार्टम रिपोर्ट का भी इंतजार कर रही है।

सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र काठगोदाम में शुक्रवार की सुबह साढ़े दस बजे सरकारी आवास में सब इंस्पेक्टर बसंत सिंह बोहरियाल (54) का शव फंदे पर लटका मिला। बसंत सिंह सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र में रेडियो ऑपरेटर पद पर तैनात थे। वह मूलरूप से पिथौरागढ़ के बेरीनाग स्थित अनौली के निवासी थे। जब आवास के आसपास के लोगों ने बसंत को फंदे पर लटका देखा तो इसकी सूचना ग्रुप केंद्र के अधिकारियों को दी गई। अधिकारियों ने मामले की जानकारी काठगोदाम पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही मृतक के परिजनों को भी सूचना दे दी गई। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। मृतक के तहेरे भाई लालाकुआं निवासी मोहन सिंह बिष्ट ने बताया कि बसंत तीन भाई-बहन में सबसे बड़े थे। परिवार में उनकी पत्नी और दो बेटे हैं। इधर पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि मामला आत्महत्या से जुड़ा हो सकता है। साथ ही पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का भी इंतजार कर रही है।

> हमें सूचना मिली थी कि सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र काठगोदाम में तैनात एक सब इंस्पेक्टर का शव फंदे पर लटका है। शव का पोस्टमार्टम करवा दिया है और मौत के सही कारणों के लिए रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। मामले की जांच की जा रही है।
> **-विमल मिश्रा, एसओ काठगोदाम**

# छह नशा तस्कर दबोचे अवैध शराब बरामद

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** नशा तस्करों पर पुलिस की कार्रवाई जारी है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए छह तस्करों को अवैध शराब के साथ पकड़ा है। आरोपियों पर संबंधित धाराओं में कार्रवाई की गई है।

कोतवाली लालकुआं पुलिस ने चैकिंग के दौरान अभय निवासी वर्मा कालोनी लालकुआं को रेलवे कॉलोनी पटरी के पास से 73 पाउच अवैध कच्ची शराब खाम के साथ पकड़ा। दीपक मंडल निवासी निर्मल कालोनी लालकुआं को 143 पाउच अवैध कच्ची शराब के साथ रेलवे फाटक घोड़ानाला के पास से गिरफ्तार किया। एक अन्य मामले में लालकुआं पुलिस ने घनश्याम कश्यप निवासी वार्ड नम्बर अम्बेडकर नगर को154 पाउच कच्ची शराब के साथ दबोच लिया। कोतवाली हल्द्वानी ने कार्रवाई करते हुए रवि साहनी निवासी टीआरबी स्कूल वाली गली के कब्जे से 52 पव्वे देशी दबंग शराब गुलाब मार्का बरामद किए हैं। थाना काठगोदाम पुलिस ने काठगोदाम के गौलापार खेड़ा क्षेत्र में गोविंदग्राम गांव में ट्यूबवेल की आड़ में अभिषेक राम निवासी गोविंदग्राम गौलापार को अवैध 102 पव्वे देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। इधर भवाली पुलिस ने संजय शर्मा निवासी मोना भवाली के कब्जे से 100 पाउच देशी अवैध शराब के बरामद किए हैं।

# मिनी स्टेडियम से मोटर की तार चोरी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सड़क चौड़ीकरण के लिए मिनी स्टेडियम की बाउंड्री वॉल तोड़ दी गई, लेकिन इसका निर्माण नहीं किया। इसका फायदा उठाते हुए चोरों ने पानी की मोटर की तार चोरी कर ली। तार की कीमत हजारों रुपये बताई जा रही है। खेल विभाग ने पुलिस को तहरीर सौंप कर कार्रवाई की मांग की है। मिनी स्टेडियम की बाउंड्री वॉल को पिछले साल दिसंबर में सड़क चौड़ीकरण के चलते तोड़ा गया था।

दावा था कि समय से बाउंड्री वॉल बनाई जाएगी, लेकिन कभी बनभूलपुरा कांड तो कभी चुनाव की वजह से मामला अटक गया। स्टेडियम की बाउंड्री वॉल नहीं बन सकी। इसका खामियाजा खेल विभाग और खिलाड़ियों को भुगतना पड़ रहा है।

बीती 25 मार्च को चोरों ने पानी की मोटर की तार चोरी कर ली। घटना का पता अगले दिन चला। खेल विभाग की ओर से कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपकर चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कहा कि बाउंड्री वॉल नहीं होने से अराजक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। आशंका जताई है कि मिनी स्टेडियम में लाखों रुपये का कीमती सामान पड़ा है इस वजह से सामान चोरी हो सकता है।

### निर्माणाधीन भवन से चोरी करते युवक दबोचा

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** निर्माणाधीन भवन से चोरी करते एक युवक को लोगों ने पकड़ लिया। पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कुमाऊं कॉलोनी दमुवाढूंगा में ऋषभ नबियाल निवासी लालडांठ बाइपास का मकान बन रहा है। बरामदे में बिजली फिटिंग के पांच बंडल रखे हुए थे। बीती 28 मार्च की शाम एक युवक इन्हें चोरी कर ले जा रहा था। जिसे मौके पर मौजूद लोगों ने पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम हिमेश आर्य निवासी गोकुल नगर दमुवाढूंगा बताया है। लोग उसे चोरी के माल के साथ पुलिस चौकी ले आए। जहां पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

## एक नजर

### तमंचा व कारतूस के साथ युवक दबोचा

**रामनगर :** पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को एक अदद तमंचे व 315 बोर के जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि शुक्रवार को विक्रम सिंह नेगी उर्फ भट्टू पुत्र इन्द्र सिंह नेगी निवासी हिम्मतपुर डोटियाल सिमलखलिया को संदिग्ध अवस्था में घूमते पाया गया। तलाशी लेने पर उसके पास तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद हुआ। आरोपी को तत्काल गिरफ्तार किया गया।

### शतरंज में तेजस रहे तीसरे स्थान पर




**हल्द्वानी :** यूपी के नोएडा में आयोजित 2 दिवसीय द्वितीय नोएडा ओपन इंटरनेशनल फिडे रेटेड रेपिड शतरंज टूर्नामेंट में हल्द्वानी के प्रतिभावान शतरंज खिलाड़ी तेजस तिवारी ने अंडर 8 कैटेगरी में तीसरा स्थान बनाने में सफल रहे। तेजस ने 9वें राउंड के टूर्नामेंट में 6 मैच जीतकर अपने हुनर का परिचय दिया। प्रतियोगिता में 500 से अधिक शतरंज खिलाड़ियों ने इसमें सहभागिता की हुई थी।

### कायस्थ महासभा का होली महोत्सव आज

**हल्द्वानी :** रामपुर रोड स्थित एक बैंक्वट हॉल में आज (शनिवार) अखिल भारतीय कायस्थ महासभा नैनीताल इकाई का होली महोत्सव और सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। जिला महासचिव पंकज सक्सेना ने बताया कि कार्यक्रम शाम 3 बजे से आयोजित किया जाएगा।

### आज नहीं लगेगा मंडलायुक्त का जनता दरबार

**हल्द्वानी :** मंडलायुक्त दीपक रावत का प्रत्येक शनिवार को लगने वाला जनता दरबार आज नहीं लगेगा। जिला सूचना विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक प्रशासनिक कार्यों की व्यस्तता के चलने शनिवार को लगने वाला जनता दरबार 30 मार्च को नहीं लगाया जाएगा।

# मोदी सरकार ने अग्निवीर के जरिये युवाओं को ठेके का सिपाही बना दिया

## कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने रामनगर में जनसभा कर साधा केंद्र सरकार पर निशाना

संवाददाता, रामनगर



रामनगर में जनसभा के दौरान मंचासीन कांग्रेस प्रत्याशी गोदियाल, साथ में रणजीत रावत व उपस्थित लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पौड़ी गढ़वाल संसदीय सीटी से कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने शुक्रवार को रामनगर में जनसभा कर केंद्र की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने उत्तराखंड से पलायन को लेकर कहा कि भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी पहले यह बतायें कि उन्होंने हल्द्वानी जैसे सुविधा संपन्न शहर से अपनी पत्नी का पलायन दिल्ली में क्यों किया।

जनसभा को संबोधित करते हुए गोदियाल ने बेरोजगारी पर केंद्र सरकार पर हमला करते हुए कहा कि उत्तराखंड से फौज की सेवा करने वाले युवाओं को मोदी सरकार ने अग्निवीर के जरिये ठेके का सिपाही बना दिया है। उन्होंने महंगाई पर कहा कि 400 रुपये का सिलेंडर आज 1000 रुपये का हो गया है। इसलिए वोट डालने से पहले एक बार सिलेंडर को प्रणाम जरूर कर लें। उन्होंने कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा पर हो-हल्ला करने वाली केंद्र सरकार की पोल पट्टी लद्दाख के लोगों के लोगों ने खोलकर रख दी है। गोदियाल ने कहा कि भाजपा ने इलेक्टोरल बॉन्ड के नाम पर आजादी के बाद अब तक का सबसे बड़ा घोटाला किया है। इससे पूर्व मालधन पहुंचने पर पूर्व विधायक रणजीत रावत, मालधन कांग्रेस अध्यक्ष ओमप्रकाश ने गोदियाल का स्वागत किया। रणजीत रावत ने कहा कि जनता के सामने भाजपा के अब सारे हथकंडे फेल होने लगे तो वह सांप्रदायिक ध्रुवीकरण पर उतर आई है। इस मौके पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष भुवन शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष देशबंधु रावत, जसपुर विधायक आदेश चौहान, हेमेश खर्कवाल, रामनगर चेयरमैन हाजी मो. अकरम, निशांत पपनै, धीरज सती, कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, गिरधारी लाल, एडवोकेट मनोज जोशी, किशोरी लाल, ज्योति मौजूद रहे।

## हिमालय क्रिकेट एकेडमी ने जीता 5 रन से मुकाबला

**हल्द्वानी :** हिमालयन क्रिकेट मैदान में आयोजित कार्बेट कप अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रामनगर स्पोर्ट्स एकेडमी की टीम ने निर्धारित ओवर में सभी विकेट के नुकसान पर 248 रन का स्कोर खड़ा किया। टीम के लिए युवराज बोरा ने 8 चौको व 4 छक्के की मदद से 64 रन और प्रबद्ध सारस्वत ने 9 चौको की मदद से 57 रन का योगदान दिया। हिमालय देहरादून के लिए अर्नव नेगी और शोर्य मलयाल ने 2-2 विकेट झटके। जवाब में उतरी हिमालयन क्रिकेट एकेडमी देहरादून की टीम ने 46 वे ओवर में 6 विकेट खोकर 249 से मैच अपने नाम किया। टीम के लिए प्रांजल पवार ने 22 चौको और 1 छक्के की मदद से 129 और अन्नय रावत ने 13 चौके और 1 छक्के की मदद से 72 रनों का योगदान दिया। रामनगर स्पोर्ट्स के लिए यश राज तनेजा ने 4 कार्तिक रावत और कनिष्क बिष्ट ने 1-1 विकेट लिए। प्रांजल को मैन ऑफ द मैच और यशराज को फाइटर ऑफ द मैच चुना गया।

# कासगंज-टनकपुर रेल सेवा की सौगात

संवाददाता, टनकपुर/हल्द्वानी

**अच्छी खबर**

- रेलवे ने जारी की अधिसूचना एक अप्रैल से शुरू होगी सेवा
- टनकपुर से दोपहर 2.30 बजे और कासगंज सुबह पांच बजे रवाना होगी

**अमृत विचार :** मां पूर्णागिरि धाम में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए खुशखबरी है। रेलवे पूर्णागिरि मेले में कासगंज-टनकपुर-कासगंज ट्रेन का 1 अप्रैल से संचालन शुरू करने जा रहा है।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार, कासगंज-टनकपुर ट्रेन का संचालन 1 अप्रैल से शुरू होगा। इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। 12 कोच वाली यह ट्रेन कासगंज से सुबह पांच बजे रवाना होगी। जो 11.55 बजे टनकपुर पहुंचेगी। टनकपुर से यह रेल दोपहर 2.30 बजे रवाना होकर रात 9.45 बजे कासगंज पहुंचेगी। कासगंज से टनकपुर के बीच कुल 31 स्टॉपेज होंगे। ट्रेन का संचालन 1 अप्रैल से अगले आदेश तक जारी रहेगा।

इस रेल सेवा से देश के सुप्रसिद्ध मां पूर्णागिरि धाम मेले के श्रद्धालुओं को राहत मिलेगी। श्रद्धालु किफायती किराये के साथ सुविधाजनक सफर कर सकेंगे।

### जंगल में लगी आग पर पाया काबू

**नैनीताल :** गर्मी बढ़ते ही जंगल में आग लगने की घटनाएं भी बढ़ने लगी हैं। शुक्रवार को शहर के राजपुरा क्षेत्र के जंगल में भीषण आग लग गई। जिससे आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। लोगों की सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। जिस क्षेत्र के जंगल में आग लगी थी वह घनी आबादी से घिरा है। आग बुझने पर लोगों ने राहत की सांस ली। आग बुझाने वालो में अर्जुन सिंह, अमरदीप राणा, राजेन्द्र सिंह, हर्ष कुमार, किशोर कुमार, रूपा राणा आदि मौजूद रहे।

# आजादी के पहले विद्रोह के शहीदों को याद किया



रामनगर में शहीदों का स्मरण करते स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** आजादी के पहले विद्रोह 1857 के शहीदों की याद में ज्योतिबा फुले सांयकालीन स्कूल में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गये। इस मौके पर विद्यालय के संचालक नवेंदु मठपाल ने कहा कि देश के स्वतंत्रता संग्राम में 29 मार्च के दिन की खास अहमियत है। मंगल पांडे ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ विद्रोह की मशाल को चिंगारी दिखाई जो देखते ही देखते पूरे देश में आजादी की ज्वाला में बदल गई। बच्चों ने 1857 के प्रयाण गीत का सामूहिक गायन किया गया। शिक्षिका शबनम ने शहीदों को याद कर उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में बच्चों ने स्वतंत्रता सेनानियों के चित्र भी बनाए। इस मौके पर प्रधान मो. ताहिर, सुजल कुमार, सुमित कुमार, नंदराम आर्य, बालकृष्ण चंद, सुभाष गोला, फैजान अहमद, इस्माइल, प्रभु सिंह, दयाली देवी मौजूद रहे।

## पंकज पंचपाल को मिला मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति स्वर्ण पदक

**हल्द्वानी :** ग्राफिक एरा हिल विश्वविद्यालय में पढ़ रहे बीसीए के छात्र पंकज पंचपाल को मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया है। ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी के बीसीए चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र व एनसीसी के फ्लाइट कैडेट पंकज को मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति स्वर्ण पदक मिलने पर सभी ने खुशी जताई है।

पंकज को इससे पहले राष्ट्रीय स्तर की स्कीट शूटिंग प्रतियोगिता में भी स्वर्ण पदक मिल चुका है। वह गणतंत्र दिवस शिविर और प्रधानमंत्री रैली जैसे महत्वपूर्ण शिविरों में सक्रिय भागीदारी भी निभा चुके हैं। परिसर निदेशक डॉ. मनीष कुमार बिष्ट और फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. उदित कुमार पांडे ने पंचपाल को बधाई दी। निदेशक डॉ. मनीष ने कहा कि विवि छात्रों की हर तरह से मदद करने के लिए तैयार है। इधर उन्हें शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा रहा।

# उत्थान मंच में एक अप्रैल से शुरू होगी महिला रामलीला



रामपुर रोड स्थित होटल में महिला रामलीला के संबंध में जानकारी देतीं समिति की पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पुनर्नवा महिला समिति की ओर से पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच हीरानगर एक अप्रैल से महिला रामलीला का मंचन किया जायेगा। जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

शुक्रवार को रामपुर रोड स्थित एक होटल में पत्रकार वार्ता करते हुए समिति की अध्यक्ष लता बोरा ने बताया कि 1 से 11 अप्रैल तक रामलीला का मंचन किया जाएगा, जो कि शाम 5 बजे से शुरू होगी। उन्होंने बताया कि रामलीला के सभी किरदार महिलाएं निभा रही हैं और सभी पात्रों का चयन कर लिया गया है, जिसमें 7 वर्ष से लेकर 76 साल तक की महिलाएं शामिल हैं। बताया कि इस बार एलईडी स्क्रीन पर भी रामलीला का प्रसारण किया जाएगा और रावण का पुतला भी पहली बार बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि निवर्तमान सांसद अजय भट्ट रामलीला का उद्घाटन करेंगे। साथ ही सीएम पुष्कर सिंह धामी को भी निमंत्रण दिया गया है। बताया कि शहर के कारोबारी एसए कादरी ने सभी कलाकारों को सम्मानित करने की इच्छा जाहिर की है। वार्ता के दौरान यशोदा रावत, शांति जीना, कल्पना रावत, जानकी पोखरिया, मंजू बनकोटी, निर्मला बहुगुणा, जया बिष्ट आदि उपस्थित रहीं।

## सरकारी अस्पतालों की ओपीडी बंद मरीज हुए परेशान

**हल्द्वानी :** पिछले छह दिनों में चौथी बार सरकारी अस्पतालों की ओपीडी बंद होने से मरीज काफी परेशान रहे। इधर इमरजेंसी वार्ड में मरीजों का आना जारी है। बेस अस्पताल और महिला अस्पताल की ओपीडी शुक्रवार को गुड फ्राइडे की वजह से बंद रही। इससे पहले रविवार से लेकर मंगलवार तक इन दोनों ही अस्पतालों की ओपीडी बंद थी। बुधवार और गुरुवार को ओपीडी खुलने के बाद अब शुक्रवार को फिर से ओपीडी बंद हो गई।

पिछले छह दिनों में चार बार ओपीडी बंद रही है। साथ ही शनिवार के बाद रविवार को फिर से ओपीडी बंद रहेगी। इन दिनों सीजनल बीमारियों का दौर चल रहा है। जिस वजह से मरीज काफी परेशान हैं। इधर बेस और महिला अस्पताल की ओपीडी बंद रहने की वजह से इन अस्पतालों के इमरजेंसी वार्ड में मरीजों की काफी संख्या रही।

# कानिया और गोल्डु क्लब जीते

संवाददाता, रामनगर



वालीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ करतीं ब्लॉक प्रमुख रेखा रावत व अन्य।

**अमृत विचार :** निकटवर्ती ग्राम कानिया में महेश चंद्र जोशी की स्मृति में देवभूमि स्पोर्ट्स क्लब कानिया के तत्वावधान में तीन दिवसीय ऑल इंडिया वॉलीबॉल प्रतियोगिता शुरू हो गई है।

जिसका शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख रेखा रावत, ज्येष्ठ उप ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी व सांसद प्रतिनिधि इंदर रावत ने संयुक्त रूप से किया।

उन्होंने प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रही टीमों के खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। आयोजक विपिन पांडे ने बताया कि पहले दिन उद्घाटन मैच कानिया व गोजानी के बीच खेला गया।

जिसमें कानिया ने गोजनी को 26-24, 25-23 से हराया। दूसरा मैच शाइनिंग स्टार व गोल्डू क्लब के बीच खेला गया। जिसमें गोल्डु क्लब ने शाइनिंग स्टार को 22-20, 21-17, 15-10 से हराया। शनिवार और रविवार को उत्तराखंड के अलावा अन्य राज्यों की टीम इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी।

## सीपीपी के सीईओ कौल का हृदय गति रुकने से निधन

संवाददाता, लालकुआं



स्वर्गीय विजय कॉल।

**अमृत विचार :** सेंचुरी पेपर मिल के सीईओ विजय कौल का हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया। उन्होंने रुद्रपुर के निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। मिल प्रबंधन ने उनका पार्थिव शरीर निवास स्थान बड़ोदरा को रवाना कर दिया है। उनके निधन से मिल के अधिकारियों व कर्मचारियों में शोक की लहर है।

विजय कौल को गुरुवार की रात सीने में तेज दर्द की शिकायत हुई। जिस पर उन्हें तुरंत रुद्रपुर ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके निधन की खबर से कर्मचारी व अधिकारी स्तब्ध रह गये। मिल परिसर में शोक सभा कर प्रबंधक व विभिन्न यूनियनों के पदाधिकारियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। विदित हो कि विजय कौल आदित्य बिरला समूह से लगभग 50 वर्षों से जुड़े हुए थे। उन्होंने समूह के देश एवं विदेश में विभिन्न उद्योगों का नेतृत्व किया। वह अपने पीछे अपनी पत्नी एवं दो पुत्रों के परिवार को छोड़कर गये हैं।

# गुड फ्राइडे पर निकाली क्रूस यात्रा

संवाददाता, हल्द्वानी



काठगोदाम स्थित कैथोलिक चर्च में क्रूस यात्रा निकालते ईसाई समुदाय के लोग।

**अमृत विचार :** गुड फ्राइडे पर सेंट थेरेसा चर्च ने शुक्रवार को क्रूस यात्रा निकाली। यात्रा 2 बजे से निर्मला कान्वेंट से शुरू हुई। इसके बाद सेंट थेरेसा में झांकियों के माध्यम से प्रभु यीशु की जीवनी को दर्शाया गया। बाद में चर्च में प्रार्थना की गई। साथ ही मैथोडिस्ट चर्च में भी लोगों ने प्रार्थना की।

ईसाई समुदाय के लोगों ने बताया कि इस दिन को गुड इसलिए कहा जाता है, क्योंकि इसी दिन प्रभु यीशु मसीह ने मानव जाति के लिए अपने प्राण न्यौछावर किये थे। बताया कि प्रभु यीशु ने सभी से एक-दूसरे को क्षमा करने व प्यार करने की शिक्षा दी थी। प्रभु यीशु ने लोगों की मुक्ति के लिए अपने प्राण त्यागे थे, उसी क्रूस रास्ते पर चल कर हम भी उस दुख और पीड़ा का अनुभव कर प्रभु के प्रेम को अपने में आत्मसात करने के लिए उन्हें याद कर रहे हैं। इस मौके पर फादर ग्रेगरी, अलायस, पास्कल, सेल्वाडोर, आरिश, करुणाकर प्रमोद मार्टिन, संजय चार्ल्स, निखिल आगा, धर्मेंद्र जॉन, अजय सिंह, विजय सिंह, सुनीता, लूसी प्रताप, अजलीन सिंह आदि मौजूद रहे।

# भाजपा ने शुरू किया डोर-टू-डोर जनसंपर्क



रामनगर में जनसंपर्क करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** भाजपा कार्यकर्ताओं ने डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया है। शुक्रवार को दुर्गापुरी पंपापुरी में पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने प्रचार अभियान चलाकर लोगों से भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील की।

साथ ही उन्हें भाजपा की नीतियों से भी अवगत कराया। उन्होंने अबकी बार 400 पार का नारा लगाते हुए लोगों से प्रत्याशी अनिल बलूनी के पक्ष में मतदान कर नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत करने की अपील की।

इस दौरान कुलदीप शर्मा, राजू मित्तल, नीमा मठपाल, माया रावत, रुचि गिरी शर्मा, भावना भट्ट, आशा बिष्ट, ममता गोस्वामी, दीप्ति, आशा जोशी, रीता मावड़ी, मोहनी शर्मा, गंगा राना, गंगा पाठक, मनप्रीत कौर मौजूद रहे।

# जल संस्थान ने मिट्टी से भरे गड्ढे, लोगों को मिली राहत

**खबर का असर**

संवाददाता, कालाढूंगी



जल संस्थान द्वारा मिट्टी डालकर ठीक की गई सड़क। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** हल्द्वानी-कालाढूंगी हाईवे में ठेकेदार ने जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीणों तक पेयजल लाइन पहुंचने के लिए जेसीबी से सड़क खोद दी, लेकिन सही तरीके से भरान नहीं किया। जिससे राहगीरों व ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। कई बार सवार गड्ढों में गिरकर चोटिल भी हो गये थे।

बीती 27 मार्च को अमृत विचार ने मामले को प्रमुखता से उठाया। जिसके बाद जल संस्थान विभाग हरकत में आया और सड़क के गड्ढों में मिट्टी भरान किया। बता दें कि 10 दिन पूर्व जल जीवन मिशन के अंतर्गत गुलजापुर बंकी चकलुवा में हर घर नल योजना की लाइन बिछाने के लिए ठेकेदार ने जेसीबी से कालाढूंगी-हल्द्वानी हाईवे में वन निगम डिपो से चकलुवा मुख्य बाजार तक चार जगहों पर सड़क खोद दी। पाइप डालने के बाद से गड्ढों से ठीक से भरा नहीं गया।

जिससे सड़क लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। जलसंस्थान के जेई खगेन्द्र जोशी ने बताया कि विभाग ने मिट्टी भरान कर गड्ढे पाट दिये हैं। जिससे लोगों ने राहत की सांस ली है।

## 30 और 31 मार्च को खुलेंगे कोषागार

**हल्द्वानी :** विभिन्न विभागों द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के संबन्धित बिल 30 और 31 मार्च को भी ट्रेजरी में पास किए जा सकेंगे। इसके लिए 30 मार्च शनिवार को सामान्य दिनों की भांति कोषागार में कार्य संपन्न होगा, वहीं 31 मार्च रविवार को शाम पांच बजे तक कामकाज होगा। कोषागार पेंशन एवं हकदारी के निदेशक दिनेश लोहनी ने निर्देश जारी कर बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए सभी सरकारी विभागों को 25 मार्च तक संबंधित बिल जमा करने के निर्देश दिये गए थे, मगर 25 मार्च को होली, 26 मार्च को कई जिलों में स्थानीय अवकाश की वजह से समय पर बिल नहीं जमा हो सके, इसके बाद 29 मार्च को गुड फ्राइडे के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश होने की वजह से बिल जमा करने की अवधि बढ़ाई गई है। अवकाश के दिनों में कोषागारों को खोलने के निर्देश दिये गये हैं।

# अपराधियों को सजा दिलाने में बनभूलपुरा थाना अव्वल

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- थाने की दोषसिद्धी दर सर्वाधिक 94 प्रतिशत रही, एडीजी ने टीम को दी बधाई
- पुलिस टीम को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**अमृत विचार :** मित्र पुलिस अपराधियों पर न केवल शिकंजा कसने बल्कि सजा दिलाने में भी तत्पर है। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने विभिन्न अपराधों में 94 प्रतिशत दोष सिद्ध किए। इस उपलब्धि पर पुलिस मुख्यालय ने बनभूलपुरा थाना पुलिस टीम की सराहना की है। दोष सिद्धी दर बढ़ाने के मकसद से पुलिस मुख्यालय में प्रदेश के सभी पुलिस स्टेशनों की वर्ष 2023 की समीक्षा की गई।

इसमें निकल कर आया कि नैनीताल जनपद के बनभूलपुरा थाने में दोष सिद्धी दर सर्वाधिक 94 प्रतिशत रहा है। इस पर एडीजी लॉ एंड ऑर्डर एपी अंशुमान ने दोषसिद्धि दर बनाने के लिए की गई कड़ी मेहनत एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बनभूलपुरा थाना प्रभारी नीरज भाकुनी एवं समस्त स्टाफ की सराहना की है।

पुलिस टीम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उनका उत्साहवर्धन किया है। वहीं, नैनीताल जिले के एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने भी बनभूलपुरा थाने की पूरी टीम को शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही जिले के अन्य पुलिस थानों को भी इसका अनुसरण करते हुए निरंतर इस दिशा में कड़ी मेहनत और लगन से कार्य करने के लिए कहा है।

इस आयु वर्ग में हैं 208782 पुरुष और 185321 महिला मतदाता, 11 ट्रांसजेंडर्स मतदाता भी हैं शामिल, 18 से 19 आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या है सबसे कम

# ऊधमसिंह नगर में 30 से 39 आयु वर्ग के मतदाता होंगे निर्णायक

बीरेन्द्र बिष्ट, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में ऊधमसिंह नगर की नौ विधानसभाओं में 30 से 39 उम्र के मतदाता निर्णायक की भूमिका निभाएंगे। कारण इस वर्ग में अन्य आय वर्गों की तुलना में मतदाताओं की संख्या सबसे अधिक है। इस वर्ग में मतदाताओं की संख्या 394114 है। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या है 208782 है तो महिला मतदाताओं की संख्या 185321 है। इसके अलावा इस ग्रुप में ट्रांसजेंडर्स मतदाता की संख्या भी 11 है।

जनपद ऊधमसिंह नगर में जसपुर, काशीपुर, बाजपुर, गदरपुर, रुद्रपुर, किच्छा, सितारगंज, नानकमत्ता और खटीमा विधानसभा सीटें शामिल हैं। इन सभी सीटों में अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होने से पूर्व मतदाताओं की संख्या 1291126 थी। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 671661 और महिला मतदाताओं की संख्या 619433 थी। जबकि ट्रांसजेंडर्स की संख्या 32 थी। निर्वाचन आयोग के निर्देश के बाद सितंबर माह से विशेष अभियान चलाया गया।

इसके बाद मतदाताओं की संख्या में इजाफा हुआ है और मतदाताओं की संख्या बढ़कर 1317741 पहुंच गयी है। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 684597, महिला मतदाताओं की संख्या 633106 और ट्रांसजेंडर्स की संख्या 38 है। वहीं जिला निर्वाचन कार्यालय के आंकड़ों पर नजर डालें तो 30 से 39 उम्र के मतदाओं की संख्या सबसे अधिक है जबकि 18 से 19 वर्ग के मतदाताओं की संख्या सबसे कम है।



### 80 वर्ष के मतदाताओं की संख्या भी अधिक

ऊधमसिंह नगर की नौ विधानसभा सीटों में 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं से अधिक 80 वर्ष से अधिक के मतदाताओं की संख्या है। लोकसभा चुनाव में इस वर्ग के मतदाता भी प्रत्याशियों की जीत-हार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। जिला निर्वाचन कार्यालय के आंकड़ों पर नजर डालें तो 18 से 19 के मतदाताओं की संख्या 17003 है। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 9423 है तो महिला मतदाताओं की संख्या 7577 है। जबकि 80 प्लस के मतदाताओं की संख्या 17548 है। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 7966 है, जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 9582 है।

### किस वर्ग में कितनी है मतदाताओं की संख्या

| उम्र वर्ग | पुरुष | महिला | कुल मतदाता |
|---|---|---|---|
| 18-19 | 9423 | 7577 | 17003 |
| 20-29 | 154393 | 138388 | 292762 |
| 30-39 | 208782 | 185321 | 394114 |
| 40-49 | 133873 | 129260 | 263137 |
| 50-59 | 91205 | 86739 | 177948 |
| 60-69 | 54279 | 50762 | 105041 |
| 70-79 | 24676 | 25510 | 50188 |
| 80 प्लस | 7966 | 9582 | 17548 |
| कुल | 684597 | 633106 | 1317741 |

## उत्तर प्रदेश से आएंगे नौ हजार होमगाड्र्स


**देहरादून, अमृत विचार :** मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने शुक्रवार को वर्चुअली नौ राज्यों की अंतर्राज्यीय बॉर्डर समन्वय समिति की बैठक में हिस्सा लिया। बैठक में सुरक्षा सुविधाओं के दृष्टिगत उत्तराखंड को उत्तर प्रदेश से 9,000 होमगाड्र्स उपलब्ध करवाने पर सहमति बनी। साथ ही तय हुआ कि संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस, वन तथा खनन विभाग की सयुंक्त टीमों की ओर से निगरानी के लिए भी निर्देश जारी किए गए हैं। इसके साथ ही हिमाचल प्रदेश से उत्तराखंड की सीमा से लगते सिरमौर तथा शिमला जिलों में एफएसटी तथा एसएसटी को सक्रिय करने का अनुरोध किया गया। बैठक में झारखंड, बिहार, दिल्ली, मध्यप्रदेश, छतीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा के मुख्य सचिवों ने वर्चुअली हिस्सा लिया। इसमें डीजीपी अभिनव कुमार, मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरूषोत्तम भी मौजूद थे।

# खड़ी चढ़ाई पर जनसंपर्क करने में उम्मीदवारों की फूलने लगी हैं सांसें

अधिकांश जगह करना पड़ रहा चढ़ाई का सामना, तराई भाबर से लेकर चीन बॉर्डर तक लगानी पड़ रही दौड़

विनोद पपनै, रामनगर

**अमृत विचार :** गढ़वाल संसदीय सीट पर मतदाताओ से सीधे संपर्क कर पाना उम्मीदवारों के लिए आसान नहीं है। 17,820.90 वर्ग किमी में फैली इस संसदीय सीट में 19 अप्रैल तक अब मतदाताओ से डोर टू डोर सम्पर्क कर पाना उम्मीदवारों के लिए असम्भव सा हो चला है। चुनाव में अपना भाग्य आजमा रहे प्रत्याशियों को नैनीताल जनपद के रामनगर व पौडी जनपद के कोटद्वार के मैदानी भूभाग में जहां सरपट दौड़ लगानी पड़ रही है वहीं चीन सीमा से लगे नीति माणा, केदार घाटी व पौड़ी, कर्णप्रयाग रुद्रपयाग जैसे उच्च हिमालयी क्षेत्रों की खड़ी चढ़ाई उम्मीदवारों की सांसें फुला रही हैं।



गढ़वाल लोकसभा सीट में कुल 13,58, 703 (जनवरी 2024 तक )मतदाता है। भौगोलिक स्थिति विषम होने के कारण उम्मीदवारों का लोकसभा में पड़ने वाले हर ग्राम पंचायत में मतदाताओ से सीधे संपर्क साधना अब मुश्किल ही नहीं बल्कि नामुमकिन लग रहा है। अब सोशल मीडिया के अलावा सड़क मार्ग पर रहने वाले मतदाताओं से ही सम्पर्क उम्मीदवार कर सकते हैं। बस उम्मीदवारों को चुनाव रूप वैतरणी तो उसके कार्यकर्ता ही पार करा सकते हैं। जिस उम्मीदवार के पास चुनाव का बेहतर प्रबन्धन होगा, जिसके पास जुझारू कार्यकर्ता होंगे एक हद तक वही उम्मीदवार गढ़वाल लोक सभा क्षेत्र में अपनी विजय पताका फहराने में कामयाब होगा।

### तीन बार भाजपा एक बार कांग्रेस



उत्तराखंड बनने के बाद गढ़वाल लोक सभा क्षेत्र में तीन बार भाजपा और एक बार कांग्रेस ने जीत दर्ज की थी। वर्ष 2004 में भाजपा से मेजर जनरल सेवानिवृत भुवन चंद्र खंडूरी विजयी रहे। वर्ष 2009 में कांग्रेस के टिकट पर सतपाल महाराज ने जीत दर्ज की थी। 2014 में पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूरी तो 2019 में तीरथ सिंह रावत यहां से सांसद चुने गए थे।

### 14 विधानसभा क्षेत्र हैं शामिल

गढ़वाल लोक सभा सीट के अंर्तगत बद्रीनाथ, थराली, कर्णप्रयाग, केदारनाथ, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग, नरेंद्रनगर, यमकेश्वर, पौड़ी, श्रीनगर, चौबट्टाखाल, लैंसडाउन, कोटद्वार एवम नैनीताल जिले की रामनगर विधान सभा सीट आती है।

## राज्य में 83 लाख 37 हजार 914 हैं मतदाता

**देहरादून, अमृत विचार :** अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने शुक्रवार को सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में प्रेस ब्रीफिंग करते हुए बताया कि राज्य में लोकसभा चुनाव 2024 की निर्वाचक नामावली को अंतिम रूप दिया जा चुका है। निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन के समय राज्य में 83 लाख 37 हजार 914 मतदाता दर्ज हैं। इसमें 43 लाख 17 हजार 579 पुरुष और 40 लाख 20 हजार 38 महिला मतदाता शामिल हैं। ट्रांसजेंडर मतदाताओं की संख्या 297 है।

राज्य में सर्विस वोटरों की संख्या 93 हजार 187 जिसमें 90 हजार 554 पुरूष सर्विस वोटर और 2633 महिला सर्विस वोटर हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में कुल 11 हजार 729 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। इसमें 12 पोलिंग पार्टियां मतदान से तीन दिन पूर्व पोलिंग स्टेशन के लिए रवाना होंगी। इसमें 11 पोलिंग स्टेशन उत्तरकाशी जनपद में और1 पोलिंग स्टेशन पिथौरागढ़ जनपद में चिन्हित किया गया है। 705 पोलिंग पार्टियां मतदान से दो दिन पूर्व पोलिंग स्टेशन के लिए रवाना होंगी।



हल्द्वानी में रन फॉर वोट के दौरान युवाओं को प्रशस्ति पत्र देते अधिकारी। ● अमृत विचार

# लोगों को समझाया मतदान का महत्व

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** स्वीप के अंतर्गत मजबूत लोकतंत्र-सबकी भागीदारी ध्येय के साथ समस्त प्रशिक्षकों और युवा खिलाड़ियों को मतदान का महत्व समझाते हुए अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक और प्रेरित किया गया। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में जिला खेल कार्यालय के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में शुक्रवार को रन फॉर वोट के अंतर्गत मजबूत लोकतंत्र-सबकी भागीदारी ध्येय के साथ मतदान का महत्व समझाया। जिला प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत दौड़ का आयोजन कराया। सहायक निदेशक खेल राशिका सिद्दीकी ने रन फॉर वोट का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया जिसमें 125 पुरुष व महिला प्रतिभागियों ने भाग लिया। लकी ड्रॉ के जरिए 20 खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इसके बाद मतदाता जागरूक अभियान के क्रम में सभी को शपथ दिलाई गई। इस मौके पर फुटबाल प्रशिक्षक किशोर पाल, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी डीएन कांडपाल, क्रिकेट प्रशिक्षक त्रिलोक जीना, अंतरर्राष्ट्रीय धावक महेश फर्त्याल, कोच महेश बिष्ट, श्याम भट्ट, भगवत मेर, आनंद सिंह, गोविंद लटवाल आदि उपस्थित रहे।

# रानीबाग कहने को बूथ नंबर वन, मतदान में है सबसे कम

संवाददाता, हल्द्वानी

### हालात

▶▶ पिछले लोकसभा चुनाव में 27 प्रतिशत हुआ था मतदान, इस बार है बढ़ने की उम्मीद

**अमृत विचार :** हल्द्वानी के रानीबाग-काठगोदाम स्थित बूथ नंबर-1 है, लेकिन चुनाव में मतदान सबसे कम हुआ है। चुनाव में मतदान कम होने से इस बार यहां मतदान प्रतिशत बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके अलावा, बद्रीपुरा, राजपुरा व खालसा इंटर कॉलेज बूथों पर भी पिछले चुनाव में 50 प्रतिशत से कम मतदान हुआ था।



लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग लगातार जागरूकता कार्यक्रम कर रहा है। सबसे बड़ी चुनौती रानीबाग बूथ में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की है। यहां राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मतदान केंद्र बनाया गया है लेकिन पिछले लोकसभा चुनाव में केवल यहां 27 प्रतिशत मतदान हुआ। चुनाव आयोग के अधिकारियों के मुताबिक, इस बूथ पर 444 मतदाता हैं, जिसमें 238 पुरुष व 206 महिलाएं हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में यहां केवल 120 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इतना ही नहीं, पिछले विधानसभा चुनाव में भी यहां मतदान नहीं बढ़ पाया था। ऐसे में इस बार चुनाव आयोग यहां विशेष अभियान चला रहा है।

इधर, बद्रीपुरा, राजपुरा व खालसा इंटर कॉलेज बूथों पर भी मतदान प्रतिशत बढ़ाना भी चुनाव आयोग के लिए चुनौती बनी हुई है। पिछले लोकसभा चुनाव में कुल मतदाताओं की तुलना में आधी आबादी ने अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं किया था। 2019 के चुनाव में बद्रीपुरा व खालसा इंटर कॉलेज बूथों पर करीब 48 प्रतिशत और राजपुरा 49 प्रतिशत लोगों ने मतदान किया था।

स्वीप की ब्लॉक समन्वयक मोनिका चौधरी ने बताया कि मतदान बढ़ाने के लिए लगातार कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। घर-घर जाकर लोगों को जागरूक और मतदान करने की शपथ दिलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि इस बार मतदान प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है।

# पहाड़ चढ़ने में नाकाम हाथी ने तराई में दिखाई ताकत


नरेन्द्र देव सिंह, हल्द्वानी

▶▶ राज्य गठन के बाद से अब तक बसपा ने नैनीताल संसदीय सीट पर प्रत्येक चुनाव में की भागीदारी

▶▶ तीन प्रत्याशियों का वोट प्रतिशत का आंकड़ा दहाई के पार भी पहुंचा

**अमृत विचारः** नैनीताल संसदीय सीट पर भाजपा और कांग्रेस के अलावा हाल-फिलहाल के सालों में बसपा ने भी अपनी ताकत दिखाई है। बसपा को इस सीट से जीत तो कभी नहीं मिली लेकिन तीन बार बसपा प्रत्याशियों ने अपने प्रदर्शन से सबको चौंकाया जरूर है।

बसपा के जन्म के साथ ही नैनीताल संसदीय सीट पर बसपा की ओर से प्रत्याशी उतारना शुरू कर दिया गया था। वर्ष 1991 में रामलहर में भाजपा से नए नेता बलराज पासी मैदान में थे तो वहीं कांग्रेस की ओर से दिग्गज नारायण दत्त तिवारी चुनाव लड़ रहे थे। रामलहर का ऐसा जादू था कि बलराज पासी ने तिवारी जैसे बड़े कद के नेता को हरा दिया। इस चुनाव में बसपा ने भाग सिंह को उम्मीदवार बनाया था। भाग सिंह महज 34707 वोट लाकर अपनी जमानत भी नहीं बचा पाए। साल 1996 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने भाग सिंह को फिर से उम्मीदवार बनाया। इस बार भाग सिंह तीसरे नंबर पर जरूर रहे लेकिन वह सवा लाख से ज्यादा वोट लाने में सफल रहे। 1998 में बसपा ने निरंजन सिंह को उम्मीदवार बनाया तो वह भी डेढ़ लाख से ज्यादा वोट लाए।





इस चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार एनडी तिवारी हारे थे और भाजपा नेत्री इला पंत ने चुनाव जीता था। यह भी कहा जाता है कि बसपा ने कांग्रेस के परंपरागत वोट में काफी सेंधमारी की थी। इस वजह से भी एनडी को हार का मुंह देखना पड़ा था।

1999 के चुनाव में बसपा के पूर्व दिग्गज नेता अकबर अहमद डंपी ने अपनी पत्नी नैना बलसावर डंपी को नैनीताल सीट से लोकसभा का चुनाव लड़ाया। नैना जहां मॉडल रह चुकी थीं तो वहीं सपा प्रत्याशी मुजफ्फर अली फिल्म जगत से थे। नैना तीसरे नंबर पर रहीं और करीब सवा लाख वोट ले आईं। इस चुनाव में एनडी तिवारी ने भाजपा प्रत्याशी बलराज पासी से अपना पुराना हिसाब चुकता किया था।

इसके बाद साल 2009 के लोकसभा चुनाव में बसपा नेता नारायण पाल ने 1.43 लाख वोट लाकर बसपा की ताकत का अहसास कराया था। इसके अलावा अन्य चुनावों में बसपा प्रत्याशियों का प्रदर्शन फीका ही रहा है। राज्य गठन के बाद साल 2004 के लोकसभा चुनाव में बसपा से गुलाम हसनैन ने चुनाव लड़ा था और उन्हें करीब 50 हजार वोट मिले थे।

### बसपा की तरफ से चार बार हुआ अच्छा प्रदर्शन

| साल | नेता | मिले वोट | मत प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1991 | भाग सिंह | 34 हजार | 7.12 |
| 1996 | भाग सिंह | 1.29 लाख | 16.3 |
| 1998 | निरंजन सिंह | 1.62 लाख | 13.4 |
| 1999 | नैना बलसावर | 1.23 लाख | 15.4 |
| 2004 | गुलाम हसनैन | 50 हजार | 8.2 |
| 2009 | नारायण पाल | 1.43 लाख | 11.18 |
| 2014 | लईक अहमद | 59 हजार | 3.68 |
| 2019 | नवनीत अग्रवाल | 28 हजार | 2.26 |

समस्या

सुविधाएं न मिलने से गौलापार में किसानों का कृषि से हो रहा है मोह भंग, खेती का रकबा भी घट रहा

# चुनाव में किसानों को समस्याओं से निजात मिलने की आस

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में जनपद के किसानों की उम्मीदें बढ़ गई हैं। कृषि कार्य में किसानों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें उम्मीद है कि इस चुनाव में उनकी समस्याओं का समाधान करने की कोशिश की जाएगी।

जिले के किसानों का कृषि से मोह भंग होता जा रहा है। इसके पीछे खेती-बाड़ी में लगातार बढ़ रही चुनौतियां और सुविधाओं का अभाव बताया जा रहा है। किसानों का कहना है कि कृषि क्षेत्र में जंगली व आवारा जानवरों का आतंक लगातार बढ़ रहा है। गौलापार के किसानों ने बताया कि कृषि क्षेत्र में सुविधाएं नहीं मिलने से लोग परेशान हैं।

उन्होंने बताया कि कई बार प्रशासन को ज्ञापन देने के बावजूद आज तक किसानों को आवारा जानवरों से निजात नहीं मिल पाई है। इस समय गेहूं आदि की फसल के लिए पानी की सख्त आवश्यकता होती है, लेकिन काठगोदाम से दानीबंगर तक करीब 16 किमी लंबी नहर की मरम्मत का कार्य कछुआ गति से हो रहा है।

गौलापार में कभी काफी मात्रा में गन्ने का उत्पादन होता था, लेकिन सुविधाओं के अभाव में लोगों ने गन्ना लगाना ही बंद कर दिया। लामाचौड़ व कालाढूंगी के किसानों ने बताया कि गन्ने का समर्थन मूल्य कम होने व समय पर भुगतान नहीं होने से खेती का रकबा घट रहा है।

### बंदरों और जंगली जानवारों से पर्वतीय क्षेत्रों के किसान भी परेशान

**हल्द्वानी :** पर्वतीय क्षेत्रों के किसान कहते हैं कि बंदरों व जंगली जानवरों के आतंक से लोगों ने खेती करना कम कर दिया है। धारी, भीमताल के किसानों ने बताया कि उद्यान विभाग की ओर से खेतों की बाड़ करने के लिए कटीले तार दिए जाते हैं, जिससे फसलों का बचाव नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि विभाग को सोलर फेंसिंग सिस्टम लगाने की व्यवस्था करनी चाहिए।

### बोले किसान



किसानों ने पिछले साल व इस बार भी श्रमदान करके खेतों में सिंचाई की व्यवस्था की। क्षेत्र में आवारा जानवर फसलों को चौपट कर रहे हैं, लेकिन उन्हें गौशाला भेजने की कोई योजना नहीं है।
– **अर्जुन बिष्ट**, गौलापार



पर्वतीय क्षेत्रों में बंदरों व जंगली जानवर का आतंक है लेकिन इनसे छुटकारा दिलाने के लिए कोई प्रयास नहीं हो रहे हैं। अधिकारियों का पूरा सहयोग भी किसानों को नहीं मिल पाता है।
– **हर्ष सिंह डंगवाल**, धारी



सेब की खेती के लिए 80 प्रतिशत सब्सिडी मिलती है, लेकिन ड्रैगन फ्रूट आदि विदेशी फलों के लिए ऐसी कोई योजना नहीं है, जबकि किसान इनकी खेती करने के इच्छुक भी हैं।
– **डॉ. एनएस नेगी**, गोरापड़ाव

## 93 अंतर्राज्यीय बैरियर्स पर लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

**देहरादून, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य के सभी 93 अंतर्राज्यीय बैरियर्स पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।


शुक्रवार को हरियाणा के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर उत्तर प्रदेश, पंजाब, दिल्ली, उत्तराखंड के मुख्य सचिव, गृह सचिव की आपसी समन्वय, कानून व्यवस्था को लेकर वर्चुअली बैठक हुई। इसमें चुनाव को लेकर बॉर्डर पर सुरक्षा प्लान पर चर्चा की गई। साथ ही तय हुआ कि सभी राज्य सूचनाएं आदान प्रदान करेंगे। अपर पुलिस महानिदेशक एपी अंशुमन ने बताया राज्य के सभी 93 अंतर्राज्यीय बैरियर्स पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे जिनसे निगरानी होगी। इसको लेकर आपसी समन्वय की 26 बैठकें हुई हैं। राज्य मुख्यालय से थाना स्तर पर व्हाटस एप ग्रुप बना दिए गए हैं। साथ ही हरियाणा से 2000 होमगार्डस भी मांगे गए हैं।

# जनपद के 505 बूथों की होगी वेबकास्टिंग

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नैनीताल जनपद के 50 प्रतिशत बूथों की वेबकास्टिंग की जाएगी। प्रशासन ने इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी फिंचाराम चौहान ने बताया कि जनपद में कुल 1010 बूथ हैं। केंद्रीय निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार वल्नरेबल के साथ ही 50 प्रतिशत बूथों की वेबकास्टिंग की जाए। इसी क्रम में जनपद में 505 बूथों की वेब कास्टिंग की जाएगी। वेब कास्टिंग के तहत इन बूथों की मतदान शुरू होने से लेकर समाप्ति तक लाइव स्ट्रीमिंग की जाएगी। जो कि केंद्रीय निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर इसका लिंक अपडेट किया जाएगा इसके लिए देहरादून से दिल्ली तक निर्वाचन अधिकारी व आमजन इन बूथों की सीधे निगेहबानी कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि लालकुआं विस सीट में 71, भीमताल में 78, नैनीताल में 83, हल्द्वानी में 91, कालाढूगी में 109 तथा रामनगर में 73 बूथों की वेबकास्टिंग की जाएगी।



## एक नजर

### जीआईसी बग्गा चौवन में कैंप आयोजित किया

**खटीमा :** राजकीय इंटर कॉलेज बग्गा चौवन में एनीमिया मुक्त भारत के अन्तर्गत कैंप आयोजित किया गया। जिसमें किशोरियों को स्वास्थ्य पोषण साफ सफाई, आहार, किशोर, किशोरियों के शरीर में होने वाले बदलावों की जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम में चिकित्सकों द्वारा एचबी चेक किया गया और जरूरत के अनुसार नि:शुल्क दवा वितरण की गई। कैंप में डॉ देश दीपक, डॉ शैलजा पांडेय, विजेता, निर्मला, अनिता उपस्थित रहे।

### सट्टा लगाने के आरोप में गिरफ्तार

**काशीपुर :** पुलिस ने गश्त के दौरान सट्टा खिलाते एक आरोपी को गिरफ्तार किया। कुंडा थाना पुलिस ने गश्त के दौरान इशान अस्पताल से ग्राम सरवरखेड़ा को जाने वाले तिराहे के पास से सट्टे लगाते एक युवक को गिरफ्तार किया। जिसके पास से पुलिस ने डायरी व 1250 रुपये बरामद किए। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मझरा निवासी फैजान बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 13 जुआ अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# 215 संवेदनशील और 456 अति संवेदनशील बूथ : आरओ

## नैनीताल-ऊधमसिंह नगर संसदीय क्षेत्र की 14 विधानसभा क्षेत्रों में बनाये 2329 मतदेय स्थल, 21 लाख से अधिक मतदाता करेंगे मतदान

बैठक

संवाददाता, रुद्रपुर



अधिकारियों के साथ बैठक करते सामान्य प्रेक्षक गगनदीप सिंह बरार और आरओ उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** रिटर्निंग ऑफिसर उदयराज सिंह ने बताया कि नैनीताल-ऊधमसिंह नगर संसदीय क्षेत्र में 10 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन कराया गया है। संसदीय क्षेत्र में जनपद ऊधमसिंह नगर व नैनीताल की 14 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। संसदीय क्षेत्र में 2136866 मतदाता हैं। जिन्हें सुचारू मतदान कराने के लिए कुल 2329 मतदेय स्थल बनाए गये हैं। इसके अलावा 215 संवेदनशील, 456 अति संवेदनशील बूथ चिन्हित किये गये हैं।

शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक के दौरान रिटर्निंग ऑफिसर ने बताया कि नैनीताल-ऊधमसिंह नगर संसदीय क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिए 18521 कार्मिक लगाये गये हैं। उन्होंने बताया कि मतदान कार्मिकों को प्रथम प्रशिक्षण दिया जा चुका है। द्वितीय प्रशिक्षण ऊधमसिंह नगर में 5 से 9 अप्रैल व नैनीताल में 3 से 5 अप्रैल को प्रस्तावित हैं। इसके अलावा पर्याप्त वाहनों की व्यवस्था कर ली गयी है। संसदीय क्षेत्र में 97 एफएसटी व 97 एसएसटी टीमें व 80 वीएसटी टीमें लगायी गयी है।

उन्होंने बताया कि संसदीय क्षेत्र में 57 अंतरराज्यीय बैरियर बनाये गये हैं, जिनमें सीसीटीवी कैमरे से निगरानी रखी जा रही है। सी-विजिल पर अब तक 1223 शिकायतें प्राप्त हुई जिनका निर्धारित समय पर निस्तारण कर दिया गया है। सुविधा एप पोर्टल संचालित है जिसकी सूचना राजनीतिक पार्टियों को दे दी गयी है, ताकि कोई भी अनुमति ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि हमने 85 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य रखा है, इसके लिए लगातार स्वीप कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

### यह लोग रहे मौजूद

व्यय प्रेक्षक टी शंकर, जिला निर्वाचन अधिकारी नैनीताल वंदना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पीएस मीणा, सीडीओ नैनीताल अशोक कुमार पांडे, ऊधमसिंह नगर के मनीष कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जोशी, नैनीताल फिंचाराम चौहान, नोडल एमसीएमसी आरडी पालीवाल, एमसीसी पंकज उपाध्याय, प्रशिक्षण नरेश चंद्र दुर्गापाल, एआरओ मनीष बिष्ट, राकेश तिवारी, रविंद्र बिष्ट, कौस्तुभ मिश्र, अभय प्रताप सिंह, डॉ. अमृता शर्मा, गौरव पांडेय, गौरव चटवाल, एपी बाजपेयी, परितोष वर्मा, प्रमोद कुमार, रेखा कोहली, केएन गोस्वामी सहित अनेक नोडल अधिकारी मौजूद थे।

### संसदीय क्षेत्र के 50 प्रतिशत बूथों की होगी वेबकास्टिंग

**रुद्रपुर :** सामान्य प्रेक्षक गगनदीप सिंह बरार ने कहा कि संसदीय क्षेत्र के 50 प्रतिशत बूथों की वेबकास्टिंग की जानी है, इसलिए चिन्हित क्रिटिकल व वर्नेवल मतदान स्थलों को वेबकास्टिंग में रखा जाये। सभी एसएसटी, एफएसटी, वीएसटी, एलएमटी, एमसीएमसी टीमें सतर्क होकर पैनी नजर रखते हुए कार्य करें। साथ ही अपनी-अपनी रिपोर्ट प्रतिदिन समय पर दें। उन्होंने कहा दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं को घर-घर जाकर मतदान कराया जाए।

### इंडो-नेपाल बॉर्डर पर पैनी नजर रखने के निर्देश

**रुद्रपुर :** व्यय प्रेक्षक टी शंकर ने शुक्रवार को खटीमा विधानसभा में स्थित प्रतापपुर, मझोला, झनकईया में तीन एसएसटी और एक एफएसटी का निरीक्षण किया। व्यय प्रेक्षक ने निरीक्षण के दौरान सभी टीमों के कार्यों पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इंडो-नेपाल बॉर्डर की संवेदनशीलता है। इसके चलते और मौजूदा समय पूर्णागिरि मेले को ध्यान में रखते हुए पैनी नजर रखने के निर्देश एसएसटी व एफएसटी टीमों को दिए। उन्होंने कहा कि आगे भी इसी प्रकार की निरंतरता व सतर्कता से कार्य करें, प्रत्येक वाहन की जांच करें और जांच के दौरान वीडियोग्राफी अवश्य कराए। इस अवसर पर लाइजनिंग ऑफिसर प्रेक्षक हितेश पंत, इंचार्ज एफएसटी डॉ. प्रशांत जोशी और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### 86 किलो गोमांस संग चार तस्कर गिरफ्तार

**बाजपुरः** उत्तराखंड गोवंश संरक्षण स्क्वायड ने ग्राम रम्पुरा शाकर क्षेत्र में छापेमारी कर 86 किलो गोमांस के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

टीम प्रभारी एसआई प्रवीण सिंह ने बताया कि सूचना मिली कि ग्राम रम्पुरा शाकर में नामधारी स्टोन क्रेशर के पीछे गांव को जाने वाले कच्चे रास्ते के पास खाली खेत में कुछ व्यक्तियों द्वारा गोकशी की जा रही। टीम मौके पर पहुंच गई और करीब 200 मीटर पहले यूके लिप्टिस के पेड़ों की आड़ लेकर इंतजार करने लगे। कुछ समय बाद चार व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए जिन्हें टीम ने भागने का मौका दिए बिना ही दबोच लिया। उन्होंने अपने नाम ग्राम रम्पुरा शाकर निवासी आरिफ पुत्र असगर अली, मोहम्मद सलीम पुत्र मोहम्मद हनीफ, इमरान अली पुत्र असगर हुसैन व महबूब अली पुत्र शौकत अली बताया। आरोपितों के कब्जे से 86 किलो गोमांस, कुल्हाड़ी, तराजू, दो चाकू, सूजा आदि उपकरण मिले। सूचना मिलने पर पशु चिकित्साधिकारी डा.विकास शर्मा भी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और सेंपलिंग की गई।

# पंतनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से खुलेंगे विकास के द्वार : भट्ट

संवाददाता, शांतिपुरी



शांतिपुरी में चुनावी जनसभा को संबोधित करते प्रत्याशी अजय भट्ट।

**अमृत विचारः** शांतिपुरी नंबर दो पंचायत भवन परिसर में शुक्रवार को देर शाम जनसभा को संबोधित कर नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा क्षेत्र प्रत्याशी अजय भट्ट ने कहा कि पंतनगर में इंटरनेशनल हवाई अड्डे के बनने से क्षेत्र का अभूतपूर्व विकास होगा, जिससे क्षेत्र को नई पहचान व रोजगार के साथ-साथ विकास भी मिलेगा।

उन्होंने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता पंतनगर में इंटरनेशनल हवाई अड्डे का निर्माण करवाना है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के बीते पांच वर्षों के अभूतपूर्व कार्यों के बल पर आज पार्टी के प्रति जनता का विश्वास दोगुना हुआ है। कार्यक्रम को जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, जिला मंत्री दिग्विजय सिंह खाती, दिनेश भाटिया आदि ने भी संबोधित किया। इस दौरान लोकसभा संयोजक विवेक सक्सेना, भाजपा नेता अजय तिवारी, नवनिर्वाचित दुग्धसंघ निदेशक इन्दर मेहता, सैनिक संगठन अध्यक्ष दिगंबर प्रसाद जोशी, कैप्टन देवेंद्र सिंह कोरंगा, तारा सिंह कोरंगा, कमलेश जोशी, नवीन टाकुली, तारा सिंह कोरंगा, विजेंद्र जोशी, कमलेंद्र सेमवाल, खीम सिंह मेहता, कुशल सिंह कोरंगा, जगदीश कांडपाल, नेहा ठाकुर कोरंगा, धंसारा शर्मा, प्रधान संघ अध्यक्ष दीपा ललित कांडपाल, डीएन यादव, शेर सिंह, पंतनगर मंडल अध्यक्ष अनिल यादव, घनानंद तिवारी, पूर्व प्रधान लक्ष्मी कोरंगा, शशीकांत मिश्रा, विशाल चौहान, प्रवीन सिंह डफोटी, ईश्वर दानू, रेबाधर भट्ट, दिगंबर प्रसाद जोशी, खुशाल सिंह कोरंगा, किशन सिंह मेहता, घनानंद तिवारी, हरीश पांडे, नंदू पाखवाल, नंदू बिष्ट, मोहन सिंह दानू, प्रताप सिंह कोरंगा, खीम सिंह मेहता, हेमन्त दानू, टिकम कोरंगा, नंदन सिंह कोरंगा आदि लोग मौजूद रहे।

### आपके एक-एक वोट की कीमत है

**किच्छाः** केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री तथा लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश विश्व गुरु बनने के साथ ही दुनिया में तीसरी महाशक्ति बनने जा रहा है और यह कार्य जनता के एक एक वोट के बल पर हुआ है, आप लोगों के एक-एक वोट की कीमत है। शुक्रवार को भाजपा प्रत्याशी भट्ट ने निकटवर्ती ग्राम प्रतापपुर में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष हितेंद्र त्रिपाठी के आवास पर आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, विधानसभा प्रभारी दिनेश आर्य, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य खूब सिंह विकल, सांसद प्रतिनिधि विपिन जलहोत्रा, लोक सभा संयोजक विवेक सक्सेना, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अक्षय अरोरा, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, पूर्व जिला अध्यक्ष शैली फुटेला, महिला मोर्चा की जिला महामंत्री स्वाति शर्मा, कमलेंद्र सेमवाल, अजय तिवारी आदि मौजूद रहे।

# गुड फ्राइडे पर प्रभु यीशु के वचनों पर प्रकाश डाला

संवाददाता, बाजपुर



बाजपुर में गुडफ्राइ-डे पर क्रूस रास्ता (धार्मिक जुलूस) निकालते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** ईसाई समुदाय ने गुडफ्राइ-डे पर्व पर क्रूस रास्ता (धार्मिक जुलूस) निकाला। साथ ही निष्कलंक माता चर्च में प्रार्थना सभा कर प्रभु यीशु के जीवन पर प्रकाश डाला।

गुडफ्राइ-डे पर्व पर शुक्रवार को ईसाई समुदाय के लोग सेंटमेरी स्कूल परिसर में एकत्रित हुए, जहां से लोगों ने भारी-भरकम क्रूस को कंधे पर उठाकर धार्मिक जुलूस की शुरूआत की, जोकि विद्यालय परिसर से होता हुआ चर्च परिसर में जाकर संपन्न हुआ। इस दौरान 14 मुकाम (बीच-बीच में 14 स्थानों पर रुक कर प्रवचन देना) पर प्रभु यीशु के वचनों पर प्रकाश डाला गया। इसके उपरांत चर्च परिसर में क्रूस की उपासना फादर उदय द्वारा करवाई गई। इस मौके पर फादर राबर्ट, फादर बाला, सिस्टर शाइनी, सिस्टर सुमन, सिस्टर विनीता, मुराद मसीह, जैकब पाल, हयात मसीह, डोनाल्ड, वतन, विशाल, विलियन, सैम आदि मौजूद रहे।

### पोलीगंज होली चर्च में मना गुड फ्राइडे

**खटीमा :** पोलीगंज होली चर्च में गुड फ्राइडे मनाया गया। इस दौरान भारी संख्या में ईसाई समुदाय के लोग चर्च में पहुंचे और प्रभु यीशु को याद किया। उसके बाद चर्च में प्रवचन ज्ञान और प्रार्थना की गई। वहीं श्रद्धालुओं ने प्रभु यीशु द्वारा तीन घंटे तक क्रॉस पर भोगी गई पीड़ा को याद किया और श्रद्धालुओं ने प्रभु यीशु की छवि लेकर मातम मनाया और ईसाई समुदाय के लोगों ने ईसा मसीह की सूली पर चढ़ने और मानवता के लिए दी गई कुर्बानी को याद कर गुड फ्राइडे मनाया। इस मौके पर फादर डिकोना, फादर संतोष, सिस्टर कासिया, सिस्टर ग्रेस, इकबाल मसीह, जोसफ मसीह, राजेश आदि थे।

### महिला और युवक शराब तस्करी में धरे

**काशीपुर/किच्छा :** पुलिस ने एक महिला समेत दो लोगों को शराब की तस्करी में गिरफ्तार किया है। पहला मामला पैगा चौकी क्षेत्र का है। पुलिस ने खाईखेड़ा निवासी सुरेंद्र सिंह पुत्र रंजीत सिंह को बाइक से कच्ची शराब की तस्करी करते गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 180 लीटर शराब बरामद की। वहीं किच्छा में कोतवाली पुलिस ने एक शराब तस्कर महिला को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। चीता मोबाइल टीम को सूचना मिली कि चीनी मिल गेट के सामने एक महिला की ओर से अवैध कच्ची शराब की बिक्री की जा रही है। टीम ने महिला पुलिसकर्मी के साथ चीनी मिल गेट के सामने बनी झोपड़ी में कच्ची शराब की बिक्री करते ग्राम बंडिया, वार्ड नंबर 5, किच्छा निवासी विद्या देवी को पकड़ लिया। उसके पास से 40 पाउच बरामद कर लिए।

# बाल मेले में प्रस्तुत किए लोक नृत्य

संवाददाता, काशीपुर



बाल मेले में मौजूद बच्चे व शिक्षक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** काशीपुर ब्लॉक के राप्रा विद्यालय शिवलालपुर अमर झंडा में बाल शोध मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 44 शिक्षक 126 बच्चे और 10 सदस्य उपस्थित रहे।

बाल शोध की अवधारणा व प्रक्रिया को लेकर शिक्षक समूह के साथ बातचीत हुई थी। मेले को संस्कृति थीम पर करने का तय हुआ। इस थीम के तहत प्लान कर बच्चों के साथ कार्य किया गया। इसमें स्थानीय गांव का मेला, त्योहार, लोक गीत, लोक नृत्य, लोक कला, कहावतें आदि के साथ गांव के इतिहास का पता किया गया। कक्षा पांच के 40 बच्चों के घरों मे परिवार के सदस्यों की संख्या व उसमें पानी के उपयोग की स्थिति, भाषा से जुड़े कविता पट्टी, वाक्य निर्माण, शब्द जोड़ो, अंग्रेजी मे छोटी कक्षा में वर्ण, शब्द पहचान, दिस दैट से वाक्य निर्माण, गणित मे टैन ग्राम से विभिन्न आकृति बनाना, वर्ग पहेली आदि प्रोजेक्ट बनाए गए और प्रस्तुत किए गए। बच्चों ने लोक गीत भी प्रस्तुत किया। जिसमें वाद्य यंत्र भी बच्चों ने ही बजाए। लोक नृत्य की भी प्रस्तुति किए। संचालन कर्ता अनीता शर्मा ने सभी के समक्ष बाल शोध मेले की अवधारणा, प्रक्रिया व अनुभव को साझा किया। आगंतुक शिक्षकों में से भी छह शिक्षकों ने बच्चों के कार्य के अवलोकन को साझा किया। इस मौके पर देवेंद्र चौधरी, सतीश बिश्नोई, आरिफ, विनीता रानी, शगुफ्ता रहमान, चंद्रशेखर, ज्योति राणा प्रदीप कुमार, रणवीर सिंह, रेखा नौटियाल, अनीता शर्मा, वेदपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंपे

संवाददाता, दिनेशपुर



दिनेशपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करतीं प्रदेश महामंत्री ममता हालदार।

**अमृत विचार :** प्रदेश महामंत्री ममता हालदार ने कहा लोकसभा चुनाव में कांग्रेस शानदार जीत दर्ज कर केंद्र की सत्ता पर काबिज होगी। राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने इस बार लोकसभा चुनाव में युवा उम्मीदवार बनाकर नैनीताल-ऊधमसिंह नगर सीट पर प्रकाश जोशी को पार्टी का प्रत्याशी बनाया है।

शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के निर्देश पर चलकर पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाना होगा। इस मौके पर पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, जिपं पूर्व उपाध्यक्ष त्रिनाथ विश्वास ने भी संबोधित किया। बैठक का संचालन नगराध्यक्ष नारायण हालदार ने किया। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष चंदन सिंह नयाल, यूथ कांग्रेस प्रदेश महामंत्री मोहित चौहान, प्रधान विकास सरकार, जिला उपाध्यक्ष नित्यानंद मंडल, कांग्रेस नेत्री रेखा रावत आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

### कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे कांग्रेस प्रत्याशी

**किच्छा।** नैनीताल-ऊधम सिंह नगर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर चुनाव को लेकर चर्चा करेंगे। कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू ने बताया कि कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी प्रकाश जोशी की ओर से नगर के अनुपम सिनेमा स्थित कांग्रेस कार्यालय में शाम 3 बजे कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर चुनाव को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नगर एवं ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारियों के अलावा बैठक में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता भी मौजूद रहेंगे।

### आबकारी विभाग ने अवैध शराब की दो भट्टियां तोड़ी

**काशीपुर :** आबकारी टीम ने ग्राम रम्पुरा, बरखेड़ी में अवैध शराब की दो भट्टियों को नष्ट किया। इस दौरान टीम ने मौके से शराब बनाने के उपकरण और 6 हजार किलो लहन बरामद किया। मौके से टीम ने 95 लीटर कच्ची शराब भी बरामद की। वहीं टांडा उज्जैन निवासी ममता को शराब के साथ गिरफ्तार किया।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

### सूचना

मैंने अपने पुत्र राजिब और उसकी पत्नी शालू को गलत आचरण के चलते अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनसे मेरा कोई वास्ता सरोकार नहीं रहेगा। - **लल्ला मियां पुत्र छोटे शाह निवासी वार्ड संख्या-10, पकड़िया, तहसील खटीमा जिला उधमसिंह नगर।**

खेल

## 30 मार्च से 2 अप्रैल तक लखनऊ में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेंगे खिलाड़ी

# नेशनल जु-जित्सु चैम्पियनशिप के लिए टीम रवाना

संवाददाता, रुद्रपुर



लखनऊ रवाना होने से पूर्व ऊधमसिंह नगर की टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बालक और बालिका वर्ग की सब जूनियर, जूनियर नेशनल जु-जित्सु चैंपियनशिप 2023-24 में प्रतिभाग करने के लिए ऊधमसिंह नगर की टीम लखनऊ के लिए रवाना हो गयी। प्रतियोगिता 30 मार्च से 2 अप्रैल तक चौक स्टेडियम लखनऊ उत्तर प्रदेश में आयोजित होगी।

शुक्रवार को जिला जु-जित्सु संघ ऊधमसिंह नगर के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ, महासचिव ऋषि पाल भारती व कोषाध्यक्ष सिहान किशोर सिंह ने संयुक्त रूप से खेल कीट एवं टी-शर्ट वितरण कर रुद्रपुर बस स्टेशन से रवाना किया। संघ ऊधमसिंह नगर अध्यक्ष चुघ ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कोच ऋषि पाल भारती एवं किशोर सिंह की अगुवाई में राष्ट्रीय जु-जित्सु चैम्पियनशिप में खिलाड़ी अपने कुशल खेल प्रतिभा के बल पर देवभूमि का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर जु-जित्सु एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के महासचिव विनय कुमार जोशी, अध्यक्ष रसिका सिद्दीकी, एक्सक्यूटिव डायरेक्टर सतीश जोशी, विजेंद्र चौधरी, डीएसओ उधमसिंह नगर जानकी कार्की, जॉनी हिराम तिग्गा, शोभा तिग्गा, वसीम खान, शेखर सक्सेना, शंकर सिंह बसेरा, सुखदेव सिंह, राजीव राणा, विजय गिरधर, सतनाम चावला, ऐजे बटसर, साधना बटसर, रघु रावत, विक्रम सिंह, नरेंद्र सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

### महिला की तहरीर पर छेड़छाड़ का मामला दर्ज

**खटीमा।** विकासखंड क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि वह गांव के पास ही जानवरों के लिए घास लेने गई थी। इस दौरान उसे अकेला पाकर चंदेली निवासी मनप्रीत सिंह ने गलत नीयत से उसके साथ अभद्रता करते छेड़छाड़ करने लगा। वहीं पास में ही कुछ लोग मछली मार रहे थे शोर सुनकर आ गए तो आरोपी वहां से भाग गया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### ...आखिर किसने दी बाइक और राइफल

**रुद्रपुर** : बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड में हर किसी के जहन में यही सवाल उठ रहा है कि हत्यारों को बाइक और 315 बोर की राइफल किसने दी, क्योंकि जिस वक्त दोनों हत्यारे गुरुद्वारे में बने यात्री निवास आए थे। उस वक्त दोनों के पास कोई वाहन और किसी भी प्रकार का हथियार नहीं देखा गया, जबकि दोनों हत्यारे रोज पैदल ही गुरुद्वारे और डेरा परिसर में घूमते हुए दिखाई देते थे। यहां तक कि नानकमत्ता इलाके में घूमने के दौरान भी किसी के पास बाइक नहीं होती थी। ऐसे में सवाल यह उठता है कि आखिर हत्याकांड के नौवें दिन यानी 28 मार्च को किसने बाइक और राइफल मुहैया कराई।

### रक्षपाल ने करवाया था प्रीतम पर मुकदमा

**रुद्रपुर** : कारसेवक जसवीर सिंह का यह भी कहना है कि गुरुद्वारे के ही रहने वाले रक्षपाल सिंह ने तराई महासभा के उपाध्यक्ष प्रीतम सिंह पर पूर्व में आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज करवाया था। बाबा तरसेम शिकायतकर्ता रक्षपाल सिंह की मदद करते थे। कई बार ऐसा मौका आया जब बाबा नामजद आरोपियों के खिलाफ मोर्चा खोलते रहे और गुरुद्वारे की संपत्ति को बचाने की लड़ाई लड़ते रहे। शिकायतकर्ता ने आशंका जताई कि इन सभी मुद्दों को लेकर सभी आरोपी मिल गए होंगे और हत्याकांड की साजिश रच डाली होगी।

### बंद पड़े मकान में आग हजारों का सामान जला

**काशीपुर** : डॉक्टर लाइन स्थित एक बंद पड़े मकान में अचानक आग भड़क उठी। आग लगने से हजारों रुपये का घरेलू सामान जल गया। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने आग पर काबू पाया। शुक्रवार को फायर स्टेशन काशीपुर को सूचना मिली कि डॉक्टर कॉलोनी के एक बंद पड़े घर में आग लगी है। अग्निशमन अधिकारी काशीपुर गोविंद राम के नेतृत्व में एक फायर यूनिट घटनास्थल पर पहुंची। वहां बंद पड़े घर में आग की लपटें उठ रही थी। टीम ने तत्काल हाई प्रेशर पंप से पंपिंग कर आग बुझाना शुरू कर दिया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

### बेटे की हत्या का शक जाहिर कर दी तहरीर

**बाजपुर** : बेटे की हत्या का शक जाहिर कर पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। ग्राम रतनपुरा निवासी अशोक कुमार ने पुलिस को बताया कि 26 मार्च को उसका बेटा विजय होली खेलने गया था। दिन में करीब 11:30 बजे गांव के ही एक अन्य युवक के साथ परचून की दुकान के पास बैठकर शराब पी रहे थे। वहां पहुंचे भतीजे संजय पुत्र हंसराज ने विजय व उसके साथ बैठे युवक को खुलेआम शराब पीने से मना कर टोका-टाकी की और वहां से चला गया। इसी बीच दोपहर बाद करीब 1:30 बजे गांव के ही एक बच्चे ने दुकान के पास विजय के बेहोश पड़े होने की सूचना दी। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अशोक ने बेटे की हत्या का शक जाहिर कर तहरीर दी है।



नानकमत्ता में बाबा तरसेम सिंह की अंतिम यात्रा में पहुंचे विभिन्न डेरों से आए प्रमुख व अन्य लोग। ● अमृत विचार



नानकमत्ता में बाबा तरसेम सिंह की चिता को मुखाग्नि देते दिल्ली डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा बचन सिंह। ● अमृत विचार

# बाबा तरसेम सिंह की अंतिम विदाई पर आंखें नम

## दिल्ली डेरा कार सेवा के प्रमुख ने दी मुखाग्नि, बड़ी संख्या में लोगों ने किए दर्शन, पुलिस बल रहा तैनात

**अंतिम संस्कार**

संवाददाता, नानकमत्ता/खटीमा

**अमृत विचार:** गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब डेरा कारसेवा के जत्थेदार बाबा तरसेम सिंह की गुरुवार को बाइक सवार शूटर्स ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिनका पार्थिव शरीर लोगों के दर्शन के लिए रखा गया था। शुक्रवार सुबह 10 बजे उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें भारी संख्या में संगत शामिल हुई। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के तहत पुलिस बल तैनात रहा।

बता दें कि बाबा तरसेम सिंह का पार्थिव शरीर संगत के अंतिम दर्शन के लिऐ डेरा कार सेवा में रखा गया था। शुक्रवार सुबह 10 बजे गुरुद्वारा दूध वाले कुएं के प्रांगण में अरदास के साथ उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया गया। दिल्ली डेरा कार सेवा के प्रमुख बाबा बचन सिंह ने बाबा तरसेम सिंह की चिता को मुखाग्नि दी।

इस मौके पर नानकपुरी टांडा के बाबा गुरजंट सिंह, दिल्ली के बाबा सुरेंद्र सिंह, करनाल के बाबा सुक्खा सिंह, फतेहगढ़ साहिब पंजाब के बाबा गुलजार सिंह, लुधियाना पंजाब के बाबा निर्मल सिंह, काशीपुर के बाबा लक्खा सिंह, कुरियालघाट के बाबा पाल सिंह, रीठा साहिब के बाबा श्याम सिंह, बाबा रेशम सिंह, विधायक यशपाल आर्य, भुवन कापड़ी, गोपाल सिंह राणा, शिव अरोड़ा, डॉ. प्रेम सिंह राणा, नारायण पाल, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेम सिंह पुरना, राजू भंडारी, श्रीपाल राणा, किसान आयोग के उपाध्यक्ष राज्यपाल सिंह, सुरेश गंगवार, डेरा कार सेवा के सेवादार दारा सिंह, निरवैर सिंह, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महासचिव व डायरेक्टर और प्रबंध कमेटी सुखवंत सिंह भुल्लर, रणजीत सिंह , सुखविंदर सिंह, अमृतपाल सिंह के अलावा स्थानीय प्रशासन व जिले के अधिकारी मौजूद रहे।

**10** बजे (सुबह) गुरुद्वारा दूध वाले कुएं के प्रांगण में अरदास के साथ पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया गया सैकड़ों लोगों ने गमगीन माहौल में किए अंतिम दर्शन

**22** दिसंबर 2016 में गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी का सामूहिक चुनाव कराया गया था



नानकमत्ता के डेरा कारसेवा में सेवादारों के साथ बैठक करते डीजीपी अभिनव कुमार। ● अमृत विचार

### हत्याकांड के खुलासे में लगी उत्तराखंड, यूपी और पंजाब की टीमें

**नानकमत्ता/खटीमा** : डीजीपी अभिनव कुमार ने कहा कि यह घटना प्रदेश के लिए बेहद दुखद और निंदनीय है। उन्होंने कहा कि इस घटना का शीघ्र खुलासा किया जाएगा। जिसके लिए उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और पंजाब प्रांत की तेज तर्रार पुलिस की टीमों को लगाया गया है। उन्होंने डेरा कारसेवा के कार सेवकों से सहयोग की अपील की है। उन्होंने बैठक कर अपने अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब डेरा कारसेवा के प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की हत्या के दूसरे दिन यहां पहुंचे पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने घटनास्थल सहित संदिग्ध स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मोटरसाइकिल पर सवार हत्यारे सीसीटीवी में साफ नजर आ रहे हैं। यह भी कहा कि दोनों हत्यारों के साथ तीन अन्य लोगों को भी नामजद किया गया है। उन्होंने थाना परिसर में पुलिस अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने अपने अधीनस्थों के साथ समीक्षा की और उन्हें मामले का शीघ्र खुलासा करने के कड़े निर्देश दिए। इस दौरान आईजी निलेश आनंद भरने सहित जिले के आला अधिकारी मौजूद थे।



संपत्ति विवाद को देखते हुए क्षेत्र में तैनात पुलिस बल। ● अमृत विचार

### डेरा कारसेवा व गुरुद्वारा साहिब की संपत्ति का विवाद

**नानकमत्ता/खटीमा** : गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब की प्रबन्ध कमेटी के संविधान को लेकर हाईकोर्ट में लंबित चल रहे आपसी विवाद पर समझौता होने से पूर्व कोर्ट ने नानकमत्ता गुरुद्वारा साहिब में प्रबंधन चलाने के लिये रिसीवर नियुक्त कर दिया था। कोर्ट के आदेश पर आपसी समझौता होने के बाद 22 दिसंबर 2016 में गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी का सामूहिक चुनाव कराया गया। इस चुनाव में 27 डेलीगेटों का चुनाव हुआ। जिसमें तराई महासभा और डेरा समर्थक डेलीगेट दोनों बराबर-बराबर चुने गए थे। जिसमें डेलीगेट जसविंदर सिंह गिल और प्रीतम सिंह संधू ने प्रधान पद की दावेदारी की। बाद में आपसी समझौते में जसविन्दर सिंह को डेढ़ साल के लिए कमेटी का प्रधान और प्रीतम सिंह संधू को महासचिव और केहर सिंह को सचिव चुन लिया गया। डेरे की सम्पत्ति और गुरुद्वारा साहिब की संपत्ति को लेकर विवाद और आरोप-प्रत्यारोप चलता आ रहा है। जिसको लेकर नानकमत्ता थाने में मुकदमा भी पंजीकृत है।

### पुलिस तैनात

**नानकमत्ता/खटीमा** : डेरा कार सेवा के जत्थेदार बाबा तरसेम सिंह की मौत के बाद डेरे की निजी संपत्ति बाबा हरबंश सिंह, बाबा फौजा सिंह, बाबा टहल सिंह, चैरिटेबल पंथरत्न अस्पताल, एकेडमी स्कूल, गुरुनानक महाविद्यालय, दूध वाले कुएं को लेकर किसी प्रकार का विवाद न हो इसे देखते हुए इस क्षेत्र में पुलिस तैनात कर दी गई है। बता दें कि पहले भी डेरे की संपत्ति को लेकर तमाम विवाद उत्पन्न हो चुके हैं।

# हत्या के छह घंटे बाद डाली सरबजीत ने फेसबुक पोस्ट

**जांच**

- हत्याकांड की ली जिम्मेदारी, बाबा पर लगाए कई संगीन आरोप, पुलिस ने शुरू की जांच

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार** : नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख तरसेम सिंह हत्याकांड में उस वक्त नया मोड़ आया जब तरनतारन पंजाब के रहने वाले सरबजीत सिंह ने अपनी फेसबुक आईडी पर हत्याकांड की जिम्मेदारी लेते हुए हत्या की वजह को बताया। फेसबुक पर मैसेज आने के बाद पुलिस ने फेसबुक आईडी की जांच शुरू कर दी है, हालांकि पुलिस का मानना है कि इस प्रकार के भ्रामक संदेश कुछ कट्टरपंथी लोग डाल रहे हैं। यदि मैसेज देने वाले की भूमिका जांच के दायरे में आती है, तो पुलिस कठोर कार्रवाई करेगी।

बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड के कई घंटे बीत जाने के बाद शुक्रवार को तरनतारन पंजाब के सरबजीत सिंह नाम से एक यूजर ने अपनी फेसबुक आईडी पर बाबा के हत्याकांड को सही करार देते हुए जिम्मेदारी लेने का दावा किया और हत्याकांड की वजह भी बताई। फेसबुक संचालक सरबजीत ने पंजाबी भाषा में संदेश देते हुए पोस्ट डाली कि उत्तराखंड के जिला ऊधमसिंह नगर के गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब के प्रधान सेवक तरसेम सिंह गलत राह पर चल रहे थे। जिससे सिखों की भावनाएं आहत हो रही थी। इसके अलावा सरबजीत ने बाबा पर कई संगीन आरोप भी लगाए। फेसबुक आईडी का मैसेज वायरल होने पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कहीं एक ही व्यक्ति तो नहीं है सरबजीत

**रुद्रपुर** : गुरुवार को कार सेवा डेरा प्रमुख बाबा तरसेम की हत्या होने के बाद शुक्रवार को अचानक तरनतारन पंजाब के सरबजीत सिंह द्वारा फेसबुक आईडी पर हत्या की जिम्मेदारी लेने और हत्या की वजह बताते हुए संदेश भेजा था, जबकि फेसबुक आईडी पर कोई फोटो भी नहीं लगा है। ऐसे में आशंका यह जताई जा रही है कि बाबा की हत्या करने वाला भी सरबजीत सिंह भी ग्राम मिया विंड तरनतारन पंजाब का रहने वाला है और फेसबुक आईडी संचालक भी सरबजीत सिंह मिया विंड का रहने वाला है। आशंका जतायी जा रही है कि हत्याकांड को अंजाम देने के बाद खुद हत्यारोपी फेसबुक आईडी संचालित कर समाज में सहानुभूति पाने की कोशिश तो नहीं कर रहा है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है।



बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड को लेकर पुलिस सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म पर नजर रखे हुए हैं। हत्याकांड के बाद सरबजीत सिंह की फेसबुक आईडी की भी तफ्तीश होगी। सोशल मीडिया के माध्यम से हत्याकांड को लेकर कई भ्रामक प्रचार किए जा रहे हैं। यदि संदेश देने वाले सरबजीत सिंह की भूमिका हत्याकांड में पाई जाती है तो पुलिस दर्ज मुकदमे में नामों की बढ़ोत्तरी करेगी और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करेगी। फिलहाल भ्रामक प्रचार पर समाज के लोग ध्यान न दें।
**-मंजूनाथ टीसी**, एसएसपी ऊधमसिंह नगर

# महिला ने मायके से लौटकर लगाई फांसी

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** एक दिन पूर्व मायके से लौटी विवाहिता ने दूसरे दिन संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगा ली। घटना के समय उसका पति ड्यूटी पर गया हुआ था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज परिजनों को सूचना दी।

मूल रूप से बरेली निवासी भद्रसेन राजपूत काशीपुर के कविनगर में किराये के मकान में अपनी पत्नी व दो बच्चों के साथ रहता है। भद्रसेन मुरादाबाद रोड स्थित एक पेपर मिल में आपॅरेटर के पद पर कार्यरत है। शुक्रवार की दोपहर भद्रसेन की 24 वर्षीय पत्नी पुष्पा ने कमरे में पंखे से लटकर फांसी लगा ली। मकान मालिक व अन्य लोगों ने उसका शव फंदे पर लटका हुआ देखा। जिसके बाद उन्होंने भद्रसेन व पुलिस को सूचना दी। भद्रसेन उस समय ड्यूटी से घर लौट रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज परिजनों को सूचना दी। बताया जा रहा है कि घटना के समय पुष्पा घर में अकेली थी और बच्चे वही पास में खेल रहे थे। उसके दो छोटे बच्चे है। बांसफोड़ान चौकी प्रभारी सुनील सुतेड़ी ने बताया कि मृतका एक दिन पूर्व ही अपने मायके से यहां आई थी और आज फांसी लगा ली।

### पत्नी से झगड़े के बाद खुदकुशी की

**रुद्रपुर** : कोतवाली इलाके के रहने वाले एक युवक ने अपनी पत्नी से झगड़ा होने पर फांसी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। मूलरूप से ग्राम बल्ली थाना शीशगढ़ बरेली निवासी 25 वर्षीय ज्ञान प्रकाश अपने परिवार के साथ कोतवाली इलाके के लोक बिहार कॉलोनी में रहता था। बताया जा रहा है कि पति और पत्नी के बीच अक्सर किसी न किसी बात को लेकर विवाद होता रहा था। बताया जा रहा है कि 19 मार्च को उसकी पत्नी बच्चों के साथ मायके भोजीपुरा गई थी और दो दिन पहले ही वापस घर लौटी थी। जिसके बाद पुन:दोनों के बीच विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि गुरुवार को पत्नी से नाराज होकर ज्ञान प्रकाश ने कमरे में जाकर फांसी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना मिलने पर रंपुरा चौकी प्रभारी नवीन बुधानी ने घटनास्थल का मुआयना किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### अज्ञात कारणों के चलते युवक ने लगाई फांसी

**दिनेशपुर** : नगर के वार्ड-तीन निवासी बिट्टू विश्वास पुत्र रंजीत विश्वास (27) ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार को सूचना पर पहुंचे एएसआई संतोष उप्रेती ने शव को उतरवाकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# पेड़ से टकराकर बाइक सवार विवि कर्मचारी की मौत

**पंतनगर:** कृषि विश्वविद्यालय परिसर में पेड़ से टकराकर एक बाइक सवार कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे सुरक्षा कर्मियों ने घायल को चिकित्सालय पहुंचाया। घायल की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित करते हुए शव मोर्चरी में रखवा दिया।



रमेश वर्मा।

शुक्रवार की शाम लगभग 7.30 बजे मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में कार्यरत टा कालोनी निवासी रमेश वर्मा (46) पुत्र स्व. काशीराम वर्मा अपनी बाइक से नगला से अपने आवास की ओर आ रहा था। इसी दौरान विश्वकसरैया भवन के पास उसने अपनी बाइक से नियंत्रण खो दिया और उसकी बाइक सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। छात्रावास के गेट पर ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने एंबुलेंस से घायल को विवि चिकित्सालय पहुंचाया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# दबंगों ने फायरिंग कर फैलाई दहशत

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार** : होली के दिन राजा कॉलोनी में दबंगों की ओर से फायरिंग करने और युवक को घायल करने का मामला सामने आया है। आरोप था कि दबंगों ने युवक पर फायर झोंक दिया और बाद में तलवार से हमला कर कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित ने उपचार कराने के बाद पुलिस को तहरीर और घटना की वीडियो सौंपकर कार्रवाई की मांग की। वीडियो पर साफतौर पर दिख रहा है कि युवक तमंचे से बेखौफ तरीके से फायरिंग कर रहे हैं।

नितिन गंगवार ने बताया कि 25 मार्च होली त्यौहार की दोपहर तीन बजे के करीब 10 से 12 हथियारबंद युवकों ने उनके पड़ोसी युवक पर बेवजह फायर झोंक दी और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। आरोप था कि 25 मिनट पर पुनः सभी हमलावर दोबारा आए और उसे पड़ोसी का साथी समझते हुए पहले तलवार से हमला कर घायल कर दिया और जान बचा कर भागते वक्त पीछे से तमंचे से फायर कर दिया। गोली कंधे को छूते हुए चली गई। जिससे वह बाल-बाल बच गया।

आनन-फानन में घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां उपचार कराने के बाद पीड़ित नितिन ने कुछ नामजद सहित 10 से 12 हमलावरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पीड़ित ने पुलिस को फायरिंग व हमले की सीसीटीवी फुटेज भी मुहैया कराई। उधर, थानाध्यक्ष भारत सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हमलावरों की तलाश हो रही है।

### मुखबिरी के शक में कार सवारों ने युवक को पीटा

**काशीपुर** : मुखबिरी के शक में कार सवार लोगों ने एक युवक को रास्ते में रोककर मारपीट की। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम पीपलसाना, रामनगर निवासी महेन्द्र सिंह पुत्र विशन सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गुरुवार की रात करीब आठ बजे वह अपने पडोसी दीपेन्द्र सिंह रावत पुत्र श्री चन्द्र सिंह रावत के साथ प्रतापपुर से फोटो कॉपी कराने स्कूटी से गये थे। फोटोकॉपी करा जब वह वापस घर लौट रहे थे। तभी वंशी वाले की दुकान के सामने प्रतापपुर में उनकी स्कूटी के आगे कार सवार सतनाम सिंह पुत्र त्रिलोक सिंह खालसा ढाबा स्वामी और कुलजीत सिंह व 8-10 अन्य लोगों ने कार लगा दी। साथ ही कार से उतरते ही उन्होंने पीड़ित के साथ गाली गलौच व मारपीट शुरू कर दी। ढाबे में हो रहे काम की मुखबिरी करने का आरोप लगाते हुए जान से मारने की धमकी भी दी।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
RMCH BAREILLY Excellence towards profession
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं0 9045372695 रिसेप्शन नं0 : 0581-2526012,11
कमरा नं. 1089A
ओ.पी.डी. समय : प्रातः 9.00 से 3.00 बजे तक
हृदय रोग विभाग की सुविधाएं
- अनुभवी चिकित्सकों द्वारा हृदय रोग का सम्पूर्ण इलाज व सुविधाएं
- इंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर
- टी.एम.टी.
- होल्टर टेस्ट (Holter Test)
- बैलून बाल्बोटामी
- इकोकार्डियोग्राफी
- कार्डिएक रीसिंक्रनाइज़ेशन थेरेपी (CRT)
- इम्प्लांटेबल कार्डियोवर्टर-डीफिब्रिलेटर (ICD)



हृदय रोग के लक्षण
- क्या छाती में दर्द या भारीपन रहता है और चलने पर बढ़ जाता है?
- क्या आपके पैरों में सूजन आती हैं?
- क्या खाना खाने के बाद सीने या पेट में जलन या दर्द होता है?
- क्या चलने में साँस फूलती है, हाथों में दर्द होता है एवं अचानक बेहोशी आना।
- क्या चलने पर घबराहट होती है?
- क्या आपको डाइबिटिज (शुगर) या हाई कोलेस्ट्रोल, या हाई ब्लडप्रेशर की शिकायत है और साँस फूलती है?
इस प्रकार का कोई भी लक्षण होने पर तुरन्त परामर्श करें
रोहिलखण्ड मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर इलाज मुफ्त
इमरजेंसी एवं आई.सी.यू. सुविधा 24 घण्टे उपलब्ध अनुभवी चिकित्सकों की देखरेख में
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS)
5. सी.ए.आर.आई. (CARI)
6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
7. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

# शीतला देवी माता मंदिर में पूजा के लिए उमड़े श्रद्धालु

## ऐतिहासिक सिद्धपीठ में वैशाख माह की शीतला अष्टमी तक जारी रहती है पूजा, दो अप्रैल को किया जाएगा बसौड़ा पूजन



काशीपुर के ऐतिहासिक सिद्धपीठ शीतला देवी माता मंदिर में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



गदरपुर में जय भवानी जागरण मंडल की ओर से निकाली गई शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** ऐतिहासिक सिद्धपीठ शीतला देवी माता मंदिर में वैशाख माह की शीतला अष्टमी तक जारी रहने वाली पूजा के तहत शुक्रवार को श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। वहीं बसौड़ा पूजन 2 अप्रैल को किया जाएगा।

बता दें कि शीतला देवी माता मंदिर में ऋतु परिवर्तन से होने वाले हैजा, चेचक, चर्म रोगों से मुक्ति के लिए प्रत्येक वर्ष चैत्र मास की द्वितीया से विशेष पूजन की मान्यता है। मंदिर के प्रबंधक/पीठाधीश पं. संदीप मिश्रा ने बताया कि श्रद्धालु नारियल, कच्चा दूध, चना-मसूर की दाल, हल्दी, गुड़, आटा व सरसों तेल से माता शीतला की पूजा-अर्चना करते हैं। साथ ही बासी भोग में पुए व पूरी मां को अर्पित करते हैं, क्योंकि शीतला देवी को मां अन्नपूर्णा का रूप भी माना जाता है। उन्होंने बताया कि बसौड़ा पूजन के पीछे मान्यता है कि मां कहती हैं बासी भोजन मुझे ग्रहण कराएं तथा परिवार में आज से ताजा भोजन करना शुरू करें, इससे मनुष्य रोग मुक्त रहता है। पं. संदीप मिश्रा ने बताया कि मां की आराधना सोमवार, बुधवार व शुक्रवार को करना लाभप्रद माना गया है। हालांकि, पंजाबी समाज में मंगलवार को माता शीतला की आराधना करने का विधान है। शीतला अष्टमी तिथि और मुहूर्त बताते हुए उन्होंने कहा कि शीतला अष्टमी मंगलवार 2 अप्रैल को है। शीतला अष्टमी पूजा मुहूर्त प्रातः 0619 बजे से सायं 0632 बजे तक है, जिसकी अवधि 12 घंटे 13 मिनट है।

### चैती मेले में इस बार दूर से ही होंगे मां बाल सुंदरी के दर्शन

**काशीपुर :** चैती मंदिर से लोगों की गहरी आस्था जुड़ी हुई है। आस्था का ज्वार तब उमड़ता है जब नगर मंदिर से मां बाल सुंदरी का डोला चैती मंदिर में विराजमान किया जाता है। इसकी तैयारियां प्रशासन के अलावा मंदिर से जुड़े लोग भी कर रहे हैं। बताया कि भीड़भाड़ होने पर श्रद्धालुओं को मां बाल सुंदरी के दर्शन दूर से ही कराए जाएंगे। शुक्रवार को मंदिर के मुख्य पंडा विकास अग्निहोत्री ने बताया कि हर साल लाखों भक्त मां बाल सुंदरी के दर्शन को आते हैं। 15 अप्रैल की अर्धरात्रि नगर मंदिर से मां बाल सुंदरी का डोला चैती मंदिर पूजा अर्चना के साथ लाया जाएगा। उन्होंने बताया कि कई बार अधिक भीड़ हो जाती है। अव्यवस्था न हो, इसके लिए भीड़भाड़ के समय दूर से ही मां बाल सुंदरी के दर्शन की व्यवस्था की गई है।

### वैष्णो देवी रवाना होने से पूर्व नगर में निकाली शोभायात्रा

**गदरपुर :** श्री जय भवानी जागरण मंडल के सौजन्य से एक बस में श्रद्धालु मां वैष्णो देवी यात्रा के लिए नगर से रवाना हुए। इस दौरान श्रद्धालुओं ने बैंड बाजे के साथ नगर में शोभायात्रा निकाली। शुक्रवार को श्री जय भवानी जागरण मंडल के नगर अध्यक्ष सोमनाथ छाबड़ा ने बताया कि जय भवानी जागरण मंडल की तरफ से एक बस गदरपुर से हरिद्वार, मनसा देवी, चंडीगढ़ ,नैना देवी ,जालंधर देवी तालाब मंदिर, स्वर्ण मंदिर गुरुद्वारा अमृतसर, कटरा मां वैष्णो देवी, जम्मू, मां चामुंडा, मां कांगड़ा, बगलामुखी, मां चिंतपूर्णी, मां ज्वाला से पवन ज्योत लेकर श्री आनंदपुर साहिब होते हुए 8 अप्रैल को मां की पावन ज्योति लेकर नगर वापस आएगी। उन्होंने कहा कि पावन ज्योति को सनातन धर्म मंदिर में स्थापित किया जाएगा। यात्रा में जाने वाले जय भवानी जागरण मंडल के अध्यक्ष सोमनाथ छाबड़ा, महंत पंडित राजन शर्मा ,अशोक पोपली, श्याम सुंदर कालरा, रिक्कू भुसरी, शिवा शर्मा, सक्षम ग्रोवर, अशोक पोपली, सुनीता भावरी, सुनीता छाबड़ा, मीनू गगनेजा, सपना भुसरी, सपना पोपली, पूनम शर्मा निशा बजाज आदि श्रद्धालु मौजूद थे।

## सार-संक्षेप



जसपुर में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### पंचायत में किया किसानों की समस्याओं पर मंथन

**जसपुर :** भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत में किसानों की समस्याओं पर मंथन किया गया। मासिक पंचायत का आयोजन गांव भगवंतपुर में चौधरी किशन सिंह के आवास पर किया गया, जिसमें किसानों की समस्याओं पर गम्भीरता से विचार किया गया और उनके निराकरण की मांग की गई। पंचायत के बाद भाकियू कार्यकर्ताओं ने किसानों की समस्याओं को लेकर डीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। जिसमें कहा गया कि गेहूं की फसल पक चुकी है गेहूं क्रय केंद्र खोले जायें। जगतपुर पट्टी गांव में गेहूं क्रय केंद्र खोला जायें। तुमरिया डाम की नहरों की सफाई कराई जाये व नहरों में गांवों का गंदा पानी छोड़ने से रोका जाए। पंचायत की अध्यक्षता यूनियन के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम सहोता ने की। इस मौके पर जागीर सिंह, शीतल सिंह, हरदेव सिंह, अपार सिंह, संजीव चौधरी, जसवीर सिंह, त्रिलोक सिंह, बलविंदर सिंह आदि थे।



बाजपुर में होली मिलन समारोह का शुभारंभ करतीं मुख्य अतिथि सुरेशी शर्मा।

### होली मिलन समारोह में एक दूसरे को लगाया अबीर-गुलाल

**बाजपुर :** नगरपालिका के वार्ड नंबर–आठ में मनीषा मुकुंद शुक्ला के आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेविका सुरेशी शर्मा, ब्लाक प्रमुख सरिता देवी आदि ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि सुरेशी शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में त्योहारों का विशेष महत्व है और यहां सभी पर्व शांति एवं भाईचारे के साथ बनाए जाते हैं। समारोह के दौरान महिलाओं ने एक–दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर बधाई दी। इस मौके पर वार्ड नंबर–सात की सभासद मिथिलेश वर्मा, मनीषा शुक्ला, गीता चंद्रा, कुसुम सैनी, पूजा जिंदल, ललिता, पुष्पा शर्मा, शालिनी शर्मा, चंद्रकला यादव, गीता, ज्योति सिंघल, नीतू चौहान, शीतल यादव, पूजा अग्रवाल आदि मौजूद रही।



बाजपुर में बैठक में शिक्षा देने को चर्चा करते प्रबंध समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य।

### नाममात्र के शुल्क पर बच्चियों को उपलब्ध करवाई जाएगी शिक्षा

**बाजपुर :** मुख्यमार्ग पर शहर के मध्य स्थापित क्षेत्र के जाने–माने इंटर कालेज बाजपुर में अब बालिकाओं को भी कक्षा–9 से 12 तक की शिक्षा के लिए इसी शिक्षा सत्र से प्रवेश दिया जाएगा और नाममात्र की सरकारी शुल्क पर ही बच्चियों को शिक्षा उपलब्ध करवाई जाएगी। शुक्रवार को केंद्र सरकार की बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ की सार्थकता को सिद्ध करने के लिए अध्यक्षा सुरेशी शर्मा की अगुवाई में आयोजित प्रबंध समिति की अहम् बैठक में गहन विचार–विमर्श के पश्चात यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। बताया गया कि नवीन शिक्षण सक्ष के लिए एक अप्रैल से कक्षा–9 से 12वीं तक की शिक्षा के लिए बालिकाओं को विद्यालय में संचालित सभी वर्गों (कला, विज्ञान, वाणिज्य व कृषि) में प्रदेश दिया जाएगा। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक सुरेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष भोजराज गर्ग, प्रधानाचार्य कैप्टन एसपी सिंह, प्रधान लिपिक जयप्रकाश यादव, सुभाष शर्मा, बहादुर भंडारी, त्रिलोचन सिंह, रावेंद्र सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

### कर्मचारी का खोया पर्स लौटाया



मोहित तिवारी।

**बाजपुर :** दुनिया में भले इंसानों की कोई कमी नहीं है, भले इंसान अपने कामों से समाज को नई ऊर्जा देते रहते हैं। कुछ दिन पहले विकास भारती स्कूल के कर्मचारी अंग्रेज सिंह का पर्स खो गया था। बहुत खोजबीन व प्रयास के बाद भी पर्स नहीं मिला, तभी अचानक विकास भारती स्कूल में बाजपुर तहसील में कार्यरत मोहित तिवारी आए और स्कूल के कर्मचारी के खोए पर्स को वापस लौटाया। इस बीच मोहित तिवारी की मुलाकात विद्यालय के चेयरमैन संसार सिंह से हुई। मोहित तिवारी द्वारा बड़ी विनम्रता के साथ पर्स के बारे में चर्चा की गई। खोए पर्स को पाकर कर्मचारी बहुत खुश हुआ।

### ओवरलोडेड और ओवरहाइट वाहनों पर कार्रवाई नहीं

**बाजपुर :** नगरपालिका अध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते ने कहा कि ओवरलोडेड व ओवरहाइट वाहनों पर प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है जिससे आए दिन दुर्घटनाएं देखने को मिल रही हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को भी जब वह रेलवे क्रासिंग की ओर से गुजर रहे थे तो उन्हें फाटक के नजदीक रेलवे की बैरिकेडिंग में पराली से भरी टैक्टर–ट्राली फंसी मिली। मार्ग अवरुद्ध होने से वाहनों की लंबी कतार लग गई। इस दौरान जाम में फंसे लोगों को यातायात व्यवस्था सुचारू होने तक परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस बीच पुलिस व आमजन की मदद से बैरिकेडिंग में फंसी पराली से भरी टैक्टर–ट्राली को निकाला गया और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करवाया गया। उन्होंने ओवरहाइट व ओवरलोडेड खनन वाहनों पर अंकुश लगाने की मांग की है।

## बार एसोसिएशन के प्रेस प्रवक्ता बने सनत



सनत पैगिया।

**काशीपुर :** काशीपुर बार एसोसिएशन अध्यक्ष अवधेश चौबे ने अधिवक्ता सनत पैगिया को बार एसोसिएशन काशीपुर का प्रेस प्रवक्ता मनोनीत किया है। जिस पर अधिवक्ताओं ने खुशी जाहिर कर बधाई दी।

सनत पैगिया ने कहा कि वह काशीपुर बार एसोसिएशन की प्रगति एवं विकास कार्यों के संदर्भ में मीडिया को समय-समय पर अवगत कराते रहेंगे तथा बार एसोसिएशन की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने में सहयोग करेंगे। सनत पैगिया के मनोनयन पर सचिव नृपेंद्र चौधरी, उपाध्यक्ष अनूप शर्मा, उपसचिव सूरज कुमार, कोषाध्यक्ष सौरभ शर्मा, पुस्तकालय अध्यक्ष सतपाल बल, ऑडिटर हिमांशु बिश्नोई आदि ने बधाई दी।



प्रशिक्षण के समापन पर जानकारी देते सीएमओ डॉ. मनोज कुमार शर्मा।

### महिला चिकित्सक, स्टाफ नर्स को दिया प्रशिक्षण

**रुद्रपुर :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम के तहत मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम का तीन दिवसीय दक्षता प्रशिक्षण का समापन हो गया। इस दौरान जनपद के विभिन्न चिकित्सालयों में तैनात महिला चिकित्सक, स्टाफ नर्स एवं एएनएम को सुरक्षित प्रसव कराने एवं नवजात शिशुओं की देखभाल करने की जानकारी दी गयी। शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज कुमार शर्मा ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद महिला चिकित्सा अधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा सुरक्षित प्रसव को बढ़ावा दिया जाएगा। इससे मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु को रोकने में मदद मिलेगी। मास्टर ट्रेनर व वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिलाषा पांडेय एवं डॉ. टी पूजा ने महिला चिकित्सक, स्टाफ नर्स एवं एएनएम को सुरक्षित प्रसव कराने एवं नवजात शिशुओं की देखभाल करने की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरेंद्र मलिक, डॉ. एसपी सिंह, डॉ. राजेश आर्य, जिला कार्यक्रम प्रबंधक हिमांशु, मुस्यूनी, जिला लेखा प्रबंधक डीएस भंडारी, जिला डाटा प्रबंधक चांद मियां समेत स्वास्थ्य विभाग के कई कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पीओ एमसीएच फरहीन फातिमा ने किया।

# चीनी मिल को भुगतान के आदेश

संवाददाता, बाजपुर

**वेजबोर्ड मामला**

▶▶ **वेजबोर्ड मामले में न्यायालय के आदेश पर उत्तराखण्ड सहकारी चीनी मिल्स संघ ने भुगतान को कहा**

**अमृत विचार:** चीनी मिल के लगभग 700 कर्मचारियों को साढे. चार करोड़ से भी अधिक का लाभ होने जा रहा है। न्यायालय के आदेश पर उत्तराखण्ड सहकारी चीनी मिल्स संघ ने बाजपुर चीनी मिल को भुगतान करने के आदेश दिए हैं।

चीनी मिलों में वर्ष 2816-17 में शासन द्वारा 01अक्टूबर 2015 से वेजबोर्ड को लागू करने के आदेश दिए थे लेकिन चीनी मिलों द्वारा घाटे का हवाला देकर एक जनवरी 2017 से वेजबोर्ड के अनुसार भुगतान करना शुरू किया गया। समय-समय पर यूनियनों द्वारा 15 माह के एरियर की मांग की गई लेकिन भुगतान नहीं किया गया जिसके चलते गेंदराज सिंह सचिव, चीनी मिल मजदूर सभा दि बाजपुर को आपरेटिव शुगर फैक्ट्री लिमिटेड द्वारा याचिका संख्या-298/2023 (एस/एस) दायर की गई जिसमें 10जनवरी को 2024 न्यायालय द्वारा 679 कर्मचारियों को आठ सप्ताह में एक अक्टूबर 2015 से 31 दिसम्बर 2016 तक के पुनरीक्षित देयकों के भुगतान का एरियर अपने संसाधनों से देने के आदेश दिए गए। उपरोक्त आदेश से चीनी मिल के चालीस प्रतिशत स्थाई व साठ प्रतिशत सीजनल कर्मकारों को फायदा होगा। तराई चीनी मिल कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष विरेन्द्र सिंह ने बताया कि उपरोक्त भुगतान आठ सप्ताह में किया जाना था समय निकल चुका है जल्द भुगतान नही किया गया तो कोर्ट की अवमानना का वाद दायर किया जायेगा। उन्होंने बताया कि उस समय चार यूनियनों ने सहयोग देकर रिट दायर करवाई थी जिसमें करीब चार करोड तेरेपन लाख रुपए का एरियर वनता है सथाई कर्मकार को सत्तर से अस्सी हजार व सीजनल को चालीस से पचास हजार तक का फायदा होगा लेकिन यह लाभ उन्ही को मिलेगा जिनका नाम न्यायालय की सूची में है बाकी लोगो को भी भी न्यायलय का सहारा लेना पड सकता है।

वैसे प्रबंधन चाहे तो सभी को एरियर दे सकता है। इस संबंध में चीनी मिल के महाप्रबंधक हरवीर सिंह ने दूरभाष पर बताया कि बह बाहर आए है उन्होंने आदेश अभी देखा नहीं है यदि न्यायालय ने ऐसा कोई आदेश दिया है तो उसका पालन किया जायेगा। वहीं भुगतान को आदेश होने पर कर्मचारियों द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया है और जल्द भुगतान करने की मांग की है। बताते चलें कि करोड़ों के घाटे में चल रही चीनी मिल बाजपुर को अपने कर्मचारियों का एरियर देने के लिए संसाधन जुटाने होंगे जिससे अन्य देनदारियां भी प्रभावित हो सकती हैं।

# मेले में बच्चों ने पेश किए मॉडल

संवाददाता, खटीमा



खटीमा के प्राथमिक विद्यालय में आयोजित बाल शोध मेले में प्रदर्शित बच्चों के मॉडल।

**अमृत विचार:** राजकीय एकीकृत प्राथमिक विद्यालय बिरिया में वार्षिकोत्सव एवं बाल शोध मेले का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने बॉक्स फाइल, शिक्षकों की डायरी तथा नवाचारी गतिविधियों की प्रदर्शनी लगाई।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रतिनिधि खंड शिक्षा अधिकारी सुदर्शन चंद्र गहतोड़ी, बीआरसी समन्वयक करुणेश सिंह, प्रधानाचार्य महेंद्र प्रताप पांडे, प्रधानाध्यापक हरीश सिंह कनवाल ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम किया और बच्चों ने मॉडल प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य पांडे ने आगंतुकों का आभार जताया। इस अवसर पर रमेश चंद्र तिवारी, दिनेश चंद्र शर्मा, भगवान चंद, आलोक सिंह, दिव्य प्रकाश जोशी, सोमू त्रिपाठी, शेर सिंह, जिला पंचायत सदस्य चंदू मुंडेला, ग्राम प्रधान महेंद्र चन्द, पुष्पा खड़ायत, कमला भंडारी, मीनू नयाल, निर्मला ओझा, रहीश अहमद, सीआरसी समन्वयक जितेंद्र यादव आदि थे। संचालन रमेश चंद्र तिवारी ने किया।

**पसोपेश** एक अप्रैल से कक्षाएं शुरू करने की सोच रहा विभाग, अगली कक्षा की किताबें न आने से बच्चे पढ़ाई को लेकर परेशान

# नये शिक्षा सत्र की तैयारी, किताबों के आने का पता नहीं

राजू वर्मा, काशीपुर

**90** प्राथमिक विद्यालय, 25 उच्च प्राथमिक विद्यालय और दो जूनियर हाईस्कूल हैं काशीपुर में, स्कूलों में किसी भी विषय की किताब नहीं पहुंची अभी तक

**अमृत विचार :** एक अप्रैल से नया शिक्षा सत्र शुरू होने जा रहा है, इसके लिए छात्र-छात्राओं ने तो तैयारियां कर ली हैं, लेकिन शिक्षा विभाग के पास छात्र-छात्राओं को पढ़ाने के लिए नई किताबें तक नहीं आई हैं। हैरत की बात यह है कि जिम्मेदारों को खुद पता नहीं कि किताबें कब तक स्कूली बच्चों को मिलेंगी। इससे बच्चे भी नए शिक्षा सत्र को लेकर पसोपेश में नजर आ रहे हैं।



हर साल एक अप्रैल को शिक्षा विभाग नया शिक्षा सत्र शुरू कर देता है। काशीपुर में 90 प्राथमिक विद्यालय, 25 उच्च प्राथमिक विद्यालय और दो जूनियर हाईस्कूल है। इन स्कूलों में भविष्य सुधारने के लिए सैकड़ों बच्चे शिक्षा ग्रहण करने को आते हैं। नया शिक्षा सत्र को एक दिन ही बचे हैं, लेकिन स्कूलों में किसी भी विषय की नई किताब तक नहीं पहुंची है, जिम्मेदार अधिकारियों का कहना है कि डिमांड भेज दी गई है। जिले के मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत ने बताया कि जल्द ही स्कूलों तक किताबें पहुंचाई जाएगी। वहीं सूत्रों की माने तो इस बार नया शिक्षा सत्र के दौरान शिक्षा व्यवस्था चौपट ही रहेगी। इसकी वजह शिक्षकों के मूल्यांकन व चुनाव ड्यूटी में लगना है। काशीपुर के प्रभारी बीईओ धीरेंद्र कुमार शाहू ने बताया कि पुरानी किताबों से बच्चों को पढ़ाने की व्यवस्था की जाएगी। बताया कि पिछली बार अप्रैल तक अंत तक किताबें स्कूलों में भेजी गई थी।



नया शिक्षा सत्र शुरू होने वाला है, स्कूल जाने के लिए तैयारियां कर रही हूं, ड्रेस आदि खरीद ली है। नई कक्षा में नया पाठ्यक्रम होगा।

–स्तुति, छात्रा



नए शिक्षा सत्र में नई किताबों से हर साल गुरुजी पढ़ाई कराते हैं, एक अप्रैल को स्कूल खुलेंगे तो हम भी अपनी तैयारियों के साथ जाएंगे।

–अंकित, छात्र



10वीं की परीक्षा दी है। रिजल्ट आते ही अगली कक्षाओं की किताबों को इंतजार किया जाएगा। स्कूल स्तर पर ही किताबें मिलती है। पिछली साल भी देरी से किताबें मिली थी।

–विशेष कुमार, छात्र



बोर्ड की परीक्षा दी है। अगली कक्षा की तैयारियां कर ली है। मार्केट से ड्रेस खरीद ली है। बस्ता भी नया खरीदा है। नए शिक्षा सत्र के दौरान मन लगाकर पढ़ूंगा।

–गौरव हमाल, छात्र।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत वाईपास रोड, बरेली
विशाल एण्डोस्कोपी शिविर
सहयोग से : बरेली ओबस्टेट्रिक गाइनकालजी सोसाइटी
दूरबीन विधि द्वारा बच्चेदानी के आपॅरेशन



दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद, चेन्नई, बैंगलौर एवं विदेश के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ द्वारा दूरबीन विधि से स्त्री रोग सम्बन्धित समस्त ऑपरेशन
जल्द से जल्द पंजीकरण कराकर इस सुविधा का लाभ उठायें।
ऑपरेशन दिनांक 19 अप्रैल 2024
पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) 31 मार्च 2024 तक ही किये जायेंगे। प्रथम 10 पंजीकृत मरीजों को प्राथमिकता दी जायेगी।

| लैप्रोस्कोपी द्वारा दूरबीन विधि से ऑपरेशन | हिस्ट्रोस्कोपी का दूरबीन द्वारा ऑपरेशन |
|---|---|
| 1) बच्चेदानी निकालने का ऑप्रेशन (हिस्ट्रेक्टमी) | 1) ऐशरमैन का इलाज |
| 2) रसौली निकालने का ऑप्रेशन (मायोमेक्टमी) | 2) बच्चेदानी के अन्दर की रसौली (हिस्ट्रोस्कोपिक मायोमेक्टोमी) |
| 3) अण्डेदानी की रसौली निकालने का ऑप्रेशन (ओवेरियन सिस्टैक्टॉमी) | 3) ट्यूब खोलना (हिस्टेरोस्कोपी कम्युलेशन) |
| 4) बांझपन की दूरबीन विधि द्वारा जांच | 4) बच्चेदानी के अन्दर जन्मजात विकृति ठीक करना |
| 5) बन्द ट्यूब खोलने का ऑप्रेशन | 5) बच्चेदानी के अन्दर का पॉलिप निकालना (हिस्टेरोस्कोपिक पॉलीएटोनी) |
| 6) बच्चेदानी की बनावट सम्बन्धी जन्मजात बीमारियों का इलाज ऑप्रेशन | |

रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : 9997015620, 9081800900
कमरा नं. 1178, स्त्री रोग विभाग, रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, बरेली
एन.ए.वी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था
*एंट्री लेवल

# धौलछीना के कलौन के पास बोलेरो दुर्घटनाग्रस्त

## वाहन चालक समेत पांच यात्री हुए घायल, टला बड़ा हादसा

संवाददाता, अल्मोड़ा


धौलछीना के कलौन के पास दुर्घटनाग्रस्त वाहन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** विकास खंड धौलछीना के कलौन के पास शुक्रवार की तड़के एक बोलेरो जीप अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में चालक समेत पांच लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायलों को खाई से निकालकर स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सभी को छुट्टी दे दी गई।

शुक्रवार की तड़के हल्द्वानी से सवारी लेकर डीडीहाट की ओर जा रही बोलेरो जीप संख्या यूके-04-टीए-0687 बाड़ेछीना और धौलछीना के बीच कलौन नामक स्थान पर अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क से करीब तीस मीटर नीचे जा गिरी। संयोग से जीप सड़क से पलटकर नीचे जाकर एक खेत में सीधे जाकर खड़ी हो गई। जिस कारण यात्रियों को अधिक चोट नहीं आई। सूचना मिलने पर धौलछीना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और सभी घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को छुट्टी दे दी गई। थानाध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि वाहन को दिनेश कुमार चला रहा था। जो अचानक वाहन से अपना संतुलन खो बैठा। वाहन में डीडीहाट की सवारी और अखबार के कुछ बंडल भी लदे हुए हुए थे। बताया कि यात्रियों को उपचार के बाद दूसरे वाहनों से गंतव्य की ओर रवाना कर दिया गया है।

## जुजित्सु चैंपियनशिप में तीन खिलाड़ियों का हुआ चयन

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** नेशनल कराटे और मार्शल आर्ट एकेडमी के तीन खिलाड़ियों का चयन उत्तराखंड जूजित्सु राष्ट्रीय प्रतियोगिता 2024 के लिए हुआ है। उत्तराखंड मार्शल आर्ट गेम्स कमेटी के उपसचिव व कराटे कोच यशपाल भट्ट ने बताया कि नेशनल कराटे व मार्शल आर्ट एकेडमी अल्मोड़ा की दो छात्राओं कृतिका अधिकारी, दक्षता राजपूत तथा एक छात्र नितीश कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्तराखंड राज्य स्तरीय जुजित्सु चैंपियनशिप 2023 में पदक प्राप्त किया था।

अब यह खिलाड़ी लखनऊ में चार अप्रैल तक होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर विधायक मनोज तिवारी, जिला पंचायत सदस्य उमा बिष्ट, विद्या मंदिर जीवनधाम की प्रधानाचार्या गोदावरी चतुर्वेदी, सतीश जोशी, एशियन पदक विजेता खिलाड़ी प्रज्ञा जोशी, नेशनल खिलाड़ी नीलेश जोशी आदि ने शुभकामनाएं दी हैं।

# प्रेमिका के चक्कर में उजाड़ दिया बसा बसाया घर

संवाददाता, अल्मोड़ा

**आपबीती**

- पति समेत कथित प्रेमिका के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा
- प्रेमिका के चक्कर में पत्नी और बच्चों से करता था मारपीट

**अमृत विचार :** कथित प्रेमिका के मोहपाश में आकर एक व्यक्ति ने पंद्रह साल से अपने बसे बसाए घर को उजाड़ दिया। प्रेमिका के चक्कर में पत्नी और बच्चों से जमकर मारपीट भी की और बाद में दिल्ली में स्थित घर भी बेच दिया। पति की इन हरकतों से तंग आकर उसकी पत्नी अब अल्मोड़ा लौट आई है और उसने पुलिस को आपबीती सुनाते हुए पति और उसकी कथित प्रेमिका के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज करा दिया है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जिले के पिल्खा सुंदरपुर निवासी एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसका विवाह अप्रैल 2008 में अशोक सिंह नाम के व्यक्ति के साथ हुआ था। अशोक दिल्ली में नौकरी करते थे, इसलिए विवाह के कुछ समय बाद वह भी अपने पति के साथ दिल्ली चली गई। इस दौरान उनके एक बेटे और एक बेटी का जन्म भी हुआ और सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा था। लेकिन वर्ष 2017 के बाद से अशोक का व्यवहार परिवार के प्रति कुछ बदलने सा लगा। धीरे धीरे वह जरा सी बात पर झगड़ा और मारपीट करने लगे।

महिला ने तहरीर में कहा कि जब उन्होंने अपने पति के बारे में जानकारी हासिल की तो पता चला कि दिल्ली में अल्मोड़ा के एक गांव की युवती रहती है। जिसके साथ उसके पति के अवैध संबंध हैं। इधर महिला थाना पुलिस ने अशोक सिंह और उक्त युवती के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सार-संक्षेप

### रानीखेत पुलिस ने किया गुमशुदा बालक को बरामद

**रानीखेत :** कठपुड़िया निवासी एक व्यक्ति के सोशल मीडिया पर एसएसपी व अल्मोड़ा पुलिस को टैग कर एक पोस्ट की गयी, जिसमें एक नाबालिग बच्चे के दोपहर 01 बजे से कठपुड़िया से गायब होने की शिकायत दर्ज की थी। विगत दिवस रानीखेत पुलिस ने बालक को सकुशल बरामद कर लिया है। एसएसपी देवेन्द्र पींचा ने पोस्ट में दिए गए नंबरों पर सम्पर्क कर बालक के परिजनों से वार्ता करने तथा उनकी हरसम्भव मदद करने के लिये निर्देशित किया है। प्राप्त जानकारी के आधार पर कोतवाली रानीखेत में तैनात कानि0 कमल गोस्वामी ने नगर क्षेत्र में बालक के बारे में जानकारी जुटाकर लगभग दो घंटे के भीतर गुमशुदा बालक को सकुशल बरामद कर लिया। परिजनों ने एसएसपी अल्मोड़ा द्वारा सोशल मीडिया पोस्ट पर लिये गये तुरन्त एक्शन की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया गया।

### बडन मैमोरियल चर्च में हुई विशेष प्रार्थना सभा

**अल्मोड़ा :** गुड फ्राइडे के मौके पर जिला मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक बडन मेमोरियल मैथोडिस्ट चर्च में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। ईसाई समुदाय के लोगों ने प्रभु यीशु के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। प्रार्थना सभा में मुल्क के अमन चैन की कामना की गई। इस मौके पर चर्च के मुख्य पादरी ने प्रभु यीशु के सात वचनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कहा कि गुड फ्राइडे का दिन प्रभु यीशु मसीह के वचनों के माध्यम से इंसानियत की राह पर चलने का ज्ञान देने वाला है।

### धौलछीना थाने को उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला सम्मान

**अल्मोड़ा :** जिले में वर्ष 2023 में अपराधियों की धर पकड़ और उनको सजा दिलाने के मामले में अल्मोड़ा के थाना धौलछीना के थानाध्यक्ष सुशील कुमार तथा उनकी टीम को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्रशस्ति पत्र मिला है। पुलिस मुख्यालय में राज्य के पुलिस स्टेशनों में दोष सिद्ध प्रदर्शन की समीक्षा की गई। इसमें थाना धौलछीना का प्रदर्शन सौ प्रतिशत रहा। इस बेहतर प्रदर्शन के लिए अपर पुलिस महानिदेशक एपी अंशुमन ने थानाध्यक्ष धौलछीना सुशील कुमार को व उनकी टीम को प्रशस्ति पत्र दिया है।


टनकपुर नगर पालिका कार्यालय में व्यापारियों ने दिया ज्ञापन। ● अमृत विचार

### नगर में कीटनाशक का छिड़काव किया जाए

**टनकपुर :** टनकपुर नगर उद्योग व्यापार मंडल ने नगर क्षेत्र में मच्छरों से लोगों के बचाव के लिए कीटनाशक का छिड़काव किए जाने की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में नगरपालिका कार्यालय में जाकर ज्ञापन सौंपा। शुक्रवार को नगर उद्योग व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष राकेश अग्रवाल के नेतृत्व में व्यापारियों ने नगरपालिका के वरिष्ठ लिपिक बसंत राज चन्द को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि इन दिनों मां पूर्णागिरि धाम का मेला चल रहा है, जिसमें प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं का आवागमन हो रहा है, जिस वजह से नगरीय क्षेत्र में मच्छरों से सुरक्षा को देखते हुए कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव किया जाना बेहद जरुरी है। ज्ञापन देने वालों में व्यापार मंडल अध्यक्ष वैभव अग्रवाल, महामंत्री संजय पांडेय, नंदा बल्लभ जोशी, श्रीमन गुप्ता, मोहित गड़कोटी, चंद्रशेखर जोशी, मनोज खर्कवाल आदि मौजूद रहे।

# भगवान सिंह ने की थी पान सिंह की हत्या, गिरफ्तार

संवाददाता, चम्पावत


पुलिस की गिरफ्त में हत्यारा भगवान सिंह।

**अमृत विचार:** जनपद चम्पावत के पाटी क्षेत्र में 25 साल के एक युवक के कत्ल का आरोपी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पाटी के सैलानी तोक के भगवान सिंह को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। मृतक के परिजनों ने पकडे. गए आरोपी पर दो अन्य लोगों के साथ पहले ही शक जताया था। हत्या की वजह पान सिंह बिष्ट से पुराना विवाद बताया गया। आरोपी को शुक्रवार अपरान्ह अदालत में पेश करने के बाद उसे लोहाघाट हवालात भेज दिया गया। वहीं शुक्रवार को पान सिंह बिष्ट का अंतिम संस्कार कर दिया गया। पाटी विकासखंड के मंगललेख गांव के पान सिंह बिष्ट (25) पुत्र कैलाश सिंह बिष्ट का शव 27 मार्च सुबह मंगललेख से डेढ़ किलोमीटर दूर सैलानी तोक पर मिला।
पान सिंह के सिर और गर्दन में चोट के निशान होने से हत्या का अंदेशा जताया जा रहा था। पाटी थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। इधर पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने शुक्रवार अपरान्ह पाटी के पान सिंह बिष्ट हत्या का खुलासा किया। पुलिस कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने सिलसिलेवार तरीके से हत्या करने की वजह बताई।

एसपी ने बताया कि भगवान सिंह पुत्र मदन सिंह निवासी सैलानी गांव ने हत्या को रात 12 बजे अंजाम दिया। हत्या चाकू घोंपने के अलावा लाठी डंडों से मार कर की गई। पाटी के थानाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कोरंगा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने हत्यारोपी को गिरफ्तार किया।

# पांडेखोला का जंगल आग से धधका

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** गर्मी बढ़ने के साथ साथ अब पर्वतीय क्षेत्रों में वनाग्नि की घटनाओं में भी तेजी से वृद्धि हो रही है। बीती शाम नगर के पांडेखोला के जंगल में भी अचानक भयानक आग लग गई। जिसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई। कर्मचारियों की घंटों की मशक्कत के बाद बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया जा सका।

गुरुवार की शाम अचानक लोअर माल रोड पर पांडेखोला के पास स्थित एकांत रेस्टोरेंट से लगे जंगल में आग लग गई। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया


आग पर काबू पाते विभाग के कर्मचारी।

और वह काफी लंबे क्षेत्र में फैल गई। आग की लपटें धीरे-धीरे आसपास के बसासत वाले इलाकों व मुख्य मार्ग तक पहुंच गई। धुंए के गुबार के कारण लोअर माल रोड से वाहनों का निकलना मुश्किल हो गया। आग को बढ़ते देख स्थानीय लोगों ने अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को इसकी जानकारी दी। अग्निशमन अधिकारी महेश चंद्र के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची। अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि जंगल की आग लगातार आबादी वाले इलाकों और मुख्य मार्गों की ओर बढ़ रही थी। इसलिए विभाग की टीम ने एक ओर से हाईप्रेशर से पंपिंग कर एक होजरील की सहायता से व पीट-पाट कर आग को बुझाने का प्रयास किया। दूसरी ओर से वन विभाग की टीम ने आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किया। उन्होंने बताया कि करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया जा सका।

### न्यायालय परिसर के पास भी भड़की आग

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** शुक्रवार की देर शाम अल्मोड़ा के विकास भवन के पास स्थित जिला सत्र न्यायालय के पास के जंगल में भी भयानक आग लग गई। आग ने थोड़ी ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया और जजी परिसर की ओर बढ़ने लगी। स्थानीय लोगों ने आग की लपटें और वहां से उड़ते धुंए के गुबार को देखा तो तत्काल इसकी जानकारी अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को दी। सूचना मिलने के बाद अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई है और उन्होंने आग बुझाने का काम शुरू कर दिया है।

## निर्वाचन कार्यों में कोई लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दौरान किसी प्रकार की कोई अव्यवस्था सामने ना आए, इसके लिए चुनाव कार्मिकों को सतर्क रहकर कार्य करना होगा। निर्वाचन के कार्य में किसी भी तरह की कोई अनियमितता मिलने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। यह बात जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर ने द्वाराहाट के विपिन चंद्र त्रिपाठी इंजीनियरिंग कालेज में बनाए गए निर्वाचन केंद्र के निरीक्षण के दौरान कही। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी मतदान से पूर्व निर्वाचन संबंधी कार्यों की अपनी सभी शंकाओं का समाधान कर लें और मतदान के दौरान पूरी जिम्मेदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। इस दौरान उन्होंने विधानसभा द्वाराहाट, सल्ट तथा रानीखेत के लिए बनाए स्ट्रांग रूम, सुरक्षा व्यवस्था, ईवीएम आदि की जानकारी लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सल्ट, द्वाराहाट तथा रानीखेत विधानसभा के पोलिंग बूथों के लिए मतदान पार्टियां यहीं से रवाना होंगी। जिलाधिकारी ने यहां बनाए गए स्ट्रांग रूम का स्थलीय निरीक्षण भी किया तथा सीसीटीवी व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में नोडल अधिकारी को कई निर्देश दिए।

## वर्ग पहेली-24

**बाएं से दाएं**

2.1. कला पूर्ण शारीरिक मुद्रा 2. स्त्रियों के हाव-भाव या कोमल चेष्टाएं 3. कुटिलता, वक्रता।

4.1. पद्म, कमल 2. स्वर्ण, सोना 3. कनक, धतूरा 4. तांबा 5. सारस पक्षी 6. एक प्रकार का वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण में एक नगण

5.1. दुश्मन या शत्रु होने की अवस्था या भाव, वैमनस्य 2. किसी बात पर होने वाली कहासुनी, अनबन 3. शरीर आदि को अस्वस्थ करने वाली शारीरिक प्रक्रिया, रोग।

6. सुपाड़ी, पुंगीफल।

8.1. बुड्ढा, बूढ़ा, वृद्ध 2. दुर्बल।

9.1. सच्चे होने की अवस्था या भाव, सत्यता 2. किसी बात को सही बतलाना या ठहराना 3. उक्त के पक्ष में स्वीकृति देना, समर्थन 4. प्रमाणित, पुष्टि 5. गवाही।


**ऊपर से नीचे**

1.1. ज़मीन की दूरी नापने का एक मान जो 220 गज़ के बराबर होता है 2. मील का आठवां भाग, 1/8 मील अथवा 201.168 मीटर।

3.1. मिलकियत 2. मालिक या स्वामी होने का भाव 3. धन-दौलत, जायदाद।

5. वह जो नल लगाता

7. उर्दू उच्चारणानुसार वर्तनी (दे. फ़कत)।



### वर्ग पहेली -23 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 ठा | 2 कु | री | | 3 जु | आँ |
| | | सु | | 4 औ | | |
| 5 अ | | मां | | ढ | | 6 म |
| 7 मि | ज़ा | ज | दा | र | | नो |
| ता | | लि | | 8 दा | दु | र |
| | | | | नी | | मा |
| 9 अ | प | ना | ना | | | |

## प्रत्याशियों के चुनाव खर्च पर रखें निगाह

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों के खर्च पर नजर रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग की व्यय प्रेक्षक अंकिता पांडे ने अल्मोड़ा में अधिकारियों की बैठक ली।

व्यय प्रेक्षक ने कहा कि निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता के साथ निभाएं। उन्होंने सभी प्रत्याशियों के छोटे-बड़े खर्चों पर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी प्रत्याशियों के बंद एवं चालू बैंक खातों की मॉनटरिंग की जाए। इस दौरान उन्होंने चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण रूप से करने के लिए सभी दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

# मेले की व्यवस्थाएं की दुरुस्त

संवाददाता, बनबसा

**अमृत विचार :** शारदा बैराज पुलिस ने मां पूर्णागिरी मेले के शुभारंभ के बाद बनबसा मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया। शुक्रवार को शारदा बैराज पुलिस प्रभारी ललित पांडेय की अगुवाई मे बनबसा कैनाल मेला क्षेत्र मे श्रद्धालुओ को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया।

मेला क्षेत्र मे लगी दुकानों को सड़क की एक साइड सही तरीके से लगाया, पुलिस द्वारा मेला क्षेत्र मे बाहर से आए व्यापारियों को सत्यापन कराए जाने हिदायत, घाटों में सुरक्षा की दृष्टिगत टायर ट्यूब लगवाए गए, पार्किंग स्थल में अनावश्यक खड़े ठेला गाड़ी हटाए जाने के साथ क्रमबद्ध तरीके से



मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लेती शारदा बैराज पुलिस।

लगाने की हिदायत दी गई।

इस मौके पर मौजूद सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश कैनाल के एसडीओ प्रशांत कुमार द्वारा मेला क्षेत्र मे बंद पडे शौचालयों को श्रद्धालुओं के लिए खुलवाए गए। पुलिस द्वारा मेला क्षेत्र मे बनाए गए खोया पाया केंद्र में अलाउंसमेंट सिस्टम लगाने के लिए एसडीओ प्रशांत कुमार से वार्तालाप के बाद एसडीओ द्वारा अपने कर्मचारियों से आज शाम तक व्यवस्था पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। शारदा बैराज चौकी प्रभारी ललित पांडेय ने बताया कि मेला क्षेत्र मे सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है पुलिस की प्रथमिकता श्रद्धालुओ को सभी मूलभूत सुविधा मुहैया कराना है।

## हर तोक, हर बूथ के वोटर तक हम जायेंगे

**टनकपुर, अमृत विचार :** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में शत प्रतिशत मतदान किए जाने को लेकर जिला प्रशासन की ओर से निरंतर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं।

शुक्रवार को स्वीप टीम ने जनपद की दोनों विधान सभाओं के विभिन्न बूथों बूथ संख्या 118 सामुदायिक भवन जन्मिलन केंद्र पाटन पाटनी, 99 जीआईसी चौमैल, 121 पाटन पाटनी, 173 डूमडई, 78 नीड़, 50 झालाकुड़ी, 121 सैलानीगोठ, 130 पाऊ, 143 बलाई, 183 नगर बूथ लोहाघाट, में मतदाताओं को जागरूक किया गया। साथ ही महिलाओं द्वारा रंगोली के माध्यम से शत प्रतिशत मतदान की अपील की गई।

## सुडोकू-103

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | | 5 | | 2 | | |
| 4 | | | | 9 | | | 1 | |
| | 2 | | | | 6 | 8 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | | 1 |
| | 8 | | | | | 9 | 7 | |
| 6 | | | 9 | | | 3 | | |
| 7 | | 1 | 8 | | | | 3 | |
| | 4 | | | 7 | | | | 9 |
| | | 5 | | 4 | | | 2 | |

### सुडोकू -102 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 9 | 2 | 5 | 8 | 7 | 6 | 3 |
| 6 | 2 | 8 | 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 4 |
| 5 | 7 | 3 | 6 | 4 | 9 | 2 | 8 | 1 |
| 7 | 3 | 6 | 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 |
| 8 | 9 | 4 | 5 | 2 | 3 | 1 | 7 | 6 |
| 2 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 3 | 4 | 9 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 1 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 5 | 6 | 3 | 2 |
| 3 | 8 | 2 | 9 | 6 | 7 | 4 | 1 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 मार्च, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-पंचमी 21.13 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अनुराधा 22.03 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

**मेष:** आज दोपहर बाद स्थितियां धीरे-धीरे अनुकूल होगी। मन में डर का भाव रहेगा। लोग आपको नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में मान-सम्मान मिलने से प्रसन्नता होगी। अपने विचारों को लोगों से साझा न करें।

**वृष:** आज भविष्य की योजना बना सकते हैं। बौद्धिक क्षमता का कुशल प्रयोग करेंगे। आपके अधिकार और प्रसिद्धि बढ़ेगी। साझेदारी वाले व्यापार में लाभ प्राप्त होगा। आप किसी गंभीर मामले को लेकर साहसिक निर्णय ले सकते हैं।

**मिथुन:** आज चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन काफी शुभ रहने वाला है। अपनी पुरानी गलतियों से सबक लेंगे। किसी पर भी अपने विचारों को लेकर ज्यादा दबाव न बनाएं। आपकी भूमिका समन्वय करने वाले व्यक्ति के रूप में होगी।

**कर्क:** आज मन में विरक्ति का भाव रहेगा। ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से पालन करें। पुराना रोग उभरने की संभावना है। व्यवसाय में कुछ नुकसान की आशंका है। घर के सदस्यों के बीच आपसी तालमेल अच्छा रखें।

**सिंह:** आज मन में विरक्ति का भाव उत्पन्न होगा। माताजी के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। कार्यों में बदलाव करने के प्रयास उचित नहीं है। अपरिचित जनों पर ज्यादा भरोसा न करें। पेट में जलन की समस्या हो सकती है। किसी के साथ वाद-विवाद न करें।

**कन्या:** आज आप दूसरों का हित करने का प्रयास करेंगे जिसके कारण आपकी प्रशंसा होगी। व्यवसाय में नए साझेदार बन सकते हैं। आय के स्रोतों में वृद्धि हो सकती हैं। आपको कोई शुभ सूचना मिलने की संभावना बन रही है। परिवार में कोई बड़ा आयोजन हो सकता है।

**तुला:** आज विवादों का निपटारा करने का प्रयास करें। आलस्य को अपनी जीवनशैली से दूर रखें। लोग आपके अधिकारों पर प्रश्न चिन्ह लगा सकते हैं। धन के उधार लेन-देन नुकसानदेह सिद्ध हो सकता है। छोटे बच्चों की परवरिश को लेकर थोड़े चिंतित रहेंगे।

**वृश्चिक:** आज नई तकनीक का प्रयोग सीखना उचित होगा। परोपकार के कार्यों में आप भाग लेंगे। विवेक पूर्ण लेने से आपको करियर में उत्तम लाभ मिल सकता है। व्यापार वृद्धि के अच्छे योग बन रहे हैं। अपनी सोच को सकारात्मक रखने का प्रयास करें।

**धनु:** आज आपको शारीरिक समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। काम की अधिकता के कारण परिवार को समय नहीं दे पाएंगे। किसी नजदीकी व्यक्ति को लेकर मन दुखी हो सकता है। व्यावसायिक यात्रा कर सकते हैं।

**मकर:** आज नए बिजनेस अनुबंध आपको प्राप्त होने की संभावना है। लोग गंभीर विषयों पर आपसे परामर्श ले सकते हैं। मन में बेचैनी का भाव रहेगा, लेकिन आपके सभी काम बनते हुए नजर आएंगे। प्रेम संबंधों को लेकर काफी संवेदनशील हो सकते हैं।

**कुंभ:** आज परिवार में आपकी प्रशंसा होगी। नई तकनीक का प्रयोग सीखने का प्रयास करेंगे। आप मित्रों के साथ गंभीर विषयों पर चर्चा कर सकते हैं। भावनाओं के बहकर निर्णय न लें। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**मीन:** आज व्यापार के लिए आपको उधार धन लेना पड़ सकता है। संतान के व्यवहार से आपका मन प्रसन्न रहेगा। मन में बेचैनी का भाव हो सकता है। खर्चों के मामलों में आपको सावधान हो जाना चाहिए। सेहत से जुड़े हुए मामलों में धन खर्च करेंगे।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
एक और एक ग्यारह — सुबह : 11.17
धड़कन — रात : 07.00

**&pictures**
सीक्रेट सुपरस्टार — सुबह : 10.51
बुलंदी — शाम : 05.01

**Sony Pix**
ब्राइटबर्न — सुबह : 11.42
वेनम — रात : 07.30

**Zee Cinema**
बच्चन पांडे — सुबह : 08.40
सिंबा — रात : 08.20

**Colors Cineplex**
हिडिंबा — सुबह : 10.51
रथथम — शाम : 04.18

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात : 08.20 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

इंस्पेक्टर-तुम मुर्गियों को क्या खिलाते हो?
पहला मालिक -बाजरा
इंस्पेक्टर-खराब खाना, इसे गिरफ्तार कर लो।
दूसरा-चावल
इंस्पेक्टर-गलत खाना, इसे भी गिरफ्तार कर लो
अब सांता की बारी आई, सांता डरते-डरते बोला- हम तो जी, मुर्गियों को ही 5-5 रुपए दे देते हैं जो तुम्हारी मर्जी है जाकर खा लो।

पति और पत्नी जब दुकान से निकले तो एक फकीर ने कहा-ऐ हुस्न की मल्लिका, अंधे को पांच रूपए दे दे। पति ने पत्नी की तरफ देखा और कहा- दे दे, बिचारा वाकई अंधा है।

असन्त्यागात् पापकृतामपापांस्तुल्यो दण्ड : स्पृशते मिश्रभावात्।
शुष्केणार्द्रंदह्यते मिश्रभावात्तस्मात् पापै : सह संधि नकुर्य्यात्॥

दुर्जनों की संगति के कारण निरपराधी भी उन्हीं के समान दंड पाते हैं,जैसे सुखी लकड़ियों के साथ गीली भी जल जाती है।इसलिए दुर्जनों का साथ मैत्री नहीं करनी चाहिए।

## संपादकीय

# अफस्पा हटाने की योजना

केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर में सितंबर से पहले विधानसभा का चुनाव होगा। सरकार की योजना केंद्र शासित प्रदेश से सैनिकों को वापस बुलाने और कानून व्यवस्था को अकेले जम्मू-कश्मीर पुलिस पर छोड़ने की है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सरकार ने सैनिकों की वापसी के लिए पहले ही एक रोडमैप तैयार कर लिया है और यह प्रक्रिया चुनाव के बाद शुरू की जाएगी। एक मीडिया ग्रुप से मंगलवार को उन्होंने कहा कि पहले जम्मू-कश्मीर पुलिस पर भरोसा नहीं किया जाता था, लेकिन आज के समय में वो केंद्रीय सुरक्षा बलों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है। साथ ही आतंकवाद विरोधी अभियानों का नेतृत्व कर रही है। यानी अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में सामान्य होती स्थिति के बीच केंद्रीय गृहमंत्री शाह द्वारा अफस्पा हटाने का संकेत दिए जाने का स्वागत किया जाना चाहिए। आज राज्य में लोकतांत्रिक प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिए अनुकूल वातावरण बनता दिख रहा है। जानकारों के मुताबिक सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम यानी अफस्पा हटाने का कदम राज्य में विधानसभा चुनाव के अनुरूप राजनीतिक गतिविधियां आरंभ करने में सहायक साबित हो सकता है।

गौरतलब है कि अफस्पा को 1942 में तत्कालीन ब्रिटिश शासकों ने भारत छोड़ो आंदोलन पर अंकुश लगाने के लिए बनाया था, लेकिन देश की आजादी के बाद भी सरकार ने इसे बनाए रखा और साल 1958 में इसे एक अधिनियम के तौर पर अधिसूचित कर दिया गया। 11 सितंबर,1958 को बने इस कानून को पहली बार नागा पहाड़ियों में लागू किया गया था, जो तब असम का ही हिस्सा थीं। उग्रवाद के पांव पसारने के साथ इसे धीरे-धीरे पूर्वोत्तर के तमाम राज्यों में लागू कर दिया गया। इस विवादास्पद कानून के तहत सुरक्षा बल के जवानों को किसी को भी गोली मार देने का अधिकार है। सेना किसी भी व्यक्ति को बिना वारंट के हिरासत में लेकर उसे अनिश्चित काल तक कैद में रख सकती है। सशस्त्र बलों के संचालन को सुविधाजनक बनाने के लिए अफस्पा के तहत किसी क्षेत्र या जिले को अशांत घोषित किया जाता है। जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर राज्यों में विभिन्न संगठनों और व्यक्तियों की ओर से अफस्पा को हटाने की मांग की जाती रही है। गृहमंत्री शाह ने पहले कहा था कि पूर्वोत्तर राज्यों में 70 प्रतिशत क्षेत्रों में अफस्पा हटा लिया गया है, हालांकि यह जम्मू-कश्मीर में लागू है। अब जब उच्चतम न्यायालय जम्मू-कश्मीर में सितंबर से पहले विधानसभा चुनाव कराने का निर्देश दे चुका है, अफस्पा हटाने का विचार जम्मू-कश्मीर के लोगों के बीच बेहद सकारात्मक प्रभाव डालेगा। नागरिक अधिकारों की बहाली से सरकारी तंत्र व नागरिकों के बीच भरोसा बढ़ेगा।

# हैजा पर शोध में भारतीय वैज्ञानिकों का बड़ा काम



**रणवीर सिंह फोगाट**
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

कॉलरा जीवाणु चालाकी करके अपने अंदर एंटीबायोटिक्स को नहीं घुसने देता ताकि अपनी जेनेटिक संरचना में तोड़-फोड़ से खुद को बचा सके और निष्क्रिय न हो पाए। इसने अपनी सूक्ष्म काया के भीतर ऐसा 'आयन-पंप' इजाद कर लिया है जो दवा के मॉलिक्यूल्स को बाहर धकेल देता है। यही ड्रग रेजिस्टेंस है।

हैजा अर्थात् विसूचिका की विभीषिका से भारत के लोग आदिकाल से जूझ रहे हैं। पहले यह व्यापक होता था। अब वैसा नहीं है। मीडिया के लिए रिसर्च करते समय अपने देश से संबद्ध डेटा और अपने देश में प्रकाशित होने वाली कुछ नामी वैज्ञानिक शोध संचार पत्रिकाओं जैसे कि इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च में और इस बारे में शासकीय रिपोर्ट्स, जोकि सन् 1860 के बाद से ही उपलब्ध हैं, जानकारी और कमेंट्रीज उपलब्ध हैं।

कलकत्ता स्थित नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ कॉलरा एंड एंटेरिक डिजीजेज इस पर समर्पित रूप से जीवाणु विज्ञान, बायो केमिस्ट्री, क्लिनिकल मेडिसिन, एपिडेमियोलॉजी, इम्मुनोलॉजी, पैरासाइटोलॉजी और पैथोफिजियोलॉजी शाखाओं में काम कर रहा है। संस्थान में सूक्ष्म जीवाणुओं की रचना और इनके व्यवहार को समझने के लिए संस्थान में इलेक्ट्रान माइक्रोस्कोप की सुविधा भी है। संस्थान ने कॉलरा जीवाणु की जैविकी और जीवन चक्र, संक्रमण के वाहक और स्रोत, वैक्सीन और ड्रग डेवलपमेंट, क्लिनिकल ट्रायल्स, जीवाणु की संततियों या विभेदों की लिस्टिंग और इनके जेनेटिक-मेकअप का ऐतिहासिक डेटा-बेस बनाने और महामारी जैसी स्थिति पैदा होने पर इसे नियंत्रित करने की व्यूह रचना करने में ही नहीं,बल्कि किस मौसम में कैसी वातावरणी परिस्थितियों में भारत में मनुष्यों में हैजा कहां फैल सकता है इसकी मैपिंग करने और चेतावनी सेवा देने में भी अग्रणी रहा है। जैसा कि बीएमसी 'इन्फेक्शस डिजीजेज' में सन् 2023 के सितंबर महीने के अंक में प्रकाशित लेख 'सीजनेबिलिटी ऑफ कॉलरा इन कोलकाता एंड द इन्फ्लुएंस ऑफ़ क्लाइमेट' शोध-समीक्षा पत्र से जाहिर होता है।

इस पर्चे में कोलकाता में सन् 1999 से 2000 तक के 21 सालों में हैजा के प्रकोप से की जानकारी इकट्ठा की गई और इस प्रसंग में यह देखा गया कि महानगर क्षेत्र के लिए वर्ष के किस अरसे में मौसमी अवस्थाओं को प्रभावित करने वाले घटक यथा तापक्रम, वर्षा की मात्रा और इसका पैटर्न एवं कोलकाता के निकट बंगाल की खाड़ी में समुद्र की सतह का तापमान क्या रहा, कैसे इन घटकों में बदलाव होता रहा और हैजा के प्रकोप से इसका क्या संबंध हो सकता है, या नहीं भी हो सकता। मालूम हुआ कि कोलकाता में हैजा का चक्र द्विवर्षीय है। शोध कर्मियों ने यह स्थापित किया कि गर्मी की ऋतु में महानगर की सैंकड़ों छोटी-बड़ी झीलों में और गड्ढों में हैजा के जीवाणु की संख्या और घनत्व बढ़ता है। इसी तर्ज़ पर एक अध्ययन उक्त पर्चे के शोधकर्मियों ने तीन और नए लोगों के साथ मिलकर किया जिससे कलकत्ता में सन् 1897 से लेकर सन 1947 तक के पचास वर्षों में हैजा के प्रकोप और मौसम से इसके संबंध की जांच की गई। इस पर्चे का प्रकाशन 'गट पैथोजेंस' जर्नल के सितंबर 2023 के अंक में हुआ,जो व्यक्ति कोलकाता महानगर के भूगोल से परिचित हैं वे जानते हैं कि शहर में भीतर के इलाकों में तालाबों की बड़ी संख्या है।

> अब तो जेनेटिक इंजीनियरिंग तकनीक से शोध की दिशा ही बदल गई है जिसके इस्तेमाल से सब-यूनिट वैक्सीन और अधिक कारगर एंटीबायोटिक्स बनाई जा रही हैं। कुछेक पर क्लिनिकल ट्रायल किए जा चुके हैं और अन्य संभावित नए मॉलिक्यूल्स पर भी परीक्षण चल रहे हैं।

उदाहरण के लिए सन् 1999 से 2000 के बीच देश के विभिन्न हिस्सों में हैजा फैल जाने के बाद, खासतौर से कलकत्ता और उड़ीसा में,जहां इसका प्रकोप अधिक था,अनेक स्थानों से सैंपल लेकर खालिस जीवाणु को निकाल कर यह मालूम किया गया कि यहां विभेद-0139 ने इसे फैलाया। सन् 2001 के जनवरी महीने में अहमदाबाद में हैजा का प्रकोप तीव्र था,लेकिन यहां से लिए गए सैंपल की जांच से एक अजीब बात यह मालूम हुई थी कि इस बारे यह एक सहवर्ती (कांकोमीटेंट) जीवाणु 'एशिरीशिया कोली' जोकि हमारे उदर में एक मित्र माईक्रोब की तरह निवास करता है, के एक विभेद और विब्रियो-कॉलरी 0139 की मिलीभगत थी। बाद में इन जीवाणुओं की आनुवंशिकी का परीक्षण किया गया तभी विषाक्तता पैदा करने वाले जीन के एक टुकड़े को पढ़ा गया और इसकी भूमिका को जाना गया। इस अध्ययन को 'जर्नल ऑफ़ क्लिनिकल माइक्रोबायोलॉजी' (अमेरिका) के सितंबर 2001 के अंक में प्रकाशित किया गया था। इतना जान लेने के बाद शरीर में पैदा किए जाने वाले टॉक्सिन या विषाक्तता के लिए कौन सी एंटीबायोटिक असरदार होगी यह इस संस्थान ने बताया। कॉलरा के सभी विभेदों के प्रति कारगर हो सके ऐसी वैक्सीन का विकास एक चुनौती है,क्योंकि इसके लिए कौन सा तरीका अपनाना है, यह लंबे समय तक चलने वाले शोध और क्लिनिकल ट्रायल्स से ही मालूम होता है।

कॉलरा के पुराने और नए स्ट्रेन्स अर्थात् विभेदों और इनकी जैविकी पर अनेक तरीके से और नए इनवेस्टिगेटिव टूल्स अपनाकर भारतीय वैज्ञानिक समुदाय ने देश की प्रयोगशालाओं में सूझ-बूझ से मौलिक शोध में बड़ा काम किया है। कॉलरा पर भारतीय और विदेशी मूल के सांइसदानों के पर्चे बायो-मेडिकल रिसर्च जर्नल्स 'लांसेट', 'ब्रिटिश मेडिकल जर्नल' और इन्फेक्शस डिजीजेज पर शोधपत्र एवं निबंध प्रकाशित करने वाली पत्रिकाओं जैसे कि 'जर्नल ऑफ क्लिनिकल माइक्रोबायोलॉजी' के अलावा 'नेचर' जर्नल ने अनेक बार प्रकाशित किए हैं। भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा हैजा और आंत्रशोथ पर ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण काम हुआ है जिसका जिक्र इंडियन रिसर्च फंड एसोसिएशन एवं इसके आधुनिक रूपांतरित नाम भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् के सन् 1948 से लेकर 1964 तक निदेशक रहे डॉ.सीजी पंडित (चिंतामणि गोबिंद पंडित) ने 'माय वर्ल्ड ऑफ़ प्रिवेंटिव मेडिसिन' नाम से प्रकाशित आत्मकथा में जगह-जगह पर किया है।

बायो-मेडिकल साइंस में शोधकार्य को व्यापक रूप से देखने की प्रवृत्ति अभी नॉन-सांइस कम्युनिकेटर्स' में विकसित नहीं हुई है इसमें बहुत मेहनत होती है और समय लगता है। भारतीय वैज्ञानिकों ने देश में संक्रामक रोगों के प्रकट होने, इनका बड़े स्तर पर असर दिखाने और महामारियों में बदल जाने के ऐतिहासिक अध्ययन प्रकाशित किए तभी हैजा पर राष्ट्रीय स्तर के पब्लिक हैल्थ उपायों और शोध संस्थानों के काम की वजह से यह आज नियंत्रण में नजर आता है। हमारे वैज्ञानिकों के काम के प्रति उपेक्षा से 'पब्लिक ट्रस्ट' भी कभी बन नहीं पाता और मीडिया द्वारा महत्व दिए बिना एक आम धारणा कि हमारे वैज्ञानिक विश्वस्तरीय काम नहीं करते हैं, कैसे टूटेगी? शोधकार्य जारी रखने के लिए 'इंस्टिट्यूशनल फ्रेमवर्क' के भीतर जो धनराशी और सुविधाएं इन्हें दी जाती हैं, उनका वे भरपूर इस्तेमाल करते हैं, इसका भरोसा कैसे होगा? देश में सैनिटेशन को बढ़ावा देकर हैजा, सालमोनेला और शिगेला की रोकथाम के लिए स्वच्छता अभियान चलाया गया था, लेकिन अपर्याप्त सहयोग के कारण इसके नतीजे वैसे नहीं निकल रहे जैसे अपेक्षित थे। संक्रामक रोगों के बने रहने की असली वजह दूषित वातावरण, पानी और दूषित खाद्य-पदार्थ हैं।

कॉलरा जीवाणु चालाकी करके अपने अंदर एंटीबायोटिक्स को नहीं घुसने देता ताकि अपनी जेनेटिक संरचना में तोड़-फोड़ से खुद को बचा सके और निष्क्रिय न हो पाए। इसने अपनी सूक्ष्म काया के भीतर ऐसा 'आयन-पंप' इजाद कर लिया है जो दवा के मॉलिक्यूल्स को बाहर धकेल देता है। यही ड्रग रेजिस्टेंस है। कॉलरा जीवाणु के नए विभेद पहले वाले 01 -विभेद से अधिक खतरनाक हैं। इनका तोड़ ढूंढा जा रहा है। इसी सिलसिले में वैज्ञानिक डॉक्टर शंभूनाथ डे ने कलकत्ता मेडिकल कॉलेज में शोध करके कॉलरा टॉक्सिन की खोज सन 1946 में की थी। टॉक्सिन को निरस्त या बे-असर करने के लिए आगे जो कुछ हुआ उसकी नींव इन्हीं के काम पर रखी गई है। बेंगलुरु की इंडियन अकादमी ऑफ़ साइंसेज ने अपने 'करंट साइंस' जर्नल का जुलाई, 1990 का एक अंक डॉक्टर शंभूनाथ दे और कॉलरा टॉक्सिन की खोज और संबंधित सामग्री के प्रकाशन के लिए समर्पित किया था।

अब तो जेनेटिक इंजीनियरिंग तकनीक से शोध की दिशा ही बदल गई है जिसके इस्तेमाल से सब-यूनिट वैक्सीन और अधिक कारगर एंटीबायोटिक्स बनाई जा रही हैं। कुछेक पर क्लिनिकल ट्रायल किए जा चुके हैं और अन्य संभावित नए मॉलिक्यूल्स पर भी परीक्षण चल रहे हैं। ऐसा इसलिए कि वर्तमान में उपलब्ध वैक्सीन दीर्घकाल तक हैजा फैलाने वाले विषाणु के सभी विभेदों के विरुद्ध इम्युनिटी प्रदान नहीं करती।

## प्रसंगवश

# गुड फ्राइडे: ईसा को याद करने और खुद को तराशने का दिन



> ईसा कहते हैं,"बुराई की चपेट में आने से डरो। अच्छाई के रास्ते के लिए तो निडर ही बनो,भले मिट जाओ"। गुड फ्राइडे बताता है,जो मृत्यु है,वही तो विस्तार है। ईसा के इस मार्ग पर हमेशा चलेंगे।

उन्होंने कहा कि अपने ही कंधों पर इस सलीब को खींचकर ले चलो। वह अपने कंधों पर नंगे पैर इस सलीब को खींचकर ले जाने लगे, नंगे पांव को नुकीले कंकर और कांटे चूमने लगे। उन्हें सलीब पर बांधा गया। हथेलियों को कीलों से सलीब पर रोका गया। फिर सलीब को खड़ा किया गया। वह शरीर जो सलीब से टांक दिया गया था, हवा में झूल उठा। उनके सिर पर कांटों का मुकुट पहनाया गया और यह सब करने वाले उन पर हंस रहे थे।

उनकी मृत्यु को हल्का किया जा सके,उसे त्याग की श्रेणी में रखा न जाए,इस योजना के तहत उनके दोनों तरफ दो चोरों को भी सूली पर लटकाया गया,ताकि यह केवल राजदंड लगे और तीनों अपराध की श्रेणी में आए मगर हुआ क्या।

सूली पर बीच में झूलता शरीर आखिरी बार बुदबुदाया। ईश्वर से प्रार्थना की,इन्हें माफ कर देना, यह नहीं जानते कि यह क्या कर रहे हैं और आंखें बंद होने लगीं। उस सलीब पर से खून से रिसते होठों से जो प्रार्थना निकली, उसने पूरी राजशाही के ही नहीं,बल्कि पूरी सभ्यता के पांव उखाड़ दिए और दुनिया को संदेश दे दिया कि विचार के लिए मृत्युदंड नहीं,बल्कि पुरस्कार है। सत्य, न्याय और भाईचारे के मार्ग पर चलना,मृत्यु को अपना दोस्त मानकर चलना है, इन विचारों को जिंदा रखने के लिए मरना पड़ता है।



**हफीज किदवई**
लेखक

वह दिन तो गुड फ्राइडे या कहिए ग्रेट फ्राइडे था। अब बताइए दो चोरों के साथ उस शरीर को मिटा देने वालों ने कभी सोचा था कि उनके शहर से हजारों किलोमीटर दूर,जंगलों में,पहाड़ों में, रेगिस्तानों में, बर्फ में, भयंकर गर्मी में,भयंकर बारिश में भी उस ईसा को आज भी याद किया जाएगा और उनको कष्ट देने वालों का नाम लेवा भी नहीं होगा,जो भी उन्हें याद करेगा,बदबख्त कहकर याद करेगा और ईसा को,ईसा तो घर-घर पहुंच गए।

मैं अक्सर सोचता हूं कि यदि उस दिन ईसा के समर्थकों ने भयंकर विरोध करके ईसा को बचा लिया होता। रोते हुए वह मंजर चुपचाप न देखा होता,तो क्या होता। तब दुनिया कैसे मृत्यु के महान को पाती,तब कैसे विचारों के लिए त्याग के नए दरवाजे खुलते। ईसा मसीह ने बतला दिया कि यदि विचार शुद्ध, सत्य और न्यायसंगत हैं और मानवता के कल्याण के लिए है तो अपनी मृत्यु की चिंता मत करना,बल्कि उन विचारों को फैलाना, क्योंकि ईश्वर की यही मंशा है।

गुड फ्राइडे ईसा के त्याग को याद करने का दिन और खुद को तराशने का दिन है। तुम मृत्यु से मत डरो,तुम दंड से मत डरो,तुम मुंह फेरती भीड़ से मत डरो,तुम अपने समर्थकों की खामोशी से मत डरो, तुम अकेलेपन से मत डरो, तुम बदनामी से मत डरो, तुम डरो, खूब डरो की कहीं प्रेम मार्ग, कहीं न्याय मार्ग,कहीं अहिंसा मार्ग, कहीं मानवता,कहीं संवेदनशीलता के मार्ग से डिग न जाओ, इससे डरो।

ईसा कहते हैं,"बुराई की चपेट में आने से डरो। अच्छाई के रास्ते के लिए तो निडर ही बनो,भले मिट जाओ"। गुड फ्राइडे बताता है,जो मृत्यु है,वही तो विस्तार है। ईसा के इस मार्ग पर हमेशा चलेंगे। भले ही वह बहुत कम लोग हों,मगर यह रास्ता तो अब नहीं छूटने का,गुड फ्राइडे का मंत्र तो अब जीवनपर्यंत रहना है...

# चुनौती बनता मानसिक अवसाद



**सीमा अग्रवाल**
मेरठ

> देखा गया है कि कई बार प्रारंभिक जीवन के बुरे अनुभव,हादसे और घटनाएं मन को इतना प्रभावित करती हैं कि उनके असर से इंसान मानसिक बीमार हो जाता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार स्वास्थ्य का अर्थ केवल बीमारी न होना और शारीरिक सेहत से नहीं होता,बल्कि स्वास्थ्य सामाजिक, मानसिक और शारीरिक तीनों से जुड़ा है। इन तीनों में जहां भी व्यक्ति कमजोर है वहां वो अस्वस्थ माना जाता है। उसे सेहतमंद नहीं कह सकते। अच्छी सेहत वाला व्यक्ति वो है,जो इन सभी मानकों पर खुश है और हर स्तर पर अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभा रहा है,जो जीवन में सामान्य तनावों का सामना करने में सक्षम है। उत्पादक तरीके से काम करता है। अपने समुदाय में योगदान देने में तैयार है। दरअसल मानसिक स्वास्थ्य का संबंध इंसान के भावनात्मक पहलू से है,जो उसके सोचने, समझने, कार्य करने की शक्ति को प्रभावित करता है।

यूं तो मानसिक विकार कई तरह के होते हैं। मसलन डिमेंशिया,तनाव, चिंता, भूलना, अवसाद, डिस्लेसिया आदि,लेकिन इन सभी में अवसाद ऐसा मनोविकार है जिससे पूरी दुनिया त्रस्त है। हर आयु-वर्ग का व्यक्ति आज मानसिक अवसाद के दौर से गुजर रहा है। इस अवसाद के तमाम कारण सामने आ रहे हैं। डब्लूएचओ के अनुसार पिछले एक दशक में तनाव और अवसाद के मामले में 18 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। भारत की करीब 6.5 प्रतिशत से 7.5 प्रतिशत आबादी मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही है।

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने भी मेंटल हेल्थ के मुद्दे के प्रति न्यायपालिका को संवेदनशील होने पर जोर देते हुए कहा कि किसी व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य को वनसाइज फिट फॉर ऑल के दृष्टिकोण से नहीं देखा जाना चाहिए। अच्छी मेंटल हेल्थ हर व्यक्ति का मानवाधिकार है जिससे उसे वंचित नहीं किया जा सकता। गौरतलब है कि मेंटल स्ट्रेस आनुवांशिक,सामाजिक,आर्थिक, पारिवारिक हर तरह की हो सकती है। इस अवस्था से किसी इंसान को बाहर निकालना आज के समय में सबसे बड़ी चुनौती है जिससे डॉक्टर और विशेषज्ञ भी परेशान हैं।

देखा गया है कि कई बार प्रारंभिक जीवन के बुरे अनुभव, हादसे और घटनाएं मन को इतना प्रभावित करती हैं कि उनके असर से इंसान मानसिक बीमार हो जाता है। एक प्रकार के मनोविकारों का शिकार हो जाता है। ये मनोविकार और नकारात्मकता उसके मन व सेहत दोनों को खराब करती जाती है।

मानसिक अवसाद का बड़ा कारण बेरोजगारी और गरीबी भी है। 2011 की जनगणना के अनुसार देखें तो आंकड़े बताते हैं कि मानसिक रोगों से ग्रस्त करीब 78.62 प्रतिशत लोग बेरोजगारी से जूझ रहे हैं। ये आंकड़े इशारा करते हैं कि युवाओं में तेजी से मानसिक अवसाद फैल रहा है। डब्लूएचओ ने 2013 में मानसिक स्वास्थ्य को शारीरिक स्वास्थ्य के बराबर महत्व देते हुए वर्ल्ड हेल्थ एसेंबली में एक व्यापक मानसिक स्वास्थ्य कार्ययोजना को मंजूरी दी थी,जो 2013-2020 तक के लिए थी। इस कार्ययोजना में सभी देशों ने मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की कसम खाई थी। भारत ने भी इस कार्य योजना को अपने यहां लागू किया था,लेकिन आज भी भारत में मानसिक स्वास्थ्य के हालात भयावह हैं। डब्लूएचओ के अनुसार साल 2011 में भारत में मेंटल इलनेस से पीड़ित प्रत्येक एक लाख रोगियों के लिए 0.301 मनोचिकित्सक और 0.07 मनोवैज्ञानिक थे। यह हालत पिछले दस सालों में बहुत बेहतर नहीं हुई है। आंकड़े बताते हैं कि साल 2017 में भारत की विशाल जनसंख्या के लिए मात्र पांच हजार मनोचिकित्सक और 2000 से भी कम मनोवैज्ञानिक थे।

पिछले दिनों डब्लूएचओ ने आगाह किया कि 2024 तक भारत की 20 प्रतिशत से भी अधिक आबादी मानसिक रोगों से पीड़ित होगी। आश्चर्यजनक बात यह है कि मानसिक रोगियों की इतनी बड़ी संख्या के बाद भी भारत में इसे एक रोग के रूप में पहचान नहीं मिल पाई है। यही इसके निदान में चुनौती है। मानसिक विकारों के प्रति भारत में जागरूकता की बहुत कमी है। जागरूकता के इसी अभाव और अज्ञानता के कारण लोगों द्वारा किसी भी प्रकार के मानसिक स्वास्थ्य विकार से पीड़ित व्यक्ति को मंदबुद्धि मान लिया जाता है।

भारत में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी विकारों से जुड़ी सामाजिक भ्रांतियां भी एक बड़ी चुनौती है। भारत में यदि कोई व्यक्ति एक बार किसी मानसिक रोग से ग्रसित हो जाता है तो जीवनभर उसे समाज में बड़े मुश्किल माहौल, हालातों में जीना पड़ता है। उसका समाज की मुख्यधारा में जुड़ना बहुत कठिन हो जाता है। बहरहाल मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर स्थिति में लाने के मार्ग में बहुत चुनौतियां हैं,पर एक सही जागरूकता अभियान से इस स्थिति को सुधारा जा सकता है।

## सोशल फोरम

# निडर बनाता है प्रेम



**रश्मि त्रिपाठी**
गोरखपुर

मेरा अपना अनुभव है कि जीवन में सबकुछ पहले से निश्चित होता है, वरना अगर मैं गांधी से पहले भगत सिंह को पढ़ी होती तो कम से कम मेरी जीवन यात्रा कुछ और होती। खेतों में पौधे रोपते हुए नन्हें भगत से जब उनके पिता ने पूछा 'क्या कर रहे हो भगत?'तो उन्होंने जवाब दिया कि 'बंदूकें बो रहा हूं पिताजी।'ये बात एक छोटे से अध्याय में बचपन में हम सभी ने पढ़ी थी। इससे ज्यादा कुछ उनके विचारों के बारे में मैंने न जाना न जरूरत समझी,जब तक कि एक उन पर लिखी वो एक किताब नहीं पढ़ी थी। पढ़ते हुए उनकी संवेदनशीलता से परिचय हुआ।

मुझे भगत सिंह से इतना प्रेम हो गया था कि मैं उनसे संबधित जो भी मिले सब पढ़ना चाहती थी और पढ़ा भी। 'सीने पर जो जख्म है,सब फूलों के गुच्छे हैं।/ हमें पागल ही रहने दो, हम पागल ही अच्छे हैं।' भगत सिंह की ये पक्तियां मुझे उन पर सटीक लगती थीं। किताब में कहीं नहीं लिखा था कि उनके और दुर्गा भाभी के बीच कोई संबंध था,पर मुझे उसे पढ़कर ये महसूस हुआ कि ये प्रेम तो बेहद सहज और आवश्यक था। वो लोग बेहद नजदीक थे,प्रेम जब दो विचारवान लोगों के बीच होता है तो ज्यादातर उनके मिशन एक ही होते हैं और इस बहाने वे एक दूसरे का साथ पा लेते हैं,करीब रहने के बहाने ढूंढ लेते हैं।

उनका हैट वाला लुक भी उन्हें दुर्गा भाभी ने दिया था। दरअसल सांडर्स को मारने के बाद भगत सिंह और राजगुरु दो दिन के लिए भूमिगत हो गए। दो दिनों बाद वे लोग छिपते-छिपाते लाहौर में दुर्गा भाभी के घर पहुंचे। वहां ही योजना बनी कि उन्हें कलकत्ते भेज दिया जाए, क्योंकि पुलिस हर चप्पे पर थी,इसलिए दुर्गा भाभी ने उनका लुक चेंज करवाया। सूट और हैट में किसी बड़े अधिकारी की तरह और अपने बेटे के साथ उनकी पत्नी बनकर साथ में गईं और राजगुरु नौकर बनकर सामान लेकर गए। उन्हें पढ़ते हुए मैं बेहद आश्चर्य में रहती थी कि इतनी कम उम्र में किसी के पास इतना ज्ञान कैसे हो सकता है? वास्तव में ज्ञान ही हमें प्रेम करना सिखाता है,प्रेम का अर्थ बताता है कि प्रेम सच में एक इंसान की कमजोरी है,अगर वो सच में इंसान है तो प्रेम अवश्य जानता होगा और प्रेम भी हमें निडर बनाता है।

-फेसबुक वॉल से

# गोविंदगढ़ अखाड़ा और ब्रज संगीत की विदाई की बेला



**प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी**
कोलकाता

> अनेक संस्कृति विशेषज्ञ भी थैला उठाए बाजारु बेसुरे ब्रज संगीत के प्रचार में लगे हैं। इस सबसे भिन्न है गोविंदगढ़ अखाड़े का संगीत और उसका प्रदर्शन।

मथुरा में चतुर्वेदियों में उनकी जाति संस्कृति में ब्रज रचा-बसा है। समूची जाति ब्रजभाषा में सोचती है, उसके संस्कारों और आदतों में डूबी रहती है। इस संस्कृति का सबसे शानदार पहलू है होली के बाद तकरीबन एक सप्ताह तक चलने वाला अखाड़ा संगीत। इस संगीत के आयोजन ढोल फूल के मेले तक आगामी दो-तीन दिन तक चलेंगे।

होली के बाद के पहले सप्ताह में जो भी परिवार बुलाता है ये लोग उसके दरवाजे पर जाकर गली में खड़े होकर गाते हैं। सुनने वाले गली और ऊपर की मंजिल से छतों-खिड़कियों में खड़े होकर इसका आनंद लेते हैं। इस संगीत में कोई स्टेज नहीं बनती। बिना स्टेज के कार्यक्रम होता। स्टेज या मंच को कब उन लोगों ने गली के जरिए अपदस्थ कर दिया यह ठीक से बताना मुश्किल है,लेकिन स्टेज का अंत सबसे बड़ा सामंती व्यवस्था विरोधी कदम था। पहले स्टेज और पर्दे दो बहुत बड़ी चीजें थीं,जो कलाओं की प्रस्तुति के समय नजर आती थी।

चौबों में मोहन बाग,गिरधर वाली,गोविंदगढ़, बुद्‌उआ,चौबच्चा,चूढ़ागढ़ ये अखाड़े थे। इनमें से अधिकांश खत्म हो गए हैं। अब सिर्फ गोविंदगढ़ अखाड़ा बचा है। होली के बाद तीन दिनों तक चौपाइयां चलती हैं। इसे स्ट्रीट संगीत कहना समीचीन होगा। अखाड़ा गायन संस्कृति (चौपाई) वस्तुतः ब्रज का स्ट्रीट संगीत है। होली के बाद इस संगीत की टोलियां चौबिया पाड़े में निकलती हैं और उनके यहां कार्यक्रम पेश करती हैं जिनके घर कोई शुभ कार्य हुआ है। मसलन जिनके शुभ कार्य हुआ है,वे लोग उनको निमंत्रित करते हैं और आमंत्रित व्यक्ति के घर पूरी टीम के साथ आते हैं,उसके दरवाजे के बाहर ब्रज के स्वरचित गीतों को गाते हैं।

इस गायन मंडली और गायनशैली की विशेषता है कि उसमें कार्यक्रम गली में ही खड़े-खड़े सुनना होता है। गाने वाले और सुनने वाले खड़े रहते हैं। आसपास के स्त्री-पुरुष-युवा सभी इसमें शिरकत करते हैं, सुनते हैं। आम तौर पर गायन का दर्शकगण अनुकरण करते हैं। इसमें मुख्य टीम में एक सूत्रधार रहता है,जो टीम का नेतृत्व करता है। प्रतिदिन दो से तीन कार्यक्रम यह टीम पेश करती है। इस टीम का सबसे शानदार पक्ष ब्रजभाषा और ब्रज के गीत का शास्त्रीय और अर्द्ध-शास्त्रीय रूप है। नगाड़ा, ढोलक और मंजीरा इन तीन वाद्ययंत्रों का कलात्मक-पेशेवर ढंग से उपयोग करते हैं। ये लोग हर साल कुछ नए गीत जरूर लिखते हैं। यह काम तकरीबन 150 से अधिक सालों से कर रहे हैं। इनके सभी गीत ब्रज के लोकगीत हैं। ये सभी मौलिक होते हैं। इनकी धुनें भी मौलिक होती हैं। इनकी रचनाएं सामूहिक सृजन हैं। कहने को कोई एक व्यक्ति लिखता है,लेकिन ये अपने गीतों को सामूहिक रचना के तौर पर,अखाड़े के नाम से पेश करते हैं। इनके गीतों पर फिल्मी संगीत और लय का कोई असर नजर नहीं आएगा। इस अर्थ में ये फिल्मी पैरोडी के प्रभाव से ब्रज के लोक संगीत और गीतों को बचाए हुए हैं। जबकि हकीकत यह है कि अधिकांश ब्रज का लोक संगीत फिल्मी असर में आकर विकृतिकरण और बेसुरेपन का शिकार हो चुका है। बड़ी संख्या में कान फोड़ु ब्रज संगीत और बेसुरे गायकों की टोलियां फल-फूल रही हैं।

अनेक संस्कृति विशेषज्ञ भी थैला उठाए बाजारु बेसुरे ब्रज संगीत के प्रचार में लगे हैं। इस सबसे भिन्न है गोविंदगढ़ अखाड़े का संगीत और उसका प्रदर्शन। सबसे दिलचस्प बात यह है कि अखाड़ा संगीत पूरी तरह धर्मनिरपेक्ष संगीत है। गीतों में कृष्ण, राधा आदि का जिक्र मिलेगा,लेकिन संगीत में,कला में धर्म का रुपांतरण उसे धर्म नहीं रहने देता। ब्रज संगीत-गीत के धर्मनिरपेक्ष चरित्र की बुनियादी विशेषता है,पूंजीवादी और धार्मिक तर्कों का कला में अस्वीकार। अखाड़ा संगीत का कोई संरक्षक नहीं है। इसका न तो कोई धर्म-संत-महंत संरक्षक है,न कोई सामंत संरक्षक है और न कोई अमीर संरक्षक है और न ही कोई राजनीतिक दल ही इनका संरक्षक है। इस संगीत के सर्जक और संरक्षक हैं अखाड़े के कला सर्जक गायक-संगीतकार आदि। अखाड़ा संगीत की गायन मंडली पैसे के लिए,राजनीतिक प्रचार के लिए, धार्मिक प्रचार के लिए संगीत पेश नहीं करती,बल्कि इसकी रुचि है ब्रज संगीत-गीत की मौलिक सृजन परंपरा को बनाए और बचाए रखना।

अखाड़ा संगीत के कलाकारों को आमतौर पर मीडिया में कोई खास कवरेज नहीं मिलती,इनके कार्यक्रमों में गली-मुहल्ले में रहने वाले सैंकड़ों सामान्यजन जिनमें अधिकतर चतुर्वेदी ही होते हैं। वे श्रोता के रूप में भाग लेते हैं। इन दिनों पर चौपाई परंपरा अपनी अंतिम सांसें ले रही है। अधिकतर अखाड़े खत्म हो गए हैं। अखाड़ों के खत्म होने पर चौबों को कोई तकलीफ भी नहीं है,क्योंकि अधिकतर लोग पूंजीवादी उद्यमशीलता और पूंजीवादी मूल्यबोध की गिरफ्त में आ चुके हैं। इसने इनके अंदर की सांस्कृतिक भूख और उसे पूरा करने के भावबोध को पूरी तरह खत्म कर दिया है।



# दांव-पेच और पाला बदलने का बदलापुर बना आजमगढ़

चीनी मिलों वाला पूर्वांचल का है इलाका इस बार **किसका होगा मुंह मीठा**


मुलायम सिंह और अखिलेश यादव यहां से बन चुके हैं सांसद 2022 के उप चुनाव में भाजपा के दिनेश लाल यादव ने सपा से छीन ली थी सीट




दिग्विजय सिंह, कानपुर

**अमृत विचार।** खाटी समाजवादियों का गढ़ रही आजमगढ़ संसदीय सीट पर 2022 में हुए उप चुनाव में जीत दर्ज करने वाले दिनेश लाल यादव निरहुआ पर भाजपा हाईकमान ने भरोसा जताते हुए फिर से चुनाव मैदान में उतार दिया है। गांव-गांव घूम रहे निरहुआ पूरे जोश के साथ राम मंदिर की स्थापना और मोदी की गारंटी के गीत गा रहे हैं। इसके जवाब में उनसे एक बार फिर मुकाबला करने उतरे सपा नेता धर्मेंद्र यादव लोगों को हार का बदला लेने के लिए सौगंध दिला रहे हैं। उन्हें इस बार जीत का भरोसा है, तो उसकी वजह भी है। पिछले चुनाव में उनकी हार की प्रमुख वजह बने थे बसपा उम्मीदवार गुड्डू जमाली। लेकिन अब गुड्डू जमाली सपा में शामिल हो चुके हैं। इस सीट पर 18 लाख से ज्यादा मतदाता हैं। इसमें मुस्लिम और यादव वोटर सर्वाधिक हैं। इन दोनों का आंकड़ा 40 फीसदी से ज्यादा गिना जाता है।

आजमगढ़ लोकसभा सीट से सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के इस्तीफा देने के बाद हुए उपचुनाव में बसपा प्रत्याशी गुड्डू जमाली को दो लाख 66 हजार से ज्यादा वोट मिले थे। लगभग इतने ही वोट उन्हें 2014 के लोकसभा चुनाव में भी मिले थे, जब वह मुलायम सिंह यादव के खिलाफ चुनाव लड़े थे। उस बार भी गुड्डू जमाली तीसरे नंबर पर रहे थे। दूसरे नंबर पर भाजपा प्रत्याशी रमाकांत यादव थे, जो अब सपा से विधायक बन चुके हैं। अबकी बार गुड्डू जमाली भी सपा के साथ हैं। सपा ने उन्हें एमएलसी बना दिया है। इस कारण समीकरण बदलने की बात कही जा रही है। लेकिन भाजपा ने मोदी के 400 पार संकल्प के चलते इस सीट पर खास फोकस कर रखा है।




### 1984 के बाद नहीं जीती कांग्रेस

- 1952 से 1971 तक कांग्रेस का यह मजबूत गढ़ हुआ करता था, लेकिन 1977 में आपात काल के विरोध में उपजी लहर के कारण यहां से जनता पार्टी के रामनरेश यादव ने जीत दर्ज की थी। हालांकि जब 1978 में चुनाव हुआ तो कांग्रेस की मोहसिना किदवई ने पुन: परचम लहराया लेकिन यह जीत 1980 के चुनाव में बरकरार नहीं रह पाई तब जनता पार्टी सेक्युलर के चंद्रजीत यादव ने यह सीट छीन ली। हालांकि 1984 में कांग्रेस यहां फिर जीती लेकिन इसके बाद से कांग्रेस के उम्मीदवार जीत के लिए तरस रहे हैं।

### विधानसभा चुनाव में खूब दौड़ी साइकिल

- यहां की सगड़ी विधानसभा सीट पर हृदय नारायण पटेल तो मुबाकरपुर सीट पर अखिलेश यादव, गोपालपुर से नफीस अहमद और आजमगढ़ सदर से दुर्गा प्रसाद यादव विधायक हैं। इसी तरह मेहनगर सुरक्षित सीट से पूजा सरोज सपा की विधायक हैं। संसदीय क्षेत्र की सभी पांच सीटों पर सपा के ही विधायक हैं।

### 2009 में पहली बार जीती थी भाजपा

- कई चुनावों तक यह सीट बसपा और सपा के खाते में जाती रही। 1989 के चुनाव में यहां से बसपा के रामकृष्ण यादव जीते थे लेकिन 1991 यह सीट जनता दल के खाते में चली गई थी। जब 1996 में चुनाव हुआ तो सपा के बाहुबली रमाकांत यादव संसद पहुंचे। हालांकि 1998 में बसपा के अकबर अहमद डंपी को यहां जीत मिली पर 1999 और 2004 के चुनाव में यहां से रमाकांत यादव पुन: जीते। हालांकि उनकी सदस्यता खत्म होने के बाद यहां 2008 में उप चुनाव हुआ और बसपा के अकबर अहमद डंपी फिर जीते। 2009 में रमाकांत भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़े थे और पहली बार भाजपा यहां जीत दर्ज करने में कामयाब हुई थी। हालांकि 2014 में जब चुनाव हुआ तो रमाकांत यादव सपा प्रमुख मुलायम सिंह यादव से चुनाव हार गए थे।

### जमाली के जरिए मुस्लिमों को साधने की कोशिश

- रियल स्टेट के बड़े कारोबारी गुड्डू जमाली मुबारकपुर सीट से दोबार विधायक रह चुके हैं। गुड्डू के जरिए सपा ने मुस्लिम मतदाताओं को साधने की कोशिश की है। पार्टी यह मानती है कि 2022 के चुनाव में यदि गुड्डू बसपा से मैदान में न आते तो उप चुनाव में धर्मेंद्र को हार का सामना न करना पड़ता।

### अकबर अहमद डंपी को बसपा बना सकती प्रत्याशी

- चर्चा है कि बसपा आजमगढ़ सीट से अपने पूर्व सांसद अकबर अहमद डंपी को प्रत्याशी बना सकती है। डंपी पहली बार 1996 में तिवारी कांग्रेस के टिकट पर आजमगढ़ लोकसभा से चुनाव लड़े थे और हार गए थे। इसके बाद वह बसपा में चले गए। 1998 का लोकसभा चुनाव बसपा के टिकट पर लड़ा। इस चुनाव में डंपी 5365 वोटों से चुनाव जीतकर संसद पहुंचे थे।

### संसदीय क्षेत्र की सभी पांच विधानसभा सीटों पर सपा का कब्जा

- इस संसदीय क्षेत्र में पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इन सभी पर समाजवादी पार्टी का कब्जा है। बसपा छोड़कर सपा में आए शाह आलम उर्फ गुड्डु जमाली की न सिर्फ मुस्लिम मतदाताओं पर मजबूत पकड़ है बल्कि बसपा के परंपरागत मतदाताओं में भी अच्छी खासी पैठ है। 2022 के उप चुनाव में गुड्डू जमाली ने 2,66, 210 वोट पाकर न सिर्फ सपा उम्मीदवार धर्मेंद्र यादव की जीत में अहम भूमिका अदा की बल्कि बड़े पैमाने पर वे मुस्लिम मतदाताओं को सपा से तोड़ने में कामयाब हो गए थे।
- मुस्लिम मतदाताओं के बड़े वर्ग के बसपा के पाले में जाने से ही निरहुआ जीत गए थे जबकि इससे पहले 2019 में जब लोकसभा का चुनाव हुआ था तो उन्हें सपा प्रमुख अखिलेश यादव के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा था। तब अखिलेश यादव को 6, 21, 578 वोट मिले थे और निरहुआ 3, 61, 704 वोट पर ही सिमट गए थे। 2022 की हार को 2024 में जीत में बदलने के लिए अखिलेश यादव ने गुड्डू जमाली को साइकिल की सवारी देकर एमएलसी बनाया है। अभी बसपा ने इस सीट पर अपने पत्ते नहीं खोले हैं, लेकिन कयास लगाए जा रहे हैं कि पार्टी यहां किसी मुस्लिम चेहरे पर ही दांव लगा सकती है।

# भाजपा के वोट बैंक और आधी आबादी पर नजर

**मुरादाबाद की सियासत**

- रुचि वीरा को उतार सपा का मुस्लिम व पिछड़ा वर्ग के साथ सवर्ण मतों के ध्रुवीकरण पर जोर
- भाजपा की रणनीति मुस्लिम मतों के बिखराव और हिंदू मतों का ध्रुवीकरण अपने पक्ष में कराने की

विनोद श्रीवास्तव, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** मुरादाबाद लोकसभा सीट पर चुनावी बिसात में शह और मात के लिए हर जोर आजमाइश में राजनीतिक दलों के दिग्गज व प्रत्याशी जुट गए हैं। एक दूसरे के वोटों में सेंधमारी के साथ ही अपने परंपरागत मतों पर मुस्तैद निगाहें हैं। सपा ने इस बार मुस्लिम चेहरे की बजाय आखिरी क्षणों में रुचि वीरा को उतारकर हिंदू मतों का भाजपा की ओर ध्रुवीकरण रोकने और आधी आबादी को रिझाने की पुरजोर कोशिश की है।

मुरादाबाद लोकसभा सीट में मुस्लिम मतदाता निर्णायक भूमिका में रहते हैं। लेकिन, भाजपा के हिंदू वोटरों के एकजुट होने से कई बार खेल का रुख पलट जाता है और जीत का पलड़ा कहीं भी झुक जाता है। भाजपा से लगातार चौथी बार मैदान में उतरे पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश कमल खिलाने में जुटे हैं तो सपा ने पहले अपने वर्तमान सांसद डॉ. एसटी हसन को टिकट दिया लेकिन, नामांकन के आखिरी दिन ऐन वक्त पर बिजनौर की पूर्व विधायक रुचि वीरा को पार्टी का सिंबल देकर चुनावी दंगल में उतार दिया। इसके पीछे पार्टी के परंपरागत वोटरों को साधने के साथ ही भाजपा के हिंदू वोटरों में सेंधमारी कर चुनाव को अपने पक्ष में करने की सोच है। वहीं मान्यता प्राप्त दलों में एकमात्र महिला प्रत्याशी होने का लाभ भी सपा लेने में जुटी है। वह आधी आबादी के हक की बात कर उनको रिझाने में जोर लगा रही हैं। ऐसे में रुचि वीरा के आने के बाद दलीय समीकरणों में घालमेल हो गया है। अब सभी एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। सपा की प्रत्याशी ने नामांकन के बाद ही मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में जाने के अलावा मंदिरों में भी मत्था टेकना शुरू कर दिया है। जिससे भाजपा खेमे भी हलचल है। हालांकि भाजपा भी सपा के वर्तमान सांसद डॉ. एसटी हसन का टिकट काटे जाने के बाद उनकी दुखती रग पर हाथ रखकर उनकी नाराजगी का लाभ लेने में पीछे नहीं है। भाजपा मुस्लिम मतों के बिखराव पर जोर दे रही है। सपा के अंदरूनी कलह का लाभ अपने पक्ष में कर कमल खिलाने में भाजपाई रणनीतिकार जुटे हैं। महानगर के अलावा आसपास की विधानसभाओं में भी प्रत्याशियों ने जनसंपर्क में तेजी ला दी है।

### मुस्लिम मतों को जोड़ने में लगी बसपा

- बसपा के प्रत्याशी इरफान सैफी व उनके दल के दिग्गजों की चुनाव लड़ने की रणनीति आक्रामक है। एक तरफ वह पार्टी के परंपरागत वोटरों को सहेज रहे हैं तो दूसरी ओर मुस्लिम मतों खासकर सपा के प्रभाव वाले क्षेत्रों में यह तान छेड़ रहे हैं कि सपा मुस्लिम विरोधी है। ऐसे में बसपा हाथी की चाल को गति देकर चुनाव में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराकर जीत का गणित फिट करने में जुट गई है।

### क्या कहते हैं राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्ष

सपा के प्रत्याशी बदलने का कोई फर्क भाजपा के अभियान पर नहीं है। हम केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ रहे हैं। जाति, धर्म नहीं केवल विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ा जा रहा है। 400 से अधिक सीटें जीत कर तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प जनता ले चुकी है।

**-आकाश पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष**

बहुजन समाज के कैडर वोटरों के अलावा सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की नीति पर बसपा चल रही है। नौ लाख मुस्लिम व 3 .50 लाख दलित मतदाता बसपा के लिए मतदान करेंगे। सपा के प्रत्याशी चयन में अंतर्कलह का लाभ भी बसपा को मिलेगा। इस बार मुरादाबाद सीट से बसपा की जीत होगी।

**-सुनील आजाद, बसपा जिलाध्यक्ष**

जिले में समाजवादी पार्टी की जड़ें मजबूत हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के चेहरे व पार्टी की नीतियों पर चुनाव लड़ रहे हैं। जनता का आशीर्वाद पहले भी सपा को था, आगे भी रहेगा। सपा प्रत्याशी की जीत होगी। भाजपा के कुशासन से जनता ऊब चुकी है।

**-डीपी यादव, सपा जिलाध्यक्ष**

# बिहार में राजद 26, कांग्रेस नौ सीटों पर लड़ेगी चुनाव

चुनाव डेस्क, बरेली

- तमाम कोशिशों के बाद भी कांग्रेस को नहीं मिल सकी पूर्णिया सीट

**अमृत विचार।** महागठबंधन के बीच बिहार में सीटों का बंटवारा हो गया है। कांग्रेस जहां नौ सीटों पर लड़ेगी तो राष्ट्रीय जनता दल के खाते में यहां 26 सीटें आईं हैं। पूर्णिया सीट पर कांग्रेस में शामिल हुए पप्पू यादव चुनाव लड़ना चाहते थे लेकिन यह सीट तमाम कोशिशों के बाद भी कांग्रेस को नहीं मिल पायी। यहां से राजद का उम्मीदवार मैदान में होगा। सीटों के बंटवारे पर बात करें तो 40 लोकसभा सीटों में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) 26, कांग्रेस नौ, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) तीन, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) एक-एक सीट पर चुनाव लड़ेगी।

चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन करने के एक दिन बाद महागठबंधन ने सीटों के बंटवारे का एलान किया। संवाददाता सम्मेलन में राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सदस्य मनोज कुमार झा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह और भाकपा माले, भाकपा और माकपा के के राज्यस्तरीय नेताओं ने संबोधित किया। बिहार विधानसभा में महागठबंधन के नेता तेजस्वी यादव को इस संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करना था लेकिन वह अनुपस्थित रहे। झा ने बताया कि उम्मीदवारों के नामों की घोषणा जल्द ही की जाएगी। उन्होंने दावा किया कि यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया है। महागठबंधन पूरी तरह एकजुट है। राजग को चुनाव में हराएंगे। राजद ने उन सभी चार सीटों गया, औरंगाबाद, जमुई और नवादा पर अपने उम्मीदवार खड़े किए हैं जहां पहले चरण में मतदान होना है। इससे उसके सहयोगी दलों ने नाराजगी जताते हुए इसे एकतरफा कदम बताया था।

### पूर्णिया से बीमा भारती को राजद ने उतारा

भाकपा और माकपा भी क्रमश: बेगूसराय और खगड़िया से पहले ही अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी हैं। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दलों के बीच सीट बंटवारे के फॉर्मूले के अनुसार, राजद ने पूर्णिया सीट भी कांग्रेस से ले ली है। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने महागठबंधन द्वारा औपचारिक घोषणा किए बिना ही जदयू से पाला बदलकर आई बीमा भारती को पूर्णिया से पार्टी का टिकट दिया था। कांग्रेस ने पिछले हफ्ते पूर्णिया से तीन बार सांसद रह चुके पप्पू यादव को पार्टी में शामिल किया था। यादव को इस सीट से टिकट मिलने की उम्मीद थी। उनका दावा था कि इस आशय का आश्वासन उन्हें राहुल गांधी तथा प्रियंका गांधी ने दिया था। पप्पू यादव पूर्णिया से चुनाव लड़ने पर अड़े हैं। कांग्रेस को किशनगंज, कटिहार, पटना साहिब, भागलपुर, सासाराम, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, पश्चिम चंपारण व महाराजगंज सीट मिली है।

# राजस्थान में खरगे व गांधी परिवार के साथ गहलोत, पायलट स्टार प्रचारक

**जयपुर, (भाषा)।** कांग्रेस ने राजस्थान में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। पार्टी के 40 नेताओं के नाम वाली इस सूची में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी व पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का भी नाम है। इसके अलावा सूची में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, सचिन पायलट व कन्हैया कुमार का भी नाम है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर उपलब्ध सूची के अनुसार कांग्रेस के स्टार प्रचारकों में प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी तथा वरिष्ठ नेता मोहन प्रकाश, हेमाराम चौधरी, रघु शर्मा और हरीश चौधरी शामिल हैं। सूची में सूकई विधायकों के भी नाम हैं। कांग्रेस लोकसभा चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र छह अप्रैल को यहां जयपुर में आयोजित एक जनसभा में जारी करेगी।


अशोक गहलोत।


सोनिया गांधी।


मल्लिकार्जुन खरगे।



**बनाया माहौल**

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली जिले की गढ़वाल सीट से उम्मीदवार के पक्ष में रोड शो किया और जनता से आशीर्वाद मांगा। **अमृत विचार**

**अनदेखी** | जिनको टिकट मिला उन्हें जनता ने नहीं चुना सांसद

# महिला सांसद के लिए तरस रहीं सूबे की 34 सीटें

चुनाव डेस्क

**कानपुर।** लोकसभा में सबसे ज्यादा 80 सीटें रखने वाले उत्तर प्रदेश के लिए कहा जाता है कि दिल्ली का रास्ता यूपी से होकर जाता है, महिलाओं का लोकसभा में प्रतिनिधित्व भी बढ़ रहा है। भाजपा ने हाल ही में नारी वंदन बिल पास करके इस आधी आबादी की आवाज बुलंद करने के काम को आगे बढ़ाया है। लेकिन प्रदेश में 34 लोकसभा सीटें ऐसी हैं, जिन पर आज तक कभी कोई महिला प्रत्याशी सांसद नहीं चुनी गई है।

ऐसा नहीं है कि इन लोकसभा सीटों पर राजनीतिक दलों ने महिलाओं को टिकट नहीं दिया। लेकिन जो भी महिला उम्मीदवार चुनाव लड़ीं उन्हें हार का ही सामना करना पड़ा।

महिलाओं के प्रतिनिधित्व से वंचित सीटों में मुरादाबाद, आगरा, सहारनपुर, अमरोहा, बुलंदशहर, एटा, बागपत, गोरखपुर, बलिया, अकबरपुर, बस्ती, भदोही, देवरिया, फैजाबाद, फर्रुखाबाद, फिरोजाबाद, गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर, गाजीपुर, घोसी, हमीरपुर, जालौन, जौनपुर, कौशांबी, कुशीनगर, मछली शहर, मुजफ्फरनगर, नगीना, रॉबर्ट्सगंज, सलेमपुर, श्रावस्ती, संत कबीर नगर, वाराणसी, डुमरियागंज लोकसभा सीटें शामिल हैं।

### कानपुर-बुंदेलखंड में दो महिला प्रत्याशी

- कानपुर-बुंदेलखंड को वीरांगनाओं की धरती कहा जाता है। वीरांगना लक्ष्मीबाई, अजीजन बाई, मैनावती, आजाद हिंद फौज की सेनानी लक्ष्मी सहगल जैसे तमाम नाम इस इलाके में आज भी शौर्य के प्रतिमान हैं। लेकिन महिलाओं की नेतृत्व क्षमता को आगे बढ़ाने में राजनीतिक दलों ने कभी बड़ी दिलचस्पी नहीं दिखाई। यहां तक कि नारी शक्ति वंदन बिल पारित होने के बाद होने जा रहे लोकसभा चुनाव में अभी तक महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने में सभी दल पुराने ढर्रे पर ही नजर आ रहे हैं।
- कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की 10 लोकसभा सीटें आती हैं। भाजपा सभी सीटों पर पार्टी प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। लेकिन महिला प्रतिनिधित्व की बात करें तो फतेहपुर से साध्वी निरंजन ज्योति को ही टिकट मिला है। गठबंधन में सपा ने जो टिकट दिए हैं, उनमें उन्नाव से अन्नू टंडन का ही नाम सामने आया है। कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र का राजनैतिक इतिहास देखें तो भाजपा, कांग्रेस, सपा और बसपा जैसे सभी प्रमुख दल महिलाओं को लोकसभा प्रत्याशी बनाने में हिचकते ही रहे हैं। यही वजह है कि वर्ष 1952 से अब तक इस क्षेत्र से नौ महिलाएं सावित्री निगम, सुशीला रोहतगी, शीला दीक्षित, अन्नू टंडन (सभी कांग्रेस), सुखदा मिश्रा, साध्वी निरंजन ज्योति, कमल रानी वरुण (सभी भाजपा), सुभाषिनी अली (माकपा), डिंपल यादव (सपा) ही संसद में पहुंच सकी हैं।

# आंध्र में तेलुगुदेशम के सभी 17 सीटों पर प्रत्याशी घोषित

**अमरावती, (भाषा)।** तेलुगुदेशम पार्टी (तेदेपा) ने लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को आंध्र प्रदेश के उम्मीदवारों की अंतिम सूची की घोषणा की। सूची में वाईएसआरसीपी के एक सांसद का भी नाम है, जो हाल में पार्टी में शामिल हुए हैं। तेदेपा ने अंगुल से एम श्रीनिवासुलु रेड्डी को मैदान में उतारा है, जिन्होंने हाल में सत्तारूढ़ दल युवजन श्रमिक रायथु कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) छोड़ दी थी। रेड्डी 2019 में वाईएसआरसीपी के टिकट पर अंगुल लोकसभा सीट से निर्वाचित हुए थे। विपक्षी दल तेदेपा ने विजयनगरम से के अप्पलानायडू, अनंतपुर से ए लक्ष्मीनारायण और कडप्पा से सी भूपेश रेड्डी को उम्मीदवार बनाने की घोषणा की है। चार नामों की घोषणा के साथ, तेदेपा ने 17 लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप दे दिया है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल तेदेपा राज्य में 17 लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी। तेदेपा विधानसभा की 144 सीट पर चुनाव लड़ेगी। राज्य में विधानसभा और लोकसभा के चुनाव एक साथ 13 मई को होंगे। गठबंधन के तहत, अभिनेता पवन कल्याण की पार्टी जनसेना दो सीट और 21 विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी। भाजपा लोकसभा की छह सीट पर चुनाव लड़ेगी। आंध्र प्रदेश में लोकसभा की कुल 25 सीट और विधानसभा की 175 सीट हैं।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 1910, राज श्री 1390, फ़ॉर्चून कि. 1820, रविन्द्रा 1860, फॉर्चुन ली0 1670, जय जवान 1495, सचिन 1610, सूरज 1520, अवसर 1650, राग गोल्ड 1695, गृहणी 1605, क्लासिक (किलो) 1790, मोर 1640, चक्र टिन 1725, ब्लू 1725, आशीर्वाद मस्टर्ड 1760, स्वास्तिक 1880 I **किराना :** (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 12000-18000, सोंठ 45000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950 I **चावल :** (प्रति कु0) डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250 I दाल दलहन -मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7150-7700, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9800-10500, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7150, लाल हिंदुस्तान 7250, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10400, मोटा हीरा 11800, अरहर गोला मोटा 12600, अरहर पटका मोटा 13000, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 13800-14300, अरहर कोरी छोटी 15000 I चीनी - डालमियां 4040, पीलीभीत 4000, नवाबगंज 3980 (नयी), बहेड़ी 4000 (नयी) I

# 40,000 फ्रेशर्स को नौकरी दे सकती है टीसीएस, छात्रों से प्रार्थना पत्र मांगा

## 2024 में पासआउट छात्रों को मौका मिलेगा, 11 लाख तक सालाना पैकेज का ऑफर

**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारत की टेक कंपनी टीसीएस यानी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज फ्रेशर्स को नौकरी देगी। कंपनी ने 2024 के बीटेक, बीई, एमसीए, एमएससी और एमएस के छात्रों से एप्लिकेशन मांगी हैं। हालांकि, अभी तक इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि फ्रेशर्स के लिए कितनी सीटें उपलब्ध हैं। पिछले साल, यह बताया गया था कि 40,000 तक वैकेंसीज उपलब्ध थीं।

टीसीएस ये हायरिंग तीन कैटेगरी- नींजा, डिजिटल और प्राइम में करेगी। निंजा कैटेगरी को 3.36 लाख, डिजिटल को 7 लाख और प्राइम को 9 लाख से 11 लाख सालाना पैकेज मिलेगा। इन कैटेगरी में जॉब के लिए आवेदन करने की आखिरी तारीख 10 अप्रैल है और टेस्ट 26 अप्रैल को होगा। टीसीएस के मैनेजमेंट ने जनवरी में कहा था कि वित्त वर्ष 2024-25 से लिए फ्रेशर्स की रिक्रूटमेंट प्रोसेस शुरू हो चुकी है। कंपनी अभी कॉलेजों में विजिट कर रही है। कंपनी ने आर्ट, कॉमर्स और साइंस ग्रैजुएट्स के लिए भी हायरिंग शुरू की है। इन्हें बिजनेस प्रोसेसिंग स्पेशलिस्ट के तौर पर हायर किया जा रहा है। टीसीएस वेबसाइट के करियर पेज के अनुसार, सभी आवेदकों को 14 अप्रैल से पहले रजिस्टर होना होगा।

टीसीएस में कर्मचारियों की संख्या तीसरी तिमाही के अंत में 10,669 घटकर 603,305 रह गई थी। टीसीएस 12 अप्रैल को वित्त वर्ष 2024 के लिए अपने चौथी तिमाही के वित्तीय नतीजों की रिपोर्ट जारी करेगी। इसमें एट्रीशन की जानकारी भी शामिल होगी। टीसीएस के चीफ एचआर मिलिंद लक्कड़ ने दिसंबर में कहा था, हमने अगले साल के लिए अपनी कैंपस हायरिंग प्रोसेस शुरू कर दी है और नए लोगों के बीच टीसीएस जुड़ने के लिए जबरदस्त उत्साह देखा है। तब उन्होंने हायरिंग की संख्या नहीं बताई थी। उन्होंने कहा था संख्या बड़ी होगी। भारत की दिग्गज आईटी फर्म टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज इस साल 40,000 नई हायरिंग करेगी। कंपनी यह हायरिंग कैंपस प्लेसमेंट के जरिए करेगी। टीसीएस के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर एन. गणपति सुब्रमण्यम ने इस बात की जानकारी दी है।

## एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स को मिली नाम बदलने की अनुमति

**नयी दिल्ली।** एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स (एलटीएफएच) का नाम कंपनी पंजीयक (आरओसी) से अनुमोदन के बाद बदलकर एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड कर दिया गया है। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एलएंडटी फाइनेंस का मुख्यालय मुंबई में है। इसे पहले एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स के नाम से जाना जाता था और यह एक अग्रणी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) है, जो वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की एक श्रृंखला पेश करती है। एलएंडटी फाइनेंस के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुदीप्त रॉय ने कहा कि चार दिसंबर, 2023 से विलय के बाद कंपनी की नई ब्रांडिंग पहल सरलीकृत 'एकल ऋण इकाई' के निर्माण के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# आर्थिक सशक्तिकरण को वित्तीय समावेशन जरूरी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को महिला उद्यमियों से कहा कि वे डिजिटल प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर छोटे व्यवसाय को मजबूत बनाने और बदलाव का अगुवा बनने में मदद करें। फिक्की लेडीज ऑर्गेनाइजेशन (एफएलओ) के 40वें वार्षिक सत्र को संबोधित करते हुए ठाकुर ने कहा कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण को प्राप्त करने के लिए वित्तीय समावेशन और डिजिटल होना महत्वपूर्ण है।

ठाकुर ने कहा, "महिलाओं को आर्थिक वृद्धि का एक बड़ा हिस्सा बनना चाहिए। महिलाओं को सशक्त बनाना, उनकी चिंताओं को दूर करना और उनकी आवाज को उठाना वर्तमान सरकार की प्राथमिकता है।" उन्होंने कहा कि 1.2 लाख स्टार्टअप और 110 यूनिकॉर्न के साथ भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र है। एक अरब डॉलर से अधिक मूल्यांकन वाली स्टार्टअप कंपनी को यूनिकॉर्न कहा जाता है। उन्होंने कहा, "अगले तीन साल में जब भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होगा तो महिलाओं का योगदान कहीं अधिक होगा।" उन्होंने कहा कि छोटे व्यवसायों के डिजिटल होने पर वे बदलावों के अनुरूप खुद को ढाल सकेंगे।

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 67500 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 66500 |
| सिल्वर (पक्की) | 745 (अनुमानित) |

## हल्द्वानी मंडी

**दाम प्रति किग्रा. में चावल :** शरबती- 98 मसूरी- 90 बासमती- 130 I दाल दलहन : काला चना- 108-120 साबुत चना दाल- 95 मूंग साबुत- 94-120 राजमा- 145 दाल उड़द- 116 साबुत मसूर दाल- 73-94 मसूर दाल- 73-112 उड़द साबुत- 113 काबुली चना- 63-90 अरहर दाल- 112-157 लोबिया/करमानी- 81 सोयाबीन- 42-60 मूंगफली- 77 मटर (सूखी)- 49 मक्का- 19 I

## जयश्री दास फिक्की महिला संगठन की अध्यक्ष बनीं

**नयी दिल्ली।** जयश्री दास वर्मा ने उद्योग मंडल फिक्की महिला संगठन के 41वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला है। एफएलओ दक्षिण पूर्व एशिया का सबसे पुराना महिला केंद्रित कारोबारी संगठन है। वर्मा को इजराइल ने पूर्वोत्तर भारत के लिए अपना मानद वाणिज्यदूत नियुक्त किया है। वह मानव संसाधान फर्म काप्रो मैनेजमेंट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड की निदेशक भी हैं। उन्होंने कहा, मैं फिक्की एफएलओ का 41वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नेतृत्व करने के लिए सम्मानित महसूस कर रही हूं।

# फोनपे के यूजर अब यूएई में कर सकेंगे यूपीआई

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की यात्रा करने वाले फोनपे ऐप के यूजर अब यूपीआई से भुगतान कर सकेंगे। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि मशरेक के नियोपे टर्मिनल पर यूपीआई से पेमेंट कर सकते हैं। ये कई रिटेल स्टोर, डाइनिंग आउटलेट के साथ-साथ पर्यटक और घूमने-फिरने की मशहूर जगहों पर उपलब्ध हैं। आसान और तुरंत पेमेंट करने के लिए, यूजर को सिर्फ़ क्यूआर कोड स्कैन करना होगा।

ये लेनदेन, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफ़ेस (यूपीआई ) के ज़रिए पूरे किए जाते हैं। सभी लेनदेनों की प्रक्रिया भारतीय रुपये में की जाती है। ऐसा पारदर्शिता और भारतीय पर्यटकों को सहूलियत देने के लिए किया जाता है। इसके अलावा, वे प्रवासी भारतीय भी फोनपे ऐप डाउनलोड कर सकते हैं जिनके पास यूएई के मोबाइल नंबर हैं और पेमेंट की सुविधा का इस्तेमाल करने के लिए, वे अपने मौजूदा एनआरई और एनआरओ खाते लिंक कर सकते हैं। इसका उद्देश्य भारतीय प्रवासियों के लिए यूएई में लेनदेन को ज़्यादा आसान और सुविधाजनक बनाना है।

# यूएसएसडी आधारित कॉल फॉरवर्डिंग को 15 अप्रैल से बंद करने के निर्देश

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने दूरसंचार कंपनियों से 15 अप्रैल से यूएसएसडी आधारित कॉल फॉरवर्डिंग को बंद करने के लिए कहा है। एक आधिकारिक आदेश में यह भी कहा गया कि वैकल्पिक तरीके के जरिये इन सेवाओं को फिर से चालू किया जा सकता है।

मोबाइल फोन के जरिये होने वाली धोखाधड़ी और ऑनलाइन अपराधों पर लगाम लगाने के लिए इस संबंध में एक आधिकारिक आदेश जारी किया गया है। मोबाइल ग्राहक अपने फोन स्क्रीन पर कोई भी सक्रिय कोड डायल करके यूएसएसडी सेवा का उपयोग करते हैं। इस सेवा का इस्तेमाल अक्सर आईएमईआई नंबर और मोबाइल फोन शेष राशि समेत अन्य जानकारी पता लगाने के लिए किया जाता है।

विभाग ने 28 मार्च के एक आदेश में कहा कि उसके संज्ञान में आया है कि एसएसएसडी (अनस्ट्रक्चर्ड सप्लीमेंट्री सर्विस डेटा) आधारित कॉल फॉरवर्डिंग सुविधा का दुरुपयोग कुछ अनुचित गतिविधियों के लिए किया जा रहा है।

आदेश के मुताबिक, ''इस संबंध में, सक्षम प्राधिकारी ने यह फैसला किया है कि सभी मौजूदा यूएसएसडी आधारित कॉल फॉरवर्डिंग सेवाओं को 15 अप्रैल, 2024 से अगली सूचना तक बंद कर दिया जाए।'' आदेश में कहा गया है कि सभी मौजूदा ग्राहक जिन्होंने यूएसएसडी-आधारित कॉल फॉरवर्डिंग सेवा सक्रिय की है, उन्हें वैकल्पिक तरीकों से फिर से कॉल फॉरवर्डिंग सेवाओं को सक्रिय करने के लिए कहा जा सकता है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### भारत ने वैश्विक कौशल सर्वेक्षण पर जोर दिया

**नयी दिल्ली।** भारत ने जी-20 के रोजगार कार्य समूह की बैठक में ग्लोबल स्किल मैपिंग- वैश्विक कौशल सर्वेक्षण पर बल देते हुए कहा है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर श्रम गतिशीलता के लिए एक प्रणाली विकसित की जानी चाहिए। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि ब्राजील की राजधानी ब्राज़ीलिया में रोजगार कार्य समूह की दूसरी बैठक को संबोधित करते हुए भारत ने वैश्विक कौशल सर्वेक्षण पर बल दिया है। बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व केंद्रीय श्रम एवं रोजगार सचिव सुमिता दावरा कर रही हैं। उन्होंने कहा कि लंबे समय से प्रतीक्षित वैश्विक कौशल सामंजस्य की प्राप्ति की दिशा में पहला कदम आईएलओ और ओईसीडी ने वैश्विक कौशल सर्वेक्षण की व्यवहार्यता अध्ययन के संदर्भ की शर्तों (टीओआर) का मसौदा तैयार करने के साथ उठाया गया है।

### बीरेंद्र सिंह के कांग्रेस में शामिल होने के आसार

**जींद।** हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को छोड़कर कांग्रेस का दामन थामने वाले पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह के बाद उनके पिता पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के भी कांग्रेस में शामिल होने के आसार हैं। राज्य में होने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर यहां पत्रकारों से बातचीत में पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने दावा किया कि जब वह कांग्रेस में शामिल होंगे तो उनके साथ हरियाणा के दो मौजूदा विधायक भी कांग्रेस में शामिल होंगे। लेकिन ये विधायक कौन होंगे, इस बारे में बताने से इनकार कर दिया।

### प्रचार गीत 'मोदी संग बिहार' जारी किया

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बिहार इकाई ने लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के प्रचार के वास्ते शुक्रवार को गीत ''मोदी संग बिहार'' जारी किया। ''मोदी संग बिहार'' शीर्षक वाला यह गीत राज्य में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों पर प्रकाश डालता है। इसमें प्रधानमंत्री की गारंटी का भी जिक्र है। भाजपा नेता विनोद तावड़े ने बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा सहित कई पार्टी नेताओं की उपस्थिति में यह प्रचार गीत जारी किया।

# ईडी केजरीवाल के फोन से आप की चुनाव रणनीति की जानकारियां लेना चाहती है

## आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी ने शुक्रवार को आरोप लगाया

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता आतिशी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राजनीतिक हथियार के तौर पर काम कर रहा है और वह दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का फोन हासिल कर 'आप' की लोकसभा चुनाव की रणनीति जानना चाहता है। वहीं, भाजपा ने आतिशी के आरोपों पर पलटवार करते हुए पूछा कि केजरीवाल और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया बार-बार फोन क्यों बदलते हैं।

'आप' के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में 21 मार्च को ईडी ने गिरफ्तार किया था तथा वह एक अप्रैल तक केंद्रीय जांच एजेंसी की हिरासत में हैं। आतिशी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि ईडी की केजरीवाल के मोबाइल फोन की जांच करने की जिद यह साबित करती है कि एजेंसी भाजपा के ''राजनीतिक हथियार'' के रूप में काम कर रही है।

उन्होंने दावा किया कि यह मोबाइल फोन कुछ महीने पुराना है तथा यह तब नहीं था जब नीति बनायी व लागू की गयी थी। केजरीवाल सरकार में मंत्री आतिशी ने कहा ''दरअसल, यह भाजपा है न कि ईडी जो यह जानना चाहती है कि केजरीवाल के फोन में क्या है।'' उन्होंने दावा किया कि आबकारी नीति 2021-22 में लागू की गयी और मुख्यमंत्री का मौजूदा फोन महज कुछ महीने पुराना है। आतिशी के अनुसार, ईडी ने कहा है कि उस वक्त का केजरीवाल का फोन उपलब्ध नहीं है और अब वह उनके नए फोन का पासवर्ड चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया, 'वे इसलिए फोन चाहते हैं क्योंकि वे इसमें 'आप' की लोकसभा चुनाव की रणनीति, प्रचार अभियान की योजनाओं, 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं के साथ बातचीत की जानकारियां और मीडिया तथा सोशल मीडिया रणनीति से जुड़ी सूचना ढूंढ लेंगे।''



हुबली में होली के मौके पर रंगों में सरोबार होकर नृत्य करतीं युवतियां। ● एजेंसी

## चुनावी घोषणा के बाद सी-विजिल एप पर मिलीं 79 हजार शिकायतें

**नई दिल्ली, एजेंसी**

चुनाव आयोग ने सी-विजिल एप को आचार संहिता का उल्लंघन को चिन्हित करने के लिए एक प्रभावशाली उपकरण बताया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद से इस एप के माध्यम से 79 हजार से अधिक शिकायतें मिलीं है। आयोग ने आगे बताया कि 99 प्रतिशत से अधिक शिकायतों का समाधान कर दिया गया है। उनमें से 89 प्रतिशत का समाधान 100 मिनट में किया गया है। आयोग ने बताया कि 58,500 शिकायतें अवैध बैनर होर्डिंग्स को लेकर दर्ज की गई थी, जबकि 1,400 शिकायतें पैसे, उपहार बांटने और शराब वितरित करने के संबंध में थे। वहीं तीन प्रतिशत शिकायतें संपत्ति नष्ट को लेकर थी।

# जब कानून अपना काम शुरू करता है तो कुछ लोग सड़कों पर उतर आते हैं : उपराष्ट्रपति

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने विपक्ष पर स्पष्ट रूप से निशाना साधते हुए शुक्रवार को कहा कि जो लोग सोचते थे कि वे व्यवस्था से परे हैं, उन्हें अब जवाबदेह ठहराया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि कानून जब अपना काम शुरू करता है तो कुछ लोग सड़कों पर उतर आते हैं।

धनखड़ ने आश्चर्य जताया कि कानून का उल्लंघन करने वाला कोई व्यक्ति कैसे 'पीड़ित कार्ड' खेलता है। उनकी टिप्पणी कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में रविवार को आम आदमी पार्टी (आप) की प्रस्तावित रैली की पृष्ठभूमि में आई है। रैली में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दलों के कई नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। कांग्रेस ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर लोकतंत्र को तबाह करने के लिए आयकर विभाग, ईडी और सीबीआई जैसी संस्थाओं के दुरुपयोग का आरोप लगाया है।


## अभद्र भाषा पर सिद्धरमैया के बेटे के खिलाफ निर्वाचन आयोग में शिकायत

**बेंगलुरु, एजेंसी**

भाजपा ने शुक्रवार को निर्वाचन आयोग में शिकायत दी, जिसमें आरोप लगाया गया कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के बेटे यतींद्र सिद्धरमैया ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर हमला करने के लिए ''अपमानजनक शब्दों'' का इस्तेमाल करके आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया है। भाजपा की राज्य इकाई ने निर्वाचन आयोग को लिखे एक पत्र में पूर्व विधायक के खिलाफ आरोप लगाया और कहा कि उन्होंने आचार संहिता का उल्लंघन किया है। यतींद्र सिद्धरमैया ने पूरी तरह से निंदनीय बयान दिया है और यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर निजी हमला है।''

# केवल मोदी, शाह ही देश की सभी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं : एचडी देवेगौड़ा

**बेंगलुरु, एजेंसी**



पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा ने शुक्रवार को कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के अलावा कोई नेता नहीं है जो राष्ट्रीय स्तर पर सभी समस्याओं का समाधान कर सके। जनता दल (सेक्युलर) के संस्थापक ने कर्नाटक में सभी 28 लोकसभा सीटें जीतने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए अपनी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता को रेखांकित किया।

देवेगौड़ा (91) की पार्टी जद (एस) पिछले साल सितंबर में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल हुई थी। राज्य में सीट-बंटवारे के समझौते के तहत, भाजपा 25 निर्वाचन क्षेत्रों में और जद (एस) तीन निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव लड़ेगी। देवेगौड़ा ने पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता बी एस येदियुरप्पा की भूमिका को बहुत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि अतीत में जो कुछ भी हुआ उन्हें भूल जाना चाहिए।'' भाजपा-जद (एस) की समन्वय बैठक में देवेगौड़ा ने कहा, ''हमारे प्रतिद्वंद्वी बहुत मजबूत हैं। जब तक हम अतीत की बातें और मतभेद नहीं भुलाएंगे यह मत सोचिए कि हम सभी 28 सीटें जीतने जा रहे हैं।'' देवेगौड़ा ने कहा कि मोदी के अलावा इस देश में कोई नेता नहीं है। एक दशक तक प्रधानमंत्री के रूप में सेवा करते हुए वह देश के चप्पे-चप्पे से वाकिफ हैं। जद (एस) संस्थापक ने कहा, केवल मोदी और शाह ही ऐसे दो नेता हैं जो राष्ट्रीय स्तर पर सभी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं।

## ओखा में होवरक्राफ्ट इकाई संरचना का रक्षा सचिव ने किया उद्घाटन

**नयी दिल्ली।** रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने शुक्रवार को गुजरात के ओखा में भारतीय तटरक्षक के लिए होवरक्राफ्ट रखरखाव इकाई के वास्ते आधारभूत संरचना का उद्घाटन किया। श्री अरमाने ने गुरुवार और शुक्रवार को पश्चिमोत्तर क्षेत्र में भारतीय तटरक्षक सुविधाओं का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ओखा में होवरक्राफ्ट रखरखाव इकाई के लिए आधारभूत संरचना का उद्घाटन किया। रक्षा सचिव को ओखा में 200 मीटर की जेट्टी के निर्माण कार्य के बारे में भी जानकारी दी गई। उन्होंने राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा में भारतीय तटरक्षक भूमिका की सराहना की।

# जयशंकर और यूक्रेन के विदेश मंत्री कुलेबा से वैश्विक मुद्दों पर चर्चा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रूस-यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के प्रयासों के बीच यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा गुरुवार को भारत पहुंचे। यह उनकी भारत की पहली यात्रा है। शुक्रवार को उन्होंने केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की। हैदराबाद हाउस में जयशंकर ने यूक्रेनी विदेश मंत्री का स्वागत किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है।

विदेश मंत्री जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा,



हैदराबाद हाउस में यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा का स्वागत है। उन्होंने कहा कि, हमारे बीच वैश्विक मुद्दों पर चर्चाएं होंगी। डिमित्रो कुलेबा के साथ बैठक में जयशंकर ने कहा, "हाल के महीनों में हमने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। मुझे यह देखकर खुशी हुई कि हमने अपने रिश्तों को थोड़ा गहरा किया। आज इस चर्चा के बाद हम अंतरसरकारी आयोग की चर्चा का इंतजार कर रहे हैं। आपकी यात्रा से हमें आपके क्षेत्र में की स्थिति के बारे में जानने का मौका मिला। हमारी टीम ने इसपर चर्चा के लिए एजेंडा तैयार किया है। यूक्रेनी विदेश मंत्री कुलेबा ने कहा, भारत और यूक्रेन पारंपरिक मित्र रहे हैं। लेकिन मुझे ऐसा लगता है कि हम इससे भी बढ़कर कुछ कर सकते हैं। न केवल अपने राष्ट्र के हितों के लिए बल्कि वैश्विक विकास के लिए भी करना चाहिए।

## अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +1.979 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +1.047 |
| राजस्थान रॉयल्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +0.800 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | +0.675 |
| पंजाब किंग्स | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | +0.025 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | -0.711 |
| गुजरात टाइटंस | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | -1.425 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 02 | 00 | 02 | 00 | 00 | -0.528 |
| मुंबई इंडियंस | 02 | 00 | 02 | 00 | 00 | -0.925 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | -1.000 |

## खेल डायरी

### बोपन्ना-इबडेन मियामी ओपन के फाइनल में

**मियामी।** भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके आस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू इबडेन की जोड़ी ने यहां मार्सेल ग्रैनोलर्स और होरासियो जेबालोस पर सीधे सेट में जीत से मियामी ओपन के पुरुष युगल फाइनल में प्रवेश किया। बोपन्ना और इबडेन को गुरुवार रात सेमीफाइनल में स्पेन के ग्रैनोलर्स और अर्जेंटीना के जेबालोस की जोड़ी पर 6-1, 6-4 की जीत के दौरान पसीना नहीं बहाना पड़ा। फाइनल में बोपन्ना और इबडेन का सामना क्रोएशिया के इवान डोडिग और अमेरिका के ऑस्टिन क्राजिसेक की जोड़ी से होगा। जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में जर्मनी के केविन क्रावेट्ज और टिम पुट्ज की जोड़ी को मात दी।

### आयरलैंड में तीन टी-20 मैच खेलेगा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को आयरलैंड के साथ तीन टी-20 मैचों की शृंखला की तारीखों का ऐलान कर दिया है। पीसीबी की घोषणा के अनुसार तीनों मुकाबले 10 से 14 मई तक डबलिन के कैसल एवेन्यू में खेले जाएंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद एक रिपोर्ट में कहा गया है कि जुलाई 2020 में दो देशों के बीच टी-20 शृंखला निर्धारित की गई थी, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण यह दौरा नहीं हो सका था। पाकिस्तान, अमेरिका और वेस्ट इंडीज में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप 2024 के लिए अपनी तैयारी के मद्देनजर अपनी फॉर्म को बेहतर बनाने के लिए 12 टी-20 मैच खेलेगा।

### अमेरिका ने कोरी एंडरसन को टीम में किया शामिल

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने कनाडा के साथ होने वाली पांच टी-20 मैचों की सीरीज के लिए न्यूजीलैंड के पूर्व ऑलराउंडर कोरी एंडरसन को टीम में शामिल किया है। अमेरिका क्रिकेट के अनुसार सभी मुकाबले सात से 13 अप्रैल तक ह्यूस्टन, टेक्सास में खेले जायेंगे। मोनांक पटेल शृंखला में अमेरिका के कप्तान होंगे तथा एरोन जोन्स को उप-कप्तान बनाया गया है। अमेरिका और वेस्टइंडीज के सह-मेजबानी में जून में आयोजित होने टी-20 विश्वकप के मद्देनजर यह शृंखला अमेरिकी टीम के लिए महत्वपूर्ण है। इसके अलावा अमेरिका मई में बंगलादेश के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज भी खेलेगा।

### मोंटे कार्लो और म्यूनिख में नहीं खेलेंगे एंडी मरे

**लंदन।** एंडी मरे मियामी ओपन मे लगी टखने की चोट के कारण लंबे समय तक टेनिस से दूर रहेंगे जिससे तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन की प्रबंधन टीम ने शुक्रवार को पुष्टि की कि वह मोंटे कार्लो और म्यूनिख में आगामी क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में नहीं खेल पायेंगे। मोंटे कार्लो मास्टर्स सात अप्रैल से शुरू होगा जबकि म्यूनिख में बीएमडब्ल्यू ओपन अगले हफ्ते से खेला जायेगा। मियामी ओपन के एक मैच के दौरान रविवार को उनके बायें टखने की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था और इस 36 साल के खिलाड़ी ने अगले दिन घोषणा की कि वह लंबे समय तक टेनिस नहीं खेल पायेंगे। मरे रविवार को टोमास माचाक के खिलाफ मैच में टखना मुड़ा बैठे थे और यह मुकाबला 5-7, 7-5, 7-6 (5) से हार गये थे।

### फ्रांस ने पेरिस ओलंपिक के लिए विदेशी सैन्य मदद मांगी

**पेरिस।** फ्रांस का कहना है कि उसने 46 देशों से पूछा है कि क्या वे इन गर्मियों में पेरिस ओलंपिक की सुरक्षा में मदद के लिए दो हजार से अधिक पुलिस अधिकारी मुहैया कराने के लिए तैयार हैं। आयोजक संभावित हमलों के खिलाफ कड़ी सतर्कता बरतते हुए एक सदी में फ्रांसीसी राजधानी के पहले खेलों के लिए सुरक्षा योजना को अंतिम रूप दे रहे हैं। आंतरिक मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि विदेशी सुरक्षा सहायता के लिए अनुरोध जनवरी में किया गया था जिसमें लगभग दो हजार 185 सुरक्षाकर्मियों की मांग की गई थी। मंत्रालय ने कहा कि अधिकारियों से खेलों की सुरक्षा और 'दर्शकों के अनुभव' तथा 'अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने' में मदद मांगी गई है।

### पंकज आडवाणी और डेविड कोजियर अंतिम 16 में

**मुंबई।** भारत के विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी और इंग्लैंड के डेविड कोजियर ने लगातार तीसरी जीत के साथ शुक्रवार को यहां अखिल भारतीय सीसीआई बिलियर्ड्स क्लासिक 2024 के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। बेंगलुरू के आडवाणी ने मुंबई के रेयान राजमी को ग्रुप ए मुकाबले में 603-418 से हराया। आडवाणी ने 235 के ब्रेक के साथ शुरुआत की और फिर 90 के ब्रेक के साथ जीत दर्ज की। राजमी ने 93 और 124 के ब्रेक बनाए। राजमी भी दो जीत के साथ अंतिम 16 में पहुंचने में सफल रहे। कई विश्व खिताब जीतने वाले इंग्लैंड के कोजियर ने 203, 124, 160, 152, 162, 93 और 70 के ब्रेक के साथ ग्रुप सी मैच में महाराष्ट्र के महेश जगदाले को एकरफा मुकाबले में 1168-418 से हराया।

# पहली जीत की तलाश में उतरेगी लखनऊ सुपर जायंट्स

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ में आईपीएल के हाईवोल्टेज मुकाबले आज से
- पंजाब किंग्स से इकाना स्टेडियम पर मुकाबला आज

**अमृत विचार:** आईपीएल के इस सत्र में एक मैच खेल चुकी लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) की टीम शनिवार को पहली जीत की तलाश में उतरेगी। अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम पर आज उसकी भिड़ंत पंजाब किंग्स से होगी। पहले मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स से एलएसजी को 20 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। इकाना स्टेडियम में मेजबान टीम ने तैयारियों को आज अंतिम रूप दिया। दिया। आईपीएल के पहले मुकाबले में दिल्ली के खिलाफ जीत और दूसरे मुकाबले में बंगलूरू से मिली हार के बार पंजाब किंग्स एक बार फिर जीत की लय पाने के लिए मैदान में उतरेंगे। रॉजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एलएसजी के गेंदबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। क्रुणाल पंड्या को छोड़कर सभी गेंदबाज फ्लाप साबित हुए।


टी-20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने के दावेदार रवि बिश्नोई कुछ कमाल नहीं कर सके। ओवरसीज प्लेयर नवीन उल हक कोई खास छाप नहीं छोड़ सके। कप्तान केएल राहुल का प्रदर्शन शानदार रहा जिससे टीम प्रबंधन को खासी राहत मिली। चोट से उबरने के बाद 58 रन की शानदार पारी खेली और विकेटकीपर की जिम्मेदारी भी बखूबी निभाई। बल्लेबाजों में क्विंटन डिकॉक, आयुष बडोनी, देवदत्त पडिक्कल को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। मेहमान टीम पंजाब किंग्स को पावरप्ले में तेजी से रन बनाए होंगे। इसके लिए पहले दो मैच में विफल रहने वाले जॉनी बेयरस्टो को अपनी खाई हुई फार्म पानी होगी। साथ कप्तान धवन को भी अपना स्ट्राइक रेट सुधार पाए तो परिणाम शानदार होगा। प्रभसिमरन सिंह अच्छी शुरूआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल सके। हरफनमौला खिलाड़ी सैम करन ने दोनों मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन किया, लेकिनवेगेंदबाजी में कुछ खास नहीं कर सके। विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा भी टी-20 विश्वकप के लिए टीम में जगह बनाने को जुटे है, लेकिन उन्हें विकेट के पीछे और बल्ले से दमदार प्रदर्शन करना होगा तभी चयनकर्ताओं की नजर इन पर पड़ेगी। गेंदबाजी में कागिसो रबाडा को अर्शदीप सिंह और हर्षल पटेल से सहयोग की उम्मीद है। बायें हाथ के स्पिनर हरप्रीत बरार प्रभावी रहे, जबकि लेग स्पिनर राहुल चाहर को अच्छी गेंदबाजी करनी होगी।

### आमने-सामने

- लखनऊ सुपरजायंट्स की 56 रन से जीत- 28 अप्रैल 2023
- पंजाब किंग्स दो विकेट से जीता- 15 अप्रैल 2023
- लखनऊ सुपरजायंट्स 20 रन से जीता- 29 अप्रैल 2022

**लखनऊ सुपरजायंट्स :** केएल राहुल (कप्तान), आयुष बडोनी, मयंक यादव, अरशद खान, एम सिद्धार्थ, अर्शिन कुलकर्णी, के गौतम, क्रुणाल पंड्या, एशटन, टर्नर, यश ठाकुर, क्विंटन डिकॉक, नवीन उल हक, देवदत्त पडिक्कल, निकोलस, पूरन, रवि बिश्नोई, प्रेरक मांकड, शिवम मावी, अमित मिश्रा, काइल मायर्स, मोहसिन खान, युद्धवीर सिंह, डेविड विली, शमर जोसेफ, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुड्डा।

**पंजाब किंग्स :** शिखर धवन (कप्तान), विश्वजीत सिंह, अर्शदीप सिंह, राहुल चाहर, आशुतोष शर्मा, ऋषि धवन, नेथन एलिस, सैम करन, वी कावेरप्पा, जितेश, शर्मा, अथर्व तायडे, तनय त्यागराजन, प्रभसिमरन सिंह, प्रिंस चौधरी, जॉनी, बेयरस्टो, सुबोध भाटी, सिकंदर रजा, कगीसो रबाडा, राइलो रूसो, मोहसिन खान, लिविंगस्टन, क्रिस वोक्स, शशांक सिंह, हरप्रीत बराड, हरप्रीत सिंह, हर्षल पटेल। **मुकाबला 7 :30 बजे से शुरू होगा।**



वेंकटेश अय्यर

# कोहली का अर्धशतक बेकार आरसीबी की 7 विकेट से हार

## केकेआर के वेंकटेश अय्यर ने 50 और सुनील नारायण ने ताबड़तोड़ 47 रन बनाए

बेंगलुरू, एजेंसी

वेंकटेश अय्यर के अर्धशतक और सुनील नारायण की तूफानी पारी से कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग में शुक्रवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को सात विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

आरसीबी के 183 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नाइट राइडर्स ने वेंकटेश (50 रन, 30 गेंद, चार छक्के, तीन चौके) और नारायण (47 रन, 22 गेंद, पांच छक्के, दो चौके) की तूफानी पारियों से 19 गेंद शेष रहते तीन विकेट पर 186 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। नारायण और फिल सॉल्ट (30 रन, 20 गेंद, दो छक्के, दो चौके) ने पहले विकेट के लिए 6.3 ओवर में 86 रन जोड़कर टीम को ताबड़तोड़ शुरुआत दिलाई जबकि वेंकटेश ने कप्तान श्रेयस अय्यर (नाबाद 39 रन, 24 गेंद, दो चौके, दो छक्के) के साथ तीसरे विकेट के लिए 75 रन जोड़कर जीत की राह आसान की। केकेआर इस तरह मौजूदा सत्र में मेजबान टीम को हराने वाली पहली टीम बना। आरसीबी ने इससे पहले कोहली की 59 गेंद में चार छक्कों और चार चौकों से नाबाद 83 रन की पारी की बदौलत छह विकेट पर 182 रन बनाए। कोहली ने कैमरन ग्रीन (33) के साथ दूसरे विकेट के लिए 65 और ग्लेन मैक्सवेल (28) के साथ तीसरे विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी भी की। दिनेश कार्तिक ने अंत में आठ गेंद में तीन छक्कों की मदद से 20 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे केकेआर को नारायण और सॉल्ट ने तूफानी शुरुआत दिलाई। सॉल्ट ने सिराज के पहले ओवर में दो छक्कों और एक चौके से शुरुआत की जबकि नारायण ने तीसरे ओवर में अल्जारी जोसेफ पर दो छक्के मारे। नारायण ने छठे ओवर में यश दयाल को निशाना बनाते हुए उनके ओवर में दो छक्कों और एक चौके से 21 रन जुटाए। केकेआर ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 85 रन बनाए जो मौजूदा सत्र में शुरुआती छह ओवर में किसी टीम का सर्वाधिक स्कोर है।

**बेंगलोर 182/6** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 04

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| विराट कोहली नाबाद | 83 | 59 | 4/4 |
| फाफ डुप्लेसी का स्टार्क बो हर्षित | 08 | 06 | 0/1 |
| कैमरन ग्रीन बो रसेल | 33 | 21 | 4/2 |
| ग्लेन मैक्सवेल का रिंकू बो नारायण | 28 | 19 | 3/1 |
| रजत पाटीदार का रिंकू बो रसेल | 03 | 04 | 0/0 |
| अनुज रावत का सॉल्ट बो हर्षित | 03 | 03 | 0/0 |
| दिनेश कार्तिक रन आउट | 20 | 08 | 0/3 |

**गेंदबाजी :** स्टार्क 4-0-47-0, हर्षित 4-0-39-2, अनुकूल 2-0-6-0, नारायण 4-0-40-1, रसेल 4-0-29-2, चक्रवर्ती 2-0-20-0

**कोलकाता 186/3** — 16 .5 ओवर, अतिरिक्त : 15

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| फिल सॉल्ट का ग्रीन बो विशाख | 30 | 10 | 2/2 |
| सुनील नारायण बो डागर | 47 | 22 | 2/5 |
| वेंकटेश अय्यर का कोहली बो दयाल | 50 | 30 | 3/4 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 39 | 24 | 2/2 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 05 | 05 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** सिराज 3-0-46-0, दयाल 4-0-46-1, जोसेफ 2-0-34-0, डागर 2 .5-0-23-1, विशाख 4-0-23-1

# सिंधू हारीं, सिक्की-सुमित स्पेन मास्टर्स के सेमीफाइनल में

मैड्रिड, एजेंसी



भारत की पीवी सिंधू कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूव शुक्रवार को यहां मैड्रिड स्पेन मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड की सुपानिदा केटथोंग के खिलाफ शिकस्त के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। पिछले साल इस टूर्नामेंट की उप विजेता रहीं सिंधू ने पहले गेम में कई गेम प्वाइंट बचाए लेकिन इसके बावजूद उन्हें थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने 24-26 21-17 22-20 से हरा दिया।

एन सिक्की रेड्डी और बी सुमित रेड्डी की दंपत्ति जोड़ी ने रेहान नोफल कुशारजंतो और लिसा आयु कुसुमावती की इंडोनेशिया की चौथी वरीय जोड़ी को कड़े मुकाबले में 14-21 21-11 21-17 से हराकर मिश्रित युगल सेमीफाइनल में जगह बनाई। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की तीसरी वरीय महिला युगल जोड़ी को हालांकि क्वार्टर फाइनल में ली चिया सिन और टेंग चुन सुन की चीनी ताइपे की छठी वरीय जोड़ी के खिलाफ 13-21 19-21 से हार का सामना करना पड़ा। सिंधू ने दुनिया की 17वें नंबर की खिलाड़ी सुपानिदा के खिलाफ आठ में से पांच मुकाबले जीते हैं और दोनों खिलाड़ियों के बीच पिछले दो साल में कुछ रोमांचक मुकाबले खेले गए हैं। सिंधू की शुरुआती धीमी रही और वह जल्द ही 3-7 से पिछड़ गईं। भारतीय खिलाड़ी ने हालांकि इसके बाद वापसी करते हुए स्कोर 14-10 किया लेकिन सुपानिदा ने एक बार फिर लय हासिल की और सिंधू के नेट पर शॉट मारने पर दो गेम प्वाइंट हासिल किए। सिंधू ने लगातार दो स्मैश के साथ बराबरी हासिल की। सिंधू ने इसके बाद गेम प्वाइंट हासिल किया लेकिन नेट पर गलती करके गेम जीतने का मौका गंवा दिया। इसके बाद स्कोर 23-23 और फिर 24-24 हुआ।

# अफगानिस्तान के मुजीब उर रहमान आईपीएल से बाहर

**बेंगलुरु।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के स्पिन गेंदबाज मुजीब उर रहमान चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से बाहर हो गए हैं। केकेआर ने मुजीब के हमवतन 16 वर्षीय खिलाड़ी अल्लाह गजनफर को टीम में शमिल किया है। वहीं राजस्थान रॉयल्स ने प्रसिद्ध कृष्णा के स्थान पर दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज को अपनी टीम में किया शामिल है। अफगानिस्तान के गजनफर ने इसी महीने की शुरुआत में आयरलैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पर्दापण किया था। हालांकि वह दोनों मैचों में विकेट नहीं मिला।

# चिराग-सात्विक ने तोड़ा साइना नेहवाल का रिकॉर्ड

नयी दिल्ली, एजेंसी



भारतीय बैडमिंटन स्टार चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने 10 सप्ताह तक दुनिया की नंबर वन पुरुष युगल जोड़ी रहने के साथ ही एक नया रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। इससे पहले कोई भी अन्य भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में शीर्ष पर इतने अधिक समय तक कायम नहीं रहा है। चिराग-सात्विकसाईराज ने बैडमिंटन रैंकिंग में शीर्ष पर नौ सप्ताह तक बने रहने के साइना नेहवाल के रिकार्ड को तोड़ दिया है।

एशियाई खेलों के चैंपियन चिराग-सात्विक चाइना मास्टर्स, मलेशिया ओपन और इंडिया ओपन के फाइनल में पहुंचने के बाद इस साल 23 जनवरी को बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (बीडब्ल्यूएफ) विश्व रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर जगह बनाई।

मार्च में फ्रेंच ओपन जीतकर चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने शीर्ष पर अपनी जगह और मजबूत कर ली। फिलहाल लीडरबोर्ड पर चिराग और सात्विक के 1,02,303 अंक हैं। वे दूसरे स्थान पर मौजूद दक्षिण कोरिया के कांग मिन ह्युक और सियो सेउंग जे से 5,000 से अधिक अंक से आगे हैं।



## बॉलीवुड हलचल

# 'बिग बॉस 17' फेम फिरोजा खान यानी खानजादी ने किया चौंकाने वाला खुलासा



**मुंबई, एजेंसी।** पॉपुलर रियलिटी शो बिग बॉस 17 काफी चर्चा में रहा है। इस शो के सभी कंटेस्टेंट शो के खत्म होने के बाद भी चर्चा में बने हुए हैं। बिग बॉस हाउस में फिरोजा खान यानी खानजादी ने लोगों काफी पसंद किया था। अभिषेक कुमार के साथ उनकी केमेस्ट्री काफी पसंद की गई। हालांकि खानजादी फिनाले तक पहुंचने से चूक गईं थीं। खानजादी जल्द ही अनुराग डोभाल के साथ एक म्यूजिक वीडियो में नजर आएंगी। वहीं हाल ही में फिरोजा ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। रैपर ने बताया है कि उनका किडनैप हो गया था। खानजादी ने अपनी किडनैपिंग को लेकर और क्या कुछ कहा आइए आपको बताते हैं। खानजादी ने हाल ही में बॉलीवुड बबल को अपना एक इंटरव्यू दिया है। इस इंटरव्यू में उन्होंने अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर काफी कुछ बताया है। खानज़ादी ने इंटरव्यू के दौरान बताया कि कैसे वह मुंबई शहर में आने और इंडस्ट्री में एंट्री करने के लिए अड़ी हुई थी। जब उनसे पूछा गया कि शहर ने उसके साथ कैसा व्यवहार किया और क्या यह वैसा ही था जैसा उसने सोचा था। इसका जवाब देते हुए खानजादी ने कहा कि "मुझे बोला गया था कि बहुत लोग मिलेंगे। भड़काने की कोशिश करेंगे। तो वैसा ही हुआ। मेरा किडनैप हो गया था।"



# कपिल ने अर्चना पूरन सिंह को बताया लकी चार्म

**मुंबई, एजेंसी।** हाल में ही कपिल शर्मा ने सुनील ग्रोवर की तारीफ में कहा है कि पूरा शो एक तरफ और इनकी (सुनील) फैन फॉलोइंग एक तरफ। इस दौरान कपिल ने अर्चना पूरन सिंह को खुद का लकी चार्म बताया है। बता दें, कपिल जल्दी ही द ग्रेट इंडियन कपिल शो से वापसी करने वाले हैं। यह शो नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया जाएगा। इस शो की यह खासियत है कि सुनील ग्रोवर 7 साल बाद इसमें वापसी कर रहे हैं। उनके और कपिल के बीच सभी मनमुटाव दूर हो गए हैं। कपिल ने शो के प्रमोशनल इवेंट में कहा, 'वह (अर्चना सिंह) हमारी लकी चार्म हैं। हमने 2013 में शो शुरू किया था। उससे पहले मैंने अर्चना जी के साथ कॉमेडी सर्कस में काम किया था। उनकी खासियत यह है कि वो हर तरह से कॉमेडी को समझती हैं। यह उनकी एक कला है। जब वो हमारे सामने बैठती हैं, तो हमें बहुत मजा आता है। इस शो को 11 साल हो गए हैं। मैं इस शो को इतना प्यार देने के लिए सभी का शुक्रिया अदा करता हूं। इस बार हम और जोश के साथ आ रहे हैं।' इस शो में सुनील ग्रोवर 7 साल बाद वापसी कर रहे हैं। 2017 में कपिल और उनके बीच बहुत कहासुनी हो गई थी, जिसके बाद से ही दोनों ने साथ काम करना बंद कर दिया था।

# सलमान खान के कहने पर कैटरीना कैफ ने साइन की फिल्म न्यूयॉर्क



**मुंबई, एजेंसी।** कबीर खान की फिल्म न्यूयॉर्क में कैटरीना कैफ ने काम किया था। हालांकि शुरुआत में वो इस फिल्म में काम नहीं करना चाहती थीं। उन्होंने फिल्म का ऑफर रिजेक्ट भी कर दिया था। लेकिन सलमान खान के कहने पर उन्होंने इस फिल्म के लिए हामी भरी थी। इस बात का खुलासा खुद फिल्म के डायरेक्टर कबीर खान ने हालिया इंटरव्यू में किया है। उन्होंने यह भी बताया कि उस वक्त सलमान और कैटरीना रिश्ते में थे। एक यूट्यूब चैनल को दिए इंटरव्यू कबीर खान ने कहा- पहली फिल्म काबुल एक्सप्रेस की शूटिंग के दौरान मेरी मुलाकात सलमान खान से हुई थी। इसी मुलाकात के बदौलत मेरी दूसरी फिल्म न्यूयॉर्क में कैटरीना की कास्टिंग हुई। दरअसल, इस फिल्म के लिए कैटरीना पहली पसंद थीं। यह यशराज प्रोडक्शन के साथ उनकी पहली फिल्म होने वाली थी। लेकिन पहली मीटिंग में ही वो कहानी सुनकर निराश हो गई थीं। शायद वो किसी लव स्टोरी वाली फिल्म में काम करना चाहती थीं। उस वक्त वो सलमान खान को डेट कर रही थीं। जब सलमान ने कैटरीना से इस मीटिंग के बारे में बात की तो उन्होंने कहा कि फिल्म की कहानी अच्छी है लेकिन शायद उनके हिसाब की नहीं है। फिर सलमान ने डायरेक्टर का नाम पूछा। जब उन्हें पता चला कि डायरेक्टर मैं हूं तो उन्होंने कहा- आंख बंद करके पिक्चर साइन कर लो। मैं उस लड़के से मिला हूं। उसका काम अच्छा है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

# ...उम्मीद है कि भारत में सभी के अधिकार सुरक्षित

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अमेरिका-जर्मनी के बाद अब यूएन की टिप्पणी



भारत समेत कई अन्य देशों में इस साल चुनाव होने जा रहे हैं, जिसको देखते हुए संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के एक प्रवक्ता ने उम्मीद जताई है। उन्होंने कहा कि भारत और जिस भी देश में चुनाव हो रहे हैं, वहां के लोगों के राजनीतिक और नागरिक अधिकारों की रक्षा हो। इसके अलावा, हर कोई स्वतंत्र और निष्पक्ष माहौल में मतदान करने में सक्षम हो।

महासचिव स्टीफन दुजारिक के प्रवक्ता ने ये टिप्पणी गुरुवार को उस समय की जब वह भारत में एक सवाल का जवाब दे रहे थे। उनसे आगामी आम चुनावों से पहले ही दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल गिरफ्तारी और विपक्षी कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों को फ्रीज करने के मद्देनजर भारत में राजनीतिक अशांति पर सवाल किया गया था। डुजारिक ने कहा, 'हमें बहुत उम्मीद है कि भारत में, जैसा कि चुनाव वाले किसी भी देश में होता है, राजनीतिक और नागरिक अधिकारों सहित सभी के अधिकारों की रक्षा की जाएगी और हर कोई स्वतंत्र और निष्पक्ष माहौल में मतदान करने में सक्षम होगा।' संयुक्त राष्ट्र की यह प्रतिक्रिया केजरीवाल की गिरफ्तारी और कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों को जब्त करने पर इसी तरह के सवाल पर अमेरिका द्वारा भी प्रतिक्रिया देने के एक दिन बाद आई है। दरअसल, बुधवार को केजरीवाल की गिरफ्तारी पर टिप्पणी के विरोध में एक वरिष्ठ अमेरिकी राजनयिक को तलब किया गया था। इसके कुछ घंटों बाद, वाशिंगटन ने फिर दोहराया कि यह निष्पक्ष, पारदर्शी, समय पर कानूनी प्रक्रियाओं को प्रोत्साहित करता है।

अमेरिकी राजनयिक को दिल्ली में तलब किए जाने पर अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा, 'मैं किसी निजी राजनयिक बातचीत के बारे में बात नहीं करने जा रहा हूं। लेकिन निश्चित रूप से हमने सार्वजनिक रूप से जो कहा है, वही मैंने अभी यहां से कहा है, कि हम निष्पक्ष, पारदर्शी, समय पर कानूनी प्रक्रियाओं को प्रोत्साहित करते हैं।

## जापानः हेल्थ सप्लीमेंट लेने से पांच की मौत 114 अस्पताल में भर्ती

**टोक्यो।** जापान में हेल्थ सप्लीमेंट लेने से पांच की मौत हो गई, जबकि 114 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोबायासी फार्मास्युटिकल ने पिछले हफ्ते अपने प्रोडक्ट को बाजार से वापस लेने की घोषणा की थी।

आरोप है कि कंपनी मामले में देरी की है। इस हेल्थ सप्लीमेंट को खाकर कुछ लोगों में किडनी संबंधी समस्याएं पैदा हो गई हैं। हालांकि, इसके पीछे के कारण का अबतक पता नहीं चल पाया है।कोबायाशी फार्मास्युटिकल वर्षों से बेनिकोजी उत्पाद बेच रही है। पिछले तीन वर्षों में दस लाख पैकेज बेचे गए हैं, लेकिन 2023 में उत्पादित प्रोडक्ट के साथ यह समस्या सामने आई है। कंपनी ने कहा कि उसने पिछले साल 18.5 टन बेनिकोजी का उत्पादन किया था।

# गिफ्ट किए शेयर की वैल्यू देने वाले की आय में जुड़ेगी

*बदलते समय के साथ लोगों का निवेश का तरीका बदला है। लोग अब ज्यादा रिटर्न पाने के लिए शेयर बाजार का रुख कर रहे हैं। बढ़ी जागरुकता का ही असर है कि लोग अब गिफ्ट में अपने प्रिय जनों को शेयर भी देने लग गए हैं। संभव है कि आपने भी अपने पार्टनर या परिवार के किसी सदस्य को गिफ्ट में शेयर दिया हो, या फिर ऐसा करने की तैयारी कर रहे हों। तो आइए जानते हैं कि गिफ्ट में शेयर देने के मामले में टैक्स के नियम किस तरह से लागू होते हैं...*

### म्यूचुअल फंड गिफ्ट

म्यूचुअल फंड्स गिफ्ट में देना मुश्किल है। पर आप म्यूचुअल फंड्स की यूनिट खरीदने के लिए पैसा नाबालिग के खाते में ट्रांसफर कर सकते हैं। बता दें, इस तरह जब बच्चे 18 साल के हो जाते हैं तो प्रत्येक बच्चे को निधि का अपना हिस्सा प्राप्त होता है। इसकी खास बात है कि आप किसी भी समय अपने निवेश के विकल्प को बदल सकते हैं।



### 50 हजार तक के गिफ्ट पर टैक्स नहीं



शेयर गिफ्ट में मिलने पर अपने ब्रोकर के पास फॉर्म भरकर परिवार के सदस्य या दोस्त समेत किसी को भी शेयर गिफ्ट कर सकते हैं। यदि गिफ्ट जीवनसाथी, बहू या नाबालिग को दिया जाता है, तो उन शेयरों से हुई आय गिफ्ट करने वाले की इनकम में जुड़ेगी। यदि गिफ्ट किसी रिश्तेदार से मिला है, तो इस पर कोई टैक्स नहीं लगता है। लेकिन यदि शेयर या ईटीएफ किसी गैर- रिश्तेदार से गिफ्ट में मिले है और एक वित्त वर्ष में इसकी मार्केट वैल्यू 50 हजार रुपये से ज्यादा है, तो गिफ्ट का पूरा मूल्य टैक्सेबल होगा।

- एफडी गिफ्ट में मिलने पर एफडी किसी को भी गिफ्ट में दी जा सकती है। लेकिन नाबालिग सीधे तौर पर इसके मालिक नहीं हो सकते। नाबालिग के अभिभावक उसके वयस्क होने तक एफडी मैनेज करते हैं। इस मामले में रिश्तेदारों में गिफ्ट देने वाले व्यक्ति के जीवनसाथी, भाई-बहन, जीवनसाथी के भाई- बहन, माता-पिता के भाई-बहन शामिल हैं। यदि आप अपने एफडी अकाउंट से रिश्तेदार के नाम पर पैसा ट्रांसफर करते हैं, तो इस पर देने वाले और पाने वाले पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। लेकिन एफडी से प्राप्त व्याज गिफ्ट देने वाले की टैक्सेबल इनकम में टैक्स लगेगा।

### इस तरह से होगा कैलकुलेशन

टैक्स होल्डिंग समय के हिसाब से लगता है। अगर लिस्टेड शेयर को खरीद तारीख से 12 महीने से कम रखकर बेचा गया है तो मुनाफे पर 15 फीसदी की दर से शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन टैक्स (एसटीसीजी) देना पड़ेगा। 12 महीने के बाद बेचने पर मुनाफे को लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन माना जाएगा। एक लाख रुपये से ज्यादा के मुनाफा पर 10 फीसदी टैक्स लगेगा। दोनों मामलों में सेस और सरचार्ज भी देना होगा। अनलिस्टेड शेयर के मामले में 24 महीने से कम में बेचने पर मुनाफे को शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन, जबकि 24 महीने रखकर बेचने पर लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन माना जाता है।

## एक नजर

### न्यायिक मामलों में कार्यपालिका का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं: काजी फैज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा ने कहा कि न्यायाधीशों के मामलों और न्यायिक कामकाज में कार्यपालिका का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पाकिस्तान की सरकार ने हाईकोर्ट के न्यायाधीशों के कामकाज में खुफिया एजेंसियों के हस्तक्षेप मामले में आरोपों की जांच की घोषणा की है। ये आरोप इस्लामाबाद हाईकोर्ट के छह न्यायाधीशों ने एक पत्र लिखकर लगाए हैं। इसे लेकर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और मुख्य न्यायाधीश ईसा के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक भी हो चुकी है। सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार शाम कहा कि कार्यपालिका की ओर से न्यायपालिका में हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसी भी परिस्थिति में न्यायपालिका की स्वतंत्रता से समझौता नहीं किया जा सकता है।

### रूस में आतंकी हमले में लिप्त ताजिकिस्तान से नौ गिरफ्तार

**दुशांबे।** रूस के मॉस्को के पास क्रोकस सिटी हॉल कॉन्सर्ट में पिछले सप्ताह हमला करने वाले आतंकवादियों से संबंध रखने के आरोप में ताजिकिस्तान में नौ लोगों को हिरासत में लिया गया है। ताजिकिस्तान के खुफिया विभाग के सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों से ताल्लुक के आरोप में राजधानी दुशांबे के एक उपनगर के नौ निवासियों को हिरासत में लिया गया है। सूत्र ने कहा, इस्लामिक स्टेट आतंकवादी संगठन से संबंध रखने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। गौरतलब है कि आतंकी हमले में 143 लोग मारे गए थे, जबकि 100 से अधिक घायल हो गये थे।

### बीएसएफ ने अमृतसर से पाकिस्तानी ड्रोन और हेरोइन बरामद की

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के अमृतसर जिले में एक पाकिस्तनी ड्रोन और एक किलो से अधिक हेरोइन बरामद की है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार को सतर्क बीएसएफ के सैनिकों ने अमृतसर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया। खोज के दौरान, उन्होंने अमृतसर जिले के डौके गांव के पास एक खेत से एक छोटे क्वाडकॉप्टर ड्रोन (डीजेआई माविक 3) को बरामद कर लिया। कार्रवाई के दौरान वहीं एक अन्य घटना में एक पैकेट (कुल वजन - 1.140 किलोग्राम) हेरोइन बरामद की है।

### रूस का यूक्रेन के ऊर्जा संयंत्र पर 99 ड्रोन, मिसाइलों से हमला

**कीव।** रूस ने यूक्रेन के ऊर्जा संयंत्र पर बड़े पैमाने पर किए गए हमले में 99 ड्रोन और मिसाइल का इस्तेमाल किया। यूक्रेन के सशस्त्र बलों ने कहा कि देशभर में हवाई हमले की चेतावनी जारी की गई है, 10 अलग-अलग क्षेत्रों को निशाना बनाया गया। 60 शहीद ड्रोन और विभिन्न प्रकार के 39 मिसाइल से देशभर में हमले किये गए, जिनमें से 58 ड्रोन और 26 मिसाइल को मार गिराया गया। यूक्रेन के सरकारी ग्रिड संचालक ने कहा ऊर्जा संयत्रों सहित बुनियादी ढांचे को जानबूझ कर निशाना बनाया गया।

# अप्रशिक्षित हाथों में एआई नहीं आना चाहिए, इसके दुरुपयोग का खतरा

## पीएम मोदी और बिल गेट्स की बातचीत का वीडियो रिलीज, कई मुद्दों पर की चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने हाल ही में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से लेकर स्वास्थ्य, क्लाइमेट और रीसाइक्लिंग समेत कई मुद्दों पर बेहद खास चर्चा की। पीएम मोदी और बिल गेट्स की इस चर्चा का एक वीडियो शुक्रवार को रिलीज किया गया है। इस वीडियो में पीएम मोदी ने भारत में टेक्नोलॉजी, इनोवेशन और रीसाइक्लिंग को लेकर दिल खोलकर बात की। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिल गेट्स को अपने भविष्य के लक्ष्यों के बारे में भी बताया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगाह किया कि अकुशल, अप्रशिक्षित हाथों में एआई जैसी शक्तिशाली तकनीक नहीं आनी चाहिए। इसके एआई का गलत इस्तेमाल हो सकता है। पीएम मोदी ने विस्तार से बताया कि कैसे भारत ने अपने नागरिकों के लाभ के लिए टेक्नोलॉजी का लोकतंत्रीकरण किया है। जीवन में सुधार के लिए डिजिटल की शक्ति को अपनाया है। उन्होंने विश्वास जताया कि देश चौथी औद्योगिक क्रांति में उल्लेखनीय प्रगति करेगा।



प्रधानमंत्री आवास पर चर्चा करते माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

### पीएम मोदी बोले- भारत युवाओं को नए विचारों से प्रोत्साहित करता है

पीएम मोदी ने बिल गेट्स से कहा कि देश नवीकरणीय ऊर्जा में तेजी से विकास कर रहा है और युवा पीढ़ी को नवीन विचारों के साथ योगदान करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए बजट में 1 लाख करोड़ रुपये के कॉर्पस फंड का प्रावधान किया है। युवा पीढ़ी को अपने नए विचारों में योगदान देने के लिए एक कोष भी स्थापित किया है। जिससे युवाओं को 50 वर्षों के लिए ब्याज मुक्त ऋण मिलता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत पवन और सौर ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में अपनी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को बढ़ाने में तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है।

भारत परमाणु ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन में तेजी से आगे बढ़ना चाहता है। माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स के साथ बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी ने कचरे के पुनर्चक्रण की भारत की संस्कृति के बारे में बात की। पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने जो जैकेट पहनी है, वह रिसाइकिल सामग्री से बनी है। पीएम मोदी ने कहा कि इसकी खासियत यह है कि इसमें कपड़े के छोटे-छोटे टुकड़ों और रिसाइकिल प्लास्टिक की बोतलों का उपयोग किया गया है।

## भारत की परमाणु घड़ी तय करेगी कंप्यूटर स्मार्टफोन पर समय

**बेंगलुरु।** भारत अपने समय में कोई बदलाव किए बिना घरेलू कंप्यूटरों और स्मार्टफोन को देसी रूबिडियम परमाणु घड़ी के साथ जोड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह घड़ी हमारे कंप्यूटर और स्मार्टफोन पर समय निर्धारित करेगी। इसके साथ ही, भारत ऐसा करने वाले चार अन्य देशों के विशिष्ट क्लब में शामिल हो जाएगा।

वर्तमान में इंटरनेट पर भारतीय सिस्टम अमेरिका स्थित नेटवर्क टाइम प्रोटोकॉल से जुड़े होते हैं। यही पूरे कंप्यूटर नेटवर्क पर समय को निर्धारित करता है। इस परमाणु घड़ी को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने विकसित किया है। इसका पहली बार इस्तेमाल भारतीय क्षेत्रीय नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (आईआरएनएसएस) या नाविक में किया गया था। कारगिल युद्ध के दौरान अमेरिका ने जब भारत में जीपीएस पहुंच देने से इनकार किया था, उसके बाद रूबिडियम परमाणु घड़ी को बनाया गया था। 2013 से 2023 के बीच लॉन्च नौ नाविक उपग्रह में आयातित परमाणु घड़ी का इस्तेमाल किया गया था। स्वदेश निर्मित घड़ी का इस्तेमाल पहली बार मई, 2023 में 10वें और नवीनतम संस्करण में किया गया था।

# द. अफ्रीका में श्रद्धालुओं से भरी बस खाई में गिरी, 45 की मौत



खाई में गिरने के बाद जलकर खाक हुई श्रद्धालुओं से भरी बस।

केपटाउन, एजेंसी

- भीषण सड़क हादसे में राहत-बचाव कार्य जारी, एक बच्चा जीवित बचा

दक्षिण अफ्रीका में गुरुवार को ईस्टर उत्सव के लिए श्रद्धालुओं को लेकर जा रही बस एक पहाड़ी दर्रे पर बने पुल से नीचे गिर गई और उसमें आग लग गई जिससे कम से कम 45 लोगों की मौत हो गई। उत्तरी लिम्पोपो प्रांत के प्राधिकारियों ने बताया कि हादसे में केवल आठ साल का एक बच्चा जीवित बचा है जिसका उपचार किया जा रहा है। उसे गंभीर चोट आई है।

लिम्पोपो प्रांतीय सरकार ने बताया कि तलाश अभियान जारी है लेकिन कई शव इतने बुरी तरह जल गए हैं कि उनकी पहचान कर पाना मुश्किल हो गया है और वे अभी बस में ही फंसे हैं। प्राधिकारियों ने बताया कि उनका मानना है कि बस पड़ोसी देश बोत्सवाना से मोरिया शहर जा रही थी जो मशहूर ईस्टर तीर्थस्थल है। उनके मुताबिक ऐसा लगता है कि बस के चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और बस खाई में गिर गई।

राष्ट्रीय परिवहन विभाग ने बताया कि परिवहन मंत्री सिंडिसिवे चिकुंगा एक सड़क सुरक्षा अभियान के लिए लिम्पोपो प्रांत में मौजूद थीं और उन्होंने दुर्घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने बताया कि हादसे की वजह का पता लगाया जा रहा है तथा उन्होंने पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं। दक्षिण अफ्रीका की सरकार ईस्टर की छुट्टियों के दौरान सड़क दुर्घटनाओं के खतरे से अक्सर आगाह करती रहती है।

## हिमस्खलन की चेतावनी...



**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (जेकेडीएमए) ने घाटी के चार जिलों के ऊपरी हिस्सों में अगले 24 घंटों के दौरान हिमस्खलन होने की चेतावनी जारी की है। कश्मीर के कुपवाड़ा, बंदीपोरा, गांदरबल और बारामूला की 2400 मीटर से ऊंची चोटियों पर हिमस्खलन होने का अनुमान है। इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को हिमस्खलन-संभावित क्षेत्रों में न जाने की सलाह दी गई है। घाटी में कुछ ऊंची चोटियों पर ताजा हिमपात हुआ है। इसे देखते हुए की चेतावनी जारी की है। ● एजेंसी

## अमेरिका नस्ल के आधार पर लोगों के वर्गीकरण के तरीके बदल रहा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में 27 वर्षों में ऐसा पहली बार हो रहा है, जब अमेरिकी सरकार नस्ल और नस्ल के आधार पर लोगों के वर्गीकरण के तरीके को बदल रही है। अधिकारियों का कहना है कि इस बदलाव से सटीक जनगणना में मदद मिलेगी। अमेरिका के प्रबंधन और बजट कार्यालय द्वारा गुरुवार को नस्ल और जातीयता के लिए न्यूनतम श्रेणियों में संशोधन की घोषणा की गई है।

यह प्रयास अमेरिका के लोगों को एक समान दर्जा देने की दिशा में उठाया गया कदम है। इससे सामाजिक दृष्टिकोण में बदलाव हो सकता है। इसके अलावा इसका मकसद यह है कि अलग अलग समाजों में रह रहे लोग संघीय सरकार द्वारा जारी किए गए आंकड़ों में खुद को देख सकें।

# जम्मू में गहरी खाई में गिरी एसयूवी, 10 की मौत

बनिहाल/जम्मू, एजेंसी

जम्मू संभाग के जिले रामबन में शुक्रवार को एक एसयूवी फिसलकर खाई में जा गिरी। इस हादसे में दस लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि वाहन श्रीनगर से जम्मू की ओर आ रहा था। देर रात करीब सवा एक बजे जिले के बैटरी चश्मा इलाके में एसयूवी 300 फुट गहरी खाई में गिर गई।

अधिकारियों ने बताया कि दस लोगों की मौत हो गई है। पुलिस और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल के जवान मौके पर हैं। भारी बारिश के बीच 10 यात्रियों के शव देखे गए हैं। उन्होंने बताया कि मृतकों में कार चालक जम्मू के अंब घरोटा के बलवान सिंह (47) और बिहार के पश्चिमी चंपारण के विपीन मुखिया भैरगंग शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि बचाव अभियान चल रहा है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रामबन सड़क हादसे में लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया। एक शोक संदेश में उपराज्यपाल ने कहा, सड़क दुर्घटना के बारे में जानकर मुझे गहरा दुख लगा, जिसमें बहुमूल्य जानें चली गईं।



जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर हादसे के बाद मौजूद बचावकर्मी।

### पीएम ने की दो-दो लाख की सहायता राशि की घोषणा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने कहा कि प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी।

**विज्ञान** एरीज के डॉ. सुवेन्दु रक्षित समेत दुनिया कई वैज्ञानिकों की बड़ी सामूहिक खोज

# सूपर मैसिव ब्लैकहोल की हिचकियों का खुलासा

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** पृथ्वी से लगभग 80 करोड़ प्रकाश-वर्ष दूर खगोलविदों ने सूपर मैसिव ब्लैकहोल के हिचकी लेते रहस्य का पर्दाफाश किया है। यह खोज ब्लैकहोलों में अब तक अनदेखे व्यवहार पर प्रकाश डालती है। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के खगोलविद डा सुवेन्दु रक्षित का महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

डॉ. सुवेन्दु रक्षित ने बताया कि आकाशगंगा के केंद्र में महाविशाल ब्लैकहोल में हिचकियों के समान व्यवहार देखा गया था। यह हिचकियां हर 8.5 दिनों के अन्तराल में गैस उत्सर्जन के आवधिक विस्फोट के रूप में प्रकट होती देखी गई। 2020 से यह आकाशगंगा बेहद शांत थी। बाद में अप्रत्याशित बदलाव ने इस रहस्य से पर्दा हटाने के लिए विज्ञानियों को मजबूर किया। यह खोज पारंपरिक समझ को चुनौती देती है। खोज के मुख्य विज्ञानी कावली इंस्टीट्यूट फॉर एस्ट्रोफिजिक्स एंड स्पेस रिसर्च के डॉ. धीरज पाशम के अनुसार ब्लैक होल के बारे में हमारी जानकारी आज भी पूरी नही है। यह घटना एक तारे के महाविशाल ब्लैक होल के करीब आने से हुई।

जिसमें प्रचंड गुरुत्वाकर्षण ने तारे के टुकड़े कर दिए। यह ज्वारीय व्यवधान घटना होती है। जिसमें ब्लैक होल की डिस्क को उज्ज्वल कर दिया। इस घटना में चार महीनों तक महाविशाल ब्लैक होल तारे के मलबे को खाता रहा। यह खोज ऑटोमेटेड सर्वे फॉर सुपरनोवा (असास-एसएन) रोबोटिक दूरबीनों के नेटवर्क के अलावा नासा के न्यूट्रॉन स्टार इंटीरियर कंपोज़िशन एक्सप्लोरर (नाइसर) दूरबीन की मदद से हुई।



हिचकियां लेते सूपर मैसिव ब्लैकहोल की तस्वीर।

### कई तारे मौजूद हैं इसके चारों ओर



डॉ. सुवेन्दु रक्षित ने बताया कि इस खोज से पता चलता है कि इसकी डिस्क में ब्लैक होल समेत तारे भी शामिल हैं। एक छोटा ब्लैक होल केंद्र में मौजूद सुपरमैसिव ब्लैक होल की परिक्रमा कर रहा है, जो समय-समय पर सूपरमैसिव ब्लैक होल की गैस की डिस्क को बाधित करता है। जिस कारण एक गैस का गुबार उत्पन्न होता है।

# 29 जून से शुरू होगी अमरनाथ यात्रा, 52 दिन चलेगी

- बीआरओ ने दी जानकारी, पहली बार गुफा तक मोटर रोड़, 5जी नेटवर्क जैसी सुविधा मिलेगी

श्रीनगर, एजेंसी



पवित्र अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू हो रही है, जो 52 दिन (19 अगस्त) चलेगी। पिछली बार 1 जुलाई से 60 दिन तक चली थी। इस बार बर्फबारी देर से हुई और अब तक जारी है। गुफा क्षेत्र में 10 फीट से ज्यादा बर्फ है। यात्रा के दोनों मार्ग पहलगाम और बालटाल से गुफा तक 2 से 10 फीट बर्फ में दबे हैं।

इसलिए इसके जून तक पिघलने के आसार कम हैं। ऐसे में सैनिक मार्ग को हर मौसम के हिसाब से तैयार कर रहे हैं। पहली बार दोनों मार्ग पूरी तरह 5जी फाइबर नेटवर्क से लैस होंगे। बर्फ पिघलते ही 10 मोबाइल टावर लगेंगे। 24 घंटे बिजली के लिए ज्यादातर खंभे लग चुके हैं। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने रिपोर्ट जारी कर बताया है कि, बालटाल से गुफा तक का 14 किमी मार्ग 7 से 12 फीट तक चौड़ा हो गया है। ये मोटरेबल रोड है। हालांकि अभी सिर्फ बीआरओ सेना की गाड़ियों को ही अनुमति है। इमरजेंसी में इसी का इस्तेमाल होगा। पिछली बार दोनों मार्गों पर करीब 60 हजार जवान तैनात थे। बीआरओ के अनुसार, इस बार लोकसभा चुनाव में जम्मू-कश्मीर में तैनात होने वाली अर्द्धसैनिक बलों की सभी 635 कंपनियों को वोटिंग के बाद यात्रा में तैनात किया जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, पूरे रूट पर खानपान, रुकने और हेल्थ चेकअप की ज्यादा से ज्यादा व्यवस्था की योजना बना रहे हैं। पहले पहलगाम से गुफा तक 46 किमी लंबा मार्ग 3 से 4 फीट तो बालटाल वाला रूट 2 फीट ही चौड़ा था। अब इसे 14 फीट तक चौड़ा किया गया है। बर्फ हटाने के बाद रूट दुरुस्त किया जाएगा। पिछले बार 4.50 लाख श्रद्धालु आए थे। इस बार आंकड़ा 6 लाख तक जा सकता है। यात्रा कम दिनों की है और भीड़ ज्यादा रहेगी, इसलिए इंतजाम भी ज्यादा किए जा रहे हैं। यात्रा के रजिस्ट्रेशन मई से शुरू होंगे। पूरे 52 दिन यात्रा का लाइव टेलीकास्ट होगा, इसलिए फाइबर लाइन डाल रहे हैं, ताकि कनेक्टिविटी न बिगड़े।

## विदेशी राजदूत के आदेश पर काम करते थे पूर्व राष्ट्रपतिः मुइज्जू

**माले।** मालदीव में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू को अपने ही देश में विरोध का सामना करना पड़ रहा है। सैन्य ड्रोन की खरीद मामले में मुइज्जू को विपक्षी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। दो दिन पहले पूर्व राष्ट्रपति सोलिह ने उन्हें सलाह दी थी कि उन्हें अपनी जिद छोड़कर भारत जैसे पड़ोसियों से संबंधों को बेहतर बनाना चाहिए।

पलटवार करते हुए मुइज्जू ने कहा है कि उनके पूर्ववर्ती राष्ट्राध्यक्ष 'एक विदेशी राजदूत' के आदेश पर काम करते थे। मुइज्जू ने इब्राहिम सोलिह पर आरोप लगाने के बाद किसी देश का नाम नहीं लिया। उन्होंने यह टिप्पणी पब्लिक सर्विस मीडिया (पीएसएम) के साथ इंटरव्यू के दौरान की है। बता दें कि संसदीय चुनावों से पहले मुख्य विपक्षी-मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) ने अगल-अलग मुद्दों पर मुइज्जू पर हमले तेज कर दिए हैं।